# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार 25 मई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 08 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की

# एम्स का स्थापना दिवस आज, आदिवासी संस्कृति की दिखेगी अनूठी झलक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) देवघर में आगामी 25 मई को आयोजित होने वाले स्थापना दिवस समारोह को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इस अवसर पर एम्स परिसर को आदिवासी संस्कृति एवं पारंपरिक कला की अनूठी पहचान से सजाया गया है। विशेष रूप से ऑडिटोरियम परिसर को संथाल समाज की सांस्कृतिक विरासत, लोक जीवन और पारंपरिक कला के रंगों से आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है। संस्थान प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई कि ऑडिटोरियम की दीवारों एवं परिसर को झारखंड की पारंपरिक कला शैली के माध्यम से सजाया गया है। स्थानीय कलाकारों ने अपनी कला के जरिए आदिवासी संस्कृति, प्रकृति, ग्रामीण परिवेश और जनजातीय जीवनशैली को चित्रों में जीवंत रूप दिया है। इन कलाकृतियों से पूरे परिसर में स्थानीय संस्कृति और परंपरा की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इस कार्य को सफल बनाने में सत्संग आश्रम, देवघर का विशेष सहयोग रहा। आश्रम से जुड़े कलाकार पवन राय, सुरेंद्र मंडल, रंजीत मांझी एवं नीती सूदू राय ने अपनी पारंपरिक कला के माध्यम से ऑडिटोरियम को आकर्षक स्वरूप प्रदान किया है।



कलाकारों द्वारा बनाए गए चित्रों में प्रकृति, लोक संस्कृति, पारंपरिक जीवन शैली एवं आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान को उकेरा गया है। एम्स के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) नितिन एम. गंगने ने सत्संग आश्रम, देवघर एवं कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की पारंपरिक कला स्थानीय संस्कृति को सम्मान देने के साथ-साथ मरीजों और आगंतुकों के बीच सकारात्मक संदेश फैलाने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि इन कलाओं के माध्यम से स्थानीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना बढ़ेगी तथा मरीज सेवा के साथ-साथ आदिवासी पहचान और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। स्थापना दिवस समारोह के दौरान संस्थान में कई सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।

# मासूम अदिति का सुराग बताने वाले को मिलेगा एक लाख का इनाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के सदर थाना क्षेत्र से 18 माह की लापता मासूम बच्ची का पता पुलिस नहीं लगा पाई है। इसके बाद रांची पुलिस ने मासूम बच्ची का सुराग देने वाले शख्स को एक लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की है। इससे पहले पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित किया था, जिसे अब दोगुना कर दिया गया है। रांची के सदर थाना क्षेत्र से 18 माह की मासूम बच्ची अदिति पांडे के लापता होने के मामले में रांची पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। बच्ची की तलाश के लिए लगातार छापेमारी और जांच की जा रही है। बावजूद इसके बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इसके बाद पुलिस ने खोरहा टोली से लापता 18 माह की अदिति की जानकारी देने वाले को एक लाख रुपये का इनाम दिए जाने का एलान किया है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को बच्ची के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पता पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। रांची पुलिस की अपील है की 18 माह की मासूम बच्ची अदिति पांडे को सकुशल खोजने में पुलिस का सहयोग करें। आपकी एक सूचना बच्ची को उसके परिवार से मिला सकती है। मासूम अदिति 9 मई की शाम से लापता है। बच्ची के गायब होने के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मां बाप लगातार बच्ची के सुरक्षित घर लौटने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। घर के बाहर लोगों की भीड़ है और हर किसी की जुबां पर सिर्फ एक ही सवाल है कि आखिर अदिति कहां है? पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू पर जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### 17 नक्सलियों के खिलाफ प्राथमिकी

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के कराईकेला थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 नामजद और 10 अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें भाकपा माओवादी संगठन का एक करोड़ रुपये का इनामी नक्सली असीम मंडल उर्फ आकाश भी शामिल है। पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी में असीम मंडल के अलावा मंगल सिंह सरदार, सालुका कायम, पिंकी, कोलेमुनी, सीता और बुड़ई बोदरा को नामजद आरोपी बनाया गया है।

### बसलोई नदी में मिला युवक का शव

**पाकुड़ (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में बहने वाली बसलोई नदी के कौशिक घाट पर रविवार को एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ देखा गया। आसपास के लोगों की मदद से मृतक की पहचान महेशपुर थाना क्षेत्र के हरीशपुर गांव निवासी बद्रीनाथ ठाकुर के 35 वर्षीय पुत्र संजीव ठाकुर के रूप में की गई। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे और शव की पहचान की। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### ससुराल में महिला की संदिग्ध मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के जमुआ थाना क्षेत्र के गांडो गांव में 26 साल की विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला सामने आया है। मृतका का नाम ललिता देवी जबकि उसके पति का नाम पवन यादव है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। कुछ ही देर में मृतका के मायके पक्ष के लोग भी गांव पहुंच गए। ललिता की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

### युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के अल्बर्ट एक्का प्रखंड अंतर्गत जारी थाना क्षेत्र के सकतार गांव में रविवार को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान लक्ष्मण चिक बड़ाइक के 20 वर्षीय पुत्र संजू चिक बड़ाइक उर्फ डेजू के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही एसआई किस्टो राम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक प्रक्रिया शुरू की।

### गोलीबारी मामले में 42 लोगों पर प्राथमिकी

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर शनिवार को हुई खूनी संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। इस मामले में पुलिस ने 42 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है जिसमें 17 नामजद और 25 अज्ञात आरोपी शामिल हैं।

# चांदी की बड़ी खेप के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** नगर थाना की पुलिस ने चांदी की बड़ी खेप जब्त की है। बरामद चांदी लगभग 19 किलो है, जिसका बाजार मूल्य लगभग 50 लाख बताया जा रहा है। साथ ही पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। वहीं एक कार भी जब्त की है। दरअसल नगर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक कार में भारी मात्रा में चांदी लेकर कुछ लोग गिरिडीह पहुंचे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया और इस क्रम में संदिग्ध कार को रोक कर तलाशी ली गई। इस दौरान कार से 19 किलो चांदी की सिल्ली बरामद हुई जिसके बाद पुलिस ने कार में सवार दो लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों आरोपी चांदी की सिल्ली गिरिडीह के किसी जेवर कारोबारी को सप्लाई करने आए थे। पूछताछ में एक व्यक्ति ने खुद को महाराष्ट्र का निवासी बताया है। हालांकि वह हजारीबाग में ही रहता है जबकि दूसरा हजारीबाग का रहने वाला बताया जा रहा है। हालांकि दोनों ने दावा किया है कि उनके पास चांदी से संबंधित सभी वैध कागजात मौजूद हैं। इस संबंध में नगर थाना प्रभारी रतन कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जांच के दौरान एक कार से भारी मात्रा में चांदी बरामद की गई है। मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दो लोगों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है। साथ ही एक कार भी जब्त की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि शुरुआती जांच में दोनों ने खुद को हजारीबाग का निवासी बताया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और वरीय अधिकारियों को मामले की जानकारी दे दी गई है। बरामद चांदी की कीमत करीब 50 लाख रुपये आंकी जा रही है।

# कानून व्यवस्था पर समीक्षा बैठक करेंगी डीजीपी तदाशा मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**रांची।** झारखंड डीजीपी तदाशा मिश्रा 29 और 30 मई को लगातार राज्य के सभी जिलों के एसएसपी, एसपी, रेंज आईजी, डीआईजी समेत मुख्यालय के सीनियर आईपीएस अफसरों के साथ कानून व्यवस्था पर समीक्षा बैठक करेंगी। समीक्षा बैठक के लिए पुलिस मुख्यालय के द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए है। साथ ही मीटिंग का एजेंडा भी तय कर दिया गया है। झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा पहली बार राज्य के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ आमने-सामने बैठकर कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगी। 29 और 30 मई को झारखंड पुलिस मुख्यालय में सभी जिलों के एसएसपी, एसपी सहित तमाम वरीय अफसर मौजूद रहेंगे। दो दिनों तक चलने वाली समीक्षा बैठक का एजेंडा समेत मिनट टू मिनट कार्यक्रम भी तय कर दिया गया है। बैठक को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी किए गए पत्र में बताया गया है कि झारखंड पुलिस मुख्यालय के सभागार में कानून व्यवस्था से जुड़े तमाम एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में एजेंडा नंबर एक के तहत पुलिस महानिरीक्षक अभियान द्वारा कानून व्यवस्था से संबंधित पीपीटी का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। एजेंडा नंबर 2 में सीआईडी के द्वारा राज्य के मुख्य अपराध से संबंधित पीपीटी का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। एजेंडा नंबर 3 में राज्य के वर्तमान नक्सल परिदृश्य से संबंधित पीपीटी प्रेजेंटेशन स्पेशल ब्रांच के द्वारा किया जाएगा। एजेंडा नंबर 4 में नए कानून से संबंधित पीपीटी का प्रस्तुतीकरण पुलिस उप महानिरीक्षक जैप के द्वारा किया जाएगा। एजेंडा नंबर 5 में आरएसएस से संबंधित पीपीटी का प्रस्तुतीकरण पुलिस डीजीपी की बैठक में आगामी श्रावणी मेले को लेकर भी विशेष रणनीति तैयार की जाएगी। देवघर एसपी को श्रावणी मेले के संबंध में विशेष प्रजेंटेशन बनाकर लाने का निर्देश दिया गया है।



# बिहार के मंत्री विजय सिन्हा ने देवघर में की पूजा अर्चना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** बिहार सरकार के कृषि एवं खान-भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। देवघर पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्हें मंदिर परिसर स्थित प्रशासनिक भवन तक पहुंचाया गया। यहां पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उनका संकल्प कराया। मंदिर परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी लगातार व्यवस्था की निगरानी करते नजर आए। मंदिर में प्रवेश से पहले मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शिवगंगा तालाब में पवित्र स्नान और आचमन किया। इसके बाद वे बाबा मंदिर पहुंचे और पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न की। पूजा के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने बाबा बैद्यनाथ धाम से अपने विशेष आध्यात्मिक जुड़ाव का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि जब बिहार और झारखंड एक ही राज्य थे, उस समय उनका उपनयन संस्कार भी देवघर में ही संपन्न हुआ था। उन्होंने इसे अपने जीवन का महत्वपूर्ण आध्यात्मिक स्थल बताते हुए कहा कि यहां आकर उन्हें विशेष आत्मिक शांति का अनुभव होता है। मंत्री ने बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना की कि बिहार और झारखंड दोनों राज्यों का मान-सम्मान देशभर में बढ़े और समाज अराजकता व अशांति से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि बिहार अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और संस्कारों के लिए पूरे देश में जाना जाता है। आने वाले समय में राज्य एक बार फिर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। इस अवसर पर भाजपा के कई स्थानीय कार्यकर्ता और समर्थक भी उनके साथ मौजूद रहे, जिन्होंने मंदिर परिसर में मंत्री का स्वागत किया और पूजा-अर्चना में भाग लिया।



# सनातन को बांटने का काम कर रही है कांग्रेस : मरांडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** दिल्ली में आयोजित हो रहे आरएसएस के आदिवासी समागम के विरोध में कांग्रेस नेता जहां मुखर हैं वहीं झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस और झामुमो के नेताओं पर तीखा हमला बोला है। रांची में भाजपा प्रदेश कार्यालय में बाबूलाल मरांडी ने मीडिया से कहा कि कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य सनातन धर्म को कमजोर करना है। इसके लिए उसके नेता अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। सनातन धर्म अपनी संख्या बढ़ाने के लिए धर्म परिवर्तन नहीं कराता है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोग संस्कार से आदिवासी होते हैं। उनका और सनातन का संस्कार, बात विचार लगभग एक जैसा होता है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अपना धर्म बदल लिया है वह अब कैसे जनजातीय हक और अधिकार की बात कर सकते हैं। ऐसे में सरना हिंदुओं के लिए उसके अधिकार सुरक्षित हो इसके लिए बहुत जरूरी है कि डीलिस्टिंग हो ताकि सरना आदिवासियों को उनका हक और अधिकार मिल सके। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अलग सरना धर्म कोड की मांग कर राहुल गांधी और अन्य कांग्रेसी नेता जनजातीय समुदाय को गुमराह कर रहे हैं जबकि इन्हीं कांग्रेस नेताओं ने अलग-अलग समयों पर पूर्व में सरना धर्म कोड को लेकर क्या-क्या दलीलें दी हैं, यह इतिहास के पन्नों में दर्ज है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अलग सरना धर्म कोड की मांग करने से पहले राहुल गांधी को कान पकड़कर इस बात के लिए माफी मांगनी चाहिए कि लंबे वर्षों तक देश की सत्ता पर आसीन रही कांग्रेस ने जनजातीय समुदाय को अलग से सरना धर्म कोड क्यों नहीं दिया। दो दिन पहले झारखंड कांग्रेस के बड़े आदिवासी नेताओं ने 24 मई को होने वाले आरएसएस के आदिवासी समागम को ढोंग करार दिया था। कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप और राज्य के पूर्व वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव ने एक स्वर में कहा था कि सरना सनातन एक नहीं है और वह कई संस्कारों की वजह से अलग अलग है।




भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA जनगणना से जन कल्याण

गृह मंत्रालय भारत सरकार सत्यमेव जयते

## हमारी जनगणना हमारा विकास

जनगणना 2027 का पहला चरण

मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना

**जनगणना: गोपनीयता की गारंटी**
आपकी जानकारी, पूरी तरह सुरक्षित

- जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत पूरी गोपनीयता
- सुरक्षित सर्वर पर एन्क्रिप्टेड डेटा
- रिपोर्ट में सिर्फ कुल आंकड़े प्रकाशित होते हैं
- नाम-पता किसी को नहीं दिया जाता
- टैक्स, पुलिस या जांच में उपयोग नहीं

**जनगणना 2027**
भरोसा भी, भागीदारी भी
- सही जानकारी दें
- निडर होकर दें
- देश के विकास में साथ दें


**निश्चिंत रहें**
आपकी जानकारी
- सुरक्षित रहेगी
- गोपनीय रहेगी
- सिर्फ राष्ट्र-निर्माण के काम आयेगी

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी करें जनगणना में भागीदारी

टोल फ्री - 1855

CensusIndia2027

cbc 19108/13/0115/2627

## संक्षिप्त समाचार

### सलैया स्टेशन रोड की मांग पर डीआरएम का संज्ञान, संघर्ष मोर्चा ने तेज किया आंदोलन

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सलैया रेलवे स्टेशन पहुंच पथ की जर्जर सड़क को लेकर लगातार उठ रही यात्रियों की आवाज अब असर दिखाने लगी है। धनबाद मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कार्यालय ने मामले पर संज्ञान लेते हुए कहा है कि सड़क निर्माण के लिए




राज्य सरकार के आरसीडी विभाग द्वारा रेलवे से एनओसी मांगी गई है। अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलते ही निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जाएगा सलैया संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में पिछले छह रविवार से स्टेशन परिसर में सामाजिक कार्यकताओं और यात्रियों की बैठक हो रही है। मोर्चा से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सिन्हा और गौतम सोनी ने कहा कि आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक सड़क निर्माण और यात्री सुविधाओं की दिशा में ठोस पहल नहीं होती गौतम सोनी ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से सड़क की बदहाल स्थिति, यात्रियों की परेशानी और दुर्घटनाओं के मुद्दे को लगातार उठाया गया, जिसके बाद रेलवे प्रशासन ने जवाब दिया है। वहीं राजेश सिन्हा ने कहा कि पचंबा क्षेत्र शिक्षा हब के रूप में विकसित हो रहा है और सलैया स्टेशन हजारों यात्रियों व छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए न्यू गिरिडीह स्टेशन रोड और सलैया स्टेशन रोड का निर्माण बेहद जरूरी है। मोर्चा की बैठक में इंटरसिटी एवं एक्सप्रेस ट्रेनों के सलैया स्टेशन पर ठहराव की भी मांग उठाई गई। इस दौरान कन्हैया खेतान, छोटेलाल राणा, संतोष पांडे, अमित छापरिया, तुलसी राणा समेत कई लोगों ने आंदोलन जारी रखने की बात कही।

### बकरीद पर्व को लेकर डाड़ी ओपी थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**बड़कागांव/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बड़कागांव बकरीद पर्व को लेकर डाड़ीकला ओ.पी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई।जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सागेन मुर्मू के द्वारा किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि सह पंचायत



समिति सदस्य कृष्णा राम ने कहा कि यह पर्व आपसी सौहार्दपूर्ण व भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द के लिए जाना जाता है। पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।थाना प्रभारी सागेन मुर्मू ने कहा कि बकरीद त्याग एवं प्रेम का संदेश देता है।इसलिए सभी लोग मिलजुल कर पर्व मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरें एव अफवाहों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया इलियास अंसारी, पंचायत समिति सदस्य फ्यूम अंसारी, रघुनंदन महतो, माधो महतो, मुकेश कुमार, मोहम्मद सुल्तान, नसरुल अंसारी, राजेंद्र कुमार महतो, मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद अनवर अंसारी, कासिम अंसारी, राजेश रजक के अलावा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### बड़कागांव थाना में शांति समिति की बैठक, बकरीद सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील

**बड़कागांव/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी बकरीद पर्व को लेकर शनिवार को बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी दीपक



कुमार सिंह ने किया। बैठक में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने सभी लोगों से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि बड़कागांव क्षेत्र आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के लिए जाना जाता है। उन्होंने पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इंस्पेक्टर शाहिद रजा ने कहा कि बकरीद त्याग, प्रेम और भाईचारे का पर्व है, इसलिए सभी लोग मिलजुलकर त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। वहीं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों और अफवाहों से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत थाना प्रशासन को सूचना दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। बैठक में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ मनोज कुमार, इंस्पेक्टर शाहिद रजा, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया तकरीर मुला खान, हांजी तबस्सुम, राम चरित्र प्रसाद, एसआई अमित कुमार, सुकेश कुमार, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, दमोदर प्रसाद मेहता, रामसेवक सोनी, सोनू इराकी, जनीसार अंसारी, आनंद कुमार, मजहर अली, पंसस इरफान खान, मोहम्मद राजा, सानानुल्लाह मोहम्मद तारिक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### विद्यालय से मोटर व पंखे की चोरी

**डंडखोरा/ कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चोर अब विद्यालय को भी नहीं बख्श रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत विद्यालयों में छोटी-मोटी चीजों के गायब होने की घटना आम थी।लेकिन 22.5.2026 की रात उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोरफर से चोरों ने पानी का मोटर,वर्ग 06 में लगे दो छत के पंखे चोरी कर ले गये।विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार चौहान ने इस बाबत थाना में आवेदन देकर उचित कारवाई की मांग की है।तो वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय वरीय पदाधिकारियों को लिखित सूचना देते हुए विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गुहार लगाई है।प्रधानाध्यापक ने बताया कि 23.5.2026 की सुबह जब स्कूल खुला, तो ताला टूटा देख कर चोरी की घटना का पता चला। उन्होंने बताया कि विद्यालय में चोरी की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले दीपावली और छठ पूजा की छुट्टियों के दौरान भी चोरों ने स्कूल से दो पानी का मोटर, बिजली के कीमती तार और आर.ओ. मशीन के सामानों पर हाथ साफ कर दिया था।

# मंडल कारा में छापेमारी, डीसी-एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के मोहनपुर स्थित मंडल कारा में शुक्रवार देर रात प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने औचक छापेमारी अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार और उपायुक्त रामनिवास यादव ने किया रात में चले इस विशेष अभियान के दौरान जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों की स्थिति और सुरक्षा प्रोटोकॉल की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने जेल के विभिन्न वार्डों और बैरकों का निरीक्षण करते हुए बंदियों से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।



छापेमारी के दौरान पुलिस और प्रशासन के कई अधिकारी समेत बड़ी संख्या में सुरक्षा बल के जवान मौजूद रहे। जेल परिसर और उसके आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, ताकि जांच अभियान शांतिपूर्ण ढंग से पूरा किया जा सके प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य जेल की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर नजर रखना था। देर रात हुई इस कार्रवाई के बाद जेल प्रशासन में भी सतर्कता बढ़ गई है।

# 25 मई तक मजदूरों की बहाली नहीं हुई तो 26 मई को होगा गेट जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** असंगठित मजदूर मोर्चा और भाकपा माले के नेतृत्व में बालमुकुंद स्पोंज एंड आयरन प्राइवेट लिमिटेड, चतरो-टुंडी रोड स्थित गादी श्रीरामपुर फैक्ट्री के समक्ष जारी अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को 11वें दिन भी जारी रहा। धरनार्थी हटाए गए मजदूरों को पुनः काम पर रखने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन अब तक फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं होने का आरोप लगाया गया है धरना पर बैठे नेताओं ने कहा कि यदि 25 मई तक छंटनीग्रस्त मजदूरों को वापस काम पर नहीं रखा गया, तो 26 मई की सुबह 5 बजे से फैक्ट्री के मुख्य गेट को अनिश्चितकाल के लिए जाम कर दिया जाएगा। आंदोलन को सफल बनाने के लिए मोर्चा के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं और समर्थन जुटा रहे हैं।



आंदोलनकारियों का दावा है कि स्थानीय लोगों का उन्हें व्यापक समर्थन मिल रहा है।

धरना स्थल पर भाकपा माले नेता कन्हैया पांडेय, किशोर राय, हुबलाल राय, दीपक गोस्वामी, सुनील ठाकुर, मधुसूदन कोल, तुलसी तुरी, नवीन पांडेय, पवन यादव, भिखारी राय, दिलचंद कोल, अरबिंद टुडू, भीम कोल, मोहन कोल, बाबूलाल बास्की, राजन तुरी, प्रसादी राय समेत बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे। महिलाओं में निमिया देवी, पार्वती देवी, सरिता देवी, ललिता देवी, जसमी देवी, सोनी देवी और करनी देवी सहित कई अन्य शामिल थीं।

# 50 लाख की चांदी के साथ दो संदिग्ध गिरफ्तार, कार जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर थाना पुलिस ने देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 50 लाख रुपये मूल्य की 19 किलो चांदी की सिल्ली बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है तथा एक बलेनो कार को भी जब्त किया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है मिली जानकारी के अनुसार नगर थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक बलेनो कार के जरिए भारी मात्रा में चांदी की सिल्ली गिरिडीह लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने देर रात लगभग तीन बजे छापेमारी अभियान चलाया और संदिग्ध वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली।तलाशी के दौरान पुलिस को कार से 19 किलो वजन की चार चांदी की सिल्ली बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में एक व्यक्ति ने खुद को महाराष्ट्र का निवासी बताया, जबकि दूसरा हजारीबाग का रहने वाला बताया जा रहा है।पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों संदिग्ध गिरिडीह के किसी जेवर कारोबारी को मांग के अनुसार चांदी की सिल्ली पहुंचाने आए थे। हालांकि इस मामले में अभी तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है नगर थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हिरासत में लिए गए लोगों का दावा है कि उनके पास चांदी से संबंधित वैध कागजात मौजूद हैं। फिलहाल पुलिस दस्तावेजों की सत्यता की जांच कर रही है। जांच पूरी होने और कागजात सही पाए जाने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि बरामद चांदी वैध कारोबार का हिस्सा थी या इसके पीछे कोई और कहानी छिपी हुई है।

## पैक्स भवन निर्माण में अनियमितता का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के तीसरी प्रखंड अंतर्गत भंडारी पंचायत में निर्माणाधीन पैक्स भवन को लेकर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। समाजसेवी राजकुमार शर्मा ने भवन निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाते हुए प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। राजकुमार शर्मा ने कहा कि भंडारी गांव में बन रहे पैक्स भवन में बेहद खराब गुणवत्ता वाली ईंटों और निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार और संबंधित अधिकारी नियमों को ताक पर रखकर सरकारी राशि का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीब जनता के टैक्स के पैसे से बनने वाली योजनाओं में किसी भी प्रकार का घोटाला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जमुआ में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के जमुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत गो़ गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान 26 वर्षीय ललिता देवी, पति पवन यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में मातम और तनाव का माहौल बना हुआ है जानकारी के अनुसार, ललिता देवी की मौत अचानक संदिग्ध अवस्था में हुई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। वहीं खबर पाकर मृतका के मायके वाले भी गांव पहुंचे और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। मायके पक्ष का कहना है कि ललिता की हत्या कर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है घटना की सूचना मिलने पर जमुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मामला आत्महत्या, दुर्घटना या हत्या से जुड़ा है इधर घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं और लोग सच्चाई सामने आने का इंतजार कर रहे हैं।

# केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान से साहित्य सम्मेलन को मिले 23 मूल्यवान ग्रंथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चेन्नई में स्थापित केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान द्वारा, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन को23अत्यंत मूल्यवान तमिल-हिन्दी द्विभाषिक पुस्तकें निःशुल्क प्रदान की गयी हैं। इन पुस्तकों में तमिल-साहित्य के अनेक महान साहित्यकारों के विश्रुत महाकाव्यों के हिन्दी अनुवाद तथा हिन्दी-भाषियों को तमिल सिखाने वाली पुस्तकें भी सम्मिलित हैं। रविवार को सम्मेलन की कार्य समिति की बैठक में, ये पुस्तकें सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ द्वारा, सम्मेलन पुस्तकालय को प्रदान की गयीं। इस अवसर पर डा अनिल सुलभ ने बताया कि पाँच खंडों में प्राप्त 'तमिल करकलाम- तमिल सीखें' नामक पुस्तकें हिन्दी माध्यम से तमिल




सिखाने वाली अत्यंत सरल और सुगम्य हैं। उन्होंने कहा कि तमिल भाषा की वर्णमाला में मात्र 18 ही व्यंजन-वर्ण होते हैं। संस्कृत के अत्यंत निकट होने के कारण, थोड़े श्रम से इसे सरलता से सीखा जा सकता है। तमिल संस्थान में 'भाषा-विशेषज्ञ' के रूप में कार्यरत तमिल और हिन्दी के ख्यातिलब्ध विद्वान डा एम गोविन्द राजन की प्रेरणा से संस्थान के निदेशक प्रो आर चंद्रशेखरन द्वारा सम्मेलन को भेंट की गयी इन पुस्तकों में 'तोल्काप्पियम', 'पत्तुप्पाट्टु', 'कलित्तोगै', 'संगम साहित्य', 'तिरुक्कुरल', पतिनेणकीलक्कणक्कु ग्रंथ', 'मणिमेखलै', 'शिलप्पतिकारम' प्रमुख हैं। तमिल से हिन्दी में अनुवाद करने वालों में डा एम गोविन्दराजन, डा पी के बालसुब्रह्मणयन, डा पे रामसामी, डा एल वी के श्रीधरन के नाम प्रमुख हैं। कार्य समिति की बैठक में, केंद्रीय तमिल संस्थान के प्रति धन्यवाद सहित अनेक प्रस्ताव भी पारित किए गए, जिनमें सम्मेलन की स्थायी समिति की बैठक जून में आहूत करने तथा सम्मेलन के आगामी कार्य-काल के लिए अध्यक्ष के निर्वाचन संबंधी प्रस्ताव भी सम्मिलित हैं। स्थायी समिति में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में सम्मेलन के उपाध्यक्ष और बिहार सरकार के पूर्व विशेष सचिव डा उपेन्द्रनाथ पाण्डेय, डा मधु वर्मा, डा पुष्पा जमुआर, कुमार अनुपम, ई बाँके बिहारी साव, विभारानी श्रीवास्तव, आराधना प्रसाद, डा शालिनी पाण्डेय, कृष्ण रंजन सिंह, प्रवीर कुमार पंकज, डा नागेश्वर प्रसाद यादव, शमा कौसर 'शमा', चंदा मिश्र, डा अमरनाथ प्रसाद, श्री सिद्धेश्वर, डा ऋचा वर्मा, जय प्रकाश पुजारी, अभय सिन्हा आदि अधिकारी एवं कार्यकारिणी-सदस्य उपस्थित थे।

# गिरिडीह के डीएसओ गुलाम समदानी बने हज कमिटी के उप सचिव, जिले में खुशी की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत हज कमिटी में गिरिडीह के जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) गुलाम समदानी को उप सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से जिले में खुशी का माहौल है तथा विभिन्न वर्गों के लोगों ने उन्हें बधाई दी है गुलाम समदानी अपनी सरलता, सौम्य व्यवहार और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील कार्यशैली के लिए जिले में विशेष पहचान




रखते हैं। राशन कार्ड सहित जनवितरण प्रणाली से जुड़ी समस्याओं को वे गंभीरता से सुनते हैं और आम लोगों के कार्यो के त्वरित निष्पादन का प्रयास करते रहे हैं। यही वजह है कि आम नागरिकों के बीच उनकी एक जनहितैषी और सकारात्मक अधिकारी की छवि बनी हुई है प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता के आधार पर मिली इस नई जिम्मेदारी को उनके कार्यो का सम्मान माना जा रहा है। सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न धार्मिक समुदायों के लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि वे हज कमिटी में भी अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।

# मतदाता मैपिंग अभियान में जुटी युवा कांग्रेस, जिला अध्यक्ष मोहम्मद सोहेल ने किया बूथ निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** एसआईआर कार्यक्रम 2026 के तहत मतदाता सूची के अनुरूप मतदाताओं की मैपिंग कार्य का निरीक्षण करने के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से बीएलए के रूप में युवा कांग्रेस गिरिडीह जिला अध्यक्ष मोहम्मद सोहेल ने रविवार को गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 19 स्थित मतदान केंद्र बूथ संख्या 34 का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय बीएलओ गुलशन बानो के साथ मिलकर क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा



स्थानीय लोगों से संपर्क कर कई मतदाताओं का मैपिंग कार्य कराया मौके पर मोहम्मद सोहेल ने कहा कि युवा कांग्रेस का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए संगठन लगातार जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा रहा है उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में सही जानकारी और प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम दर्ज होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। इसी उद्देश्य से युवा कांग्रेस कार्यकर्ता विभिन्न बूथों पर जाकर लोगों को जागरूक करने और मैपिंग कार्य में सहयोग करने का काम कर रहे हैं।

# धीरेंद्र कुमार बने गिरिडीह सदर के नए एसडीओ जाविक खोरमहुआ के एसडीओ नियुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार ने एक बार फिर प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए कई अधिकारियों का तबादला किया है। इसी क्रम में गिरिडीह जिले के दो अनुमंडल पदाधिकारियों (एसडीओ) को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है जारी अधिसूचना के अनुसार, गिरिडीह सदर अनुमंडल के एसडीएम विस्पुते श्रीकांत यशवंत को गोड्डा जिला परिषद का उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं खोरीमहुआ अनुमंडल के एसडीएम अनिमेष रंजन को गुमला जिला परिषद का डीडीसी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है दोनों अधिकारियों के स्थानांतरण



के बाद अब गिरिडीह सदर अनुमंडल की जिम्मेदारी धीरेंद्र कुमार को सौंपी गई है, जबकि खोरीमहुआ अनुमंडल के नए एसडीओ के रूप में समीर रेनियर खलको की नियुक्ति की गई है सरकार के इस प्रशासनिक फेरबदल को लेकर जिले में चचाओं का दौर तेज हो गया है। नए अधिकारियों के पदभार संभालने के बाद प्रशासनिक कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बिजली व्यवस्था में सुधार को लेकर सांसद डॉ. सरफराज अहमद ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए डॉ . सरफराज अहमद ने अपने आवास पर बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विभाग के जिला जीएम, ईएससी, टाउन एग्जीक्यूटिव, ग्रामीण एग्जीक्यूटिव समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान सांसद ने जिले में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम लोगों को हो रही परेशानियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को बेहतर बिजली सुविधा मिल सके सांसद ने विशेष रूप से गिरिडीह शहरी क्षेत्र में कई जगहों पर रोप आउट, जर्जर हाई टेंशन तारों तथा क्षतिग्रस्त बिजली पोल की समस्या पर चिंता जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य शुरू करने का निर्देश दिया बैठक में मौजूद बिजली विभाग के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही पूरे जिले में विशेष टीमों का गठन कर व्यापक फील्ड सर्वे कराया जाएगा।

साथ ही शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे इस मौके पर सांसद डॉ. सरफराज अहमद ने कहा कि आम जनता को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# नेशनल सीनियर एथलेटिक्स में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन, रवीना ने जीता स्वर्ण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। राजधानी रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित 29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में रविवार को पहले सत्र के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। ट्रैक एंड फील्ड की विभिन्न स्पर्धाओं में जहां कई नए चेहरे उभरकर सामने आए, वहीं अनुभवी खिलाड़ियों ने भी अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाया।

प्रतियोगिता के दौरान कई स्पर्धाओं के फाइनलिस्ट तय हुए, जबकि कई एथलीटों की नजर कॉमनवेल्थ गेम्स क्वालीफिकेशन मार्क पर टिकी रही। प्रतियोगिता में देशभर से पहुंचे खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीडी सिंह ने कहा कि रांची में आयोजित यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि कई खिलाड़ी कॉमनवेल्थ गेम्स क्वालीफिकेशन को ध्यान में रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और ऊंचा हो गया है। उन्होंने बिरसा मुंडा स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर गर्व जताया।

**10 हजार मीटर रेस वॉक में रवीना का शानदार प्रदर्शन**

महिलाओं की 10 हजार मीटर रेस वॉक स्पर्धा में हरियाणा की रवीना ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रवीना ने 44 मिनट 29.66 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए पहला स्थान हासिल किया। खास बात यह रही कि उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स क्वालीफिकेशन मार्क भी पार कर लिया। ऑल इंडिया पुलिस की रेशमा पटेल 44 मिनट 57.94 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि उत्तर प्रदेश की मुनिता प्रजापति ने 45 मिनट 23.92 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी प्रियंका गोस्वामी 45 मिनट 57.21 सेकेंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहीं। महाराष्ट्र की सेजल अनिल सिंह पांचवें स्थान पर रहीं। वहीं दिल्ली की तान्या को डिसक्वालिफाई कर दिया गया, जबकि हरियाणा की योगिता और राजस्थान की कमला रेस पूरी नहीं कर सकीं। महिलाओं की 100 मीटर हर्डल्स स्पर्धा के हीट मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। हीट-1 में ओडिशा की प्रज्ञान प्रसांति साह ने 13.40 सेकेंड का समय निकालकर पहला स्थान प्राप्त किया। तमिलनाडु की नंधिनी के दूसरे तथा जेएसडब्ल्यू की अंजलि सी तीसरे स्थान पर रहीं। हीट-2 में ओडिशा की सबिता टोप्पो ने 13.70 सेकेंड के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। तमिलनाडु की शाइनी ग्लाडिसया दूसरे तथा जेएसडब्ल्यू की प्रांजलि दिलीप पाटिल तीसरे स्थान पर रहीं।

## सुराग बताने वाले को मिलेगा एक लाख का इनाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। राजधानी के सदर थाना क्षेत्र से 18 माह की लापता मासूम बच्ची का पता पुलिस ने नहीं लगा पाई है। जिसके बाद रांची पुलिस ने मासूम बच्ची का सुराग देने वाले शख्स को 1 लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की है। इससे पहले पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित किया था, जिसे अब दोगुना कर दिया गया है।

रांची के सदर थाना क्षेत्र से 18 माह की मासूम बच्ची अदिति पांडे के लापता होने के मामले में रांची पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। बच्ची की तलाश के लिए लगातार छापेमारी और जांच की जा रही है लेकिन बावजूद इसके बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जिसके बाद पुलिस ने खोरहा टोली से लापता 18 माह की अदिति की जानकारी देने वाले को एक लाख रुपये का इनाम दिए जाने का एलान किया है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को बच्ची के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पता पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा।

# बकरीद को लेकर सजा बाजार, विदेशी नस्ल के बकरों की बढ़ी मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोडरमा**। बकरीद पर्व को लेकर कोडरमा का बकरा बाजार पूरी तरह सजकर तैयार हो चुका है। झुमरी तिलैया के ब्लॉक मैदान में लगे इस बाजार में विभिन्न राज्यों से लाए गए अलग-अलग नस्ल के बकरे लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी है और लोग अपनी क्षमता एवं पसंद के अनुसार बकरों की खरीदारी कर रहे हैं। बकरा व्यवसायी निसार खान ने बताया कि उनके पास 18 हजार रुपये से लेकर 1.20 लाख रुपये तक कीमत वाले बकरे उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि "तोतापरी" नस्ल का एक विशेष बकरा 1.20 लाख रुपये का है, जिसकी बाजार में काफी चर्चा हो रही है। निसार खान ने कहा कि वे बकरों को राजस्थान से लाकर उनका पालन-पोषण करते हैं और बकरीद के अवसर पर बिक्री के लिए बाजार में लाते हैं। बाजार में तोतापरी,



बरबरी, कश्मीरी, राजस्थानी, सिरोही और अजमेरी नस्ल के बकरों की विशेष मांग देखी जा रही है। बकरीद के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग कुर्बानी के लिए बड़ी संख्या में बकरों की खरीदारी करते हैं। इस वर्ष बकरीद 28 मई को मनाई जाएगी। पर्व को लेकर झुमरी तिलैया का बकरा बाजार इन दिनों पूरी रौनक में नजर आ रहा है। बाजार में विक्रेताओं ने अपने बकरों को आकर्षक नाम भी दिए हैं। "सलमान", "सुल्तान" और "शाहरुख" नाम के बकरे खरीदारों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बाजार में राजस्थान, उत्तर प्रदेश और गुजरात से लाए गए बकरे लोगों को विशेष रूप से पसंद आ रहे हैं।

# टुंडी के जंगलों में 25 वर्षों से अकेले जीवन बिता रहे सुरेंद्र सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। धनबाद। आधुनिक सुविधाओं और तकनीक से भरी दुनिया के बीच धनबाद जिले के टुंडी प्रखंड के घने जंगलों में एक ऐसी जिंदगी भी गुजर रही है, जो पूरी तरह प्रकृति पर निर्भर है। करीब 70 से 75 वर्षीय सुरेंद्र सोरेन पिछले 25 वर्षों से जंगल में अकेले रह रहे हैं। उनके जीवन में न बिजली है, न सड़क, न मोबाइल और न ही किसी सरकारी सुविधा का कोई स्थान। टुंडी के कमलपुर क्षेत्र के जंगलों के बीच बनी एक साधारण झोपड़ी ही उनका आशियाना है। सूखी लकड़ियों का ढेर, मिट्टी-पत्थर का चूल्हा, कुछ पुराने बर्तन और फटे कपड़े ही उनकी पूरी संपत्ति हैं। लंबी दाढ़ी, बिखरे बाल और कमजोर शरीर उनकी संघर्षपूर्ण जिंदगी की कहानी बयां करते हैं। बताया जाता है कि सुरेंद्र सोरेन मूल रूप से टुंडी के बसहा गांव के निवासी हैं। कभी उनका भी परिवार और सामान्य जीवन था, लेकिन सर्पदंश से उनके दो बेटों की मौत ने उन्हें भीतर तक तोड़ दिया। इस दर्दनाक घटना के बाद उन्होंने गांव और समाज से दूरी बना ली तथा पत्नी के साथ जंगल में आकर बस गए। यहां उन्होंने खुद झोपड़ी बनाई, कुआं खोदा और खेती शुरू की। करीब सात-आठ वर्ष पूर्व पत्नी के निधन के बाद वे पूरी तरह अकेले हो गए, लेकिन जंगल छोड़ने को तैयार नहीं हुए। जंगल में रहने के बावजूद सुरेंद्र सोरेन पूरी तरह आत्मनिर्भर हैं। उन्होंने अपने हाथों से पांच से छह फीट गहरा कुआं खोदा है, जिससे वे पीने का पानी, भोजन बनाने और दैनिक जरूरतों को पूरा करते हैं। कुएं के पास उन्होंने छोटा-सा खेत भी तैयार किया है, जहां बिना किसी आधुनिक उपकरण के खेती करते हैं। जंगली आलू, जंगली चावल और वन उपज उनके भोजन का मुख्य आधार हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, गांव वालों ने कई बार उन्हें वापस समाज की मुख्यधारा में लाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने हर बार इनकार कर दिया। वे न किसी से शिकायत करते हैं और न ही किसी प्रकार की मदद लेना चाहते हैं। यहां तक कि आर्थिक सहायता की पेशकश भी वे स्वीकार नहीं करते। स्थानीय निवासी राजीव ओझा बताते हैं कि सुरेंद्र सोरेन अब अपनी आखिरी सांस तक जंगल में ही रहना चाहते हैं। उनका जीवन आज के आधुनिक समाज के बीच एक अलग तस्वीर पेश करता है, जो दर्द, अकेलेपन और आत्मनिर्भरता की अनोखी मिसाल बन चुका है।

# नन्हा सा दिल कार्यक्रम के तहत बच्चों का हृदय संबंधी जांच व उपचार निःशुल्क : चिकित्सा प्रभारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू )**। पाटन प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर एनएचएम,आरबीएसके के साथ सरकार के संयुक्त पहल से एवं सीसीएल रांची के सीएसआर के आर्थिक सहयोग से श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल के बैनर तले नन्हा सा दिल कार्यक्रम चलाई जा रही है। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 मिथलेश कुमार एवं स्थानीय मुखिया ने हरी झंडी दिखाकर किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर मिथिलेश कुमार ने बताया कि यह नन्हा सा दिल कार्यक्रम आम



अवाम के लिए एवं मुख्य रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि इसमें बच्चों का हृदय जांच से लेकर उसका उपचार ऑपरेशन सब कुछ निःशुल्क किया जाता है। डॉ. मिथिलेश ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर इस कार्यक्रम का आयोजन की जा रही है उन्होंने आम आवाम से अपील किया कि सभी इस कार्यक्रम में जाकर अपने बच्चों का हृदय जांच कराएं तथा इस कार्यक्रम का लाभ लें। वहीं इस कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं प्रोजेक्ट मैनेजर गौरव दत्ता ने बताया कि नन्हा सा दिल कार्यक्रम श्री सत्य साईं संजीवनी संस्थान द्वारा एक अनोखी एवं जनहितकारी कार्यक्रम है। इसके तहत जन्मजात हृदय रोग का निवारण पूरी तरह से निःशुल्क रूप से किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह 20 मई से 30 मई यानी दस दिनों तक चलने वाला यह कार्यक्रम है। इसमें जीरो से 18 वर्ष के बच्चों को निशुल्क हृदय जांच की जा रही है। बताया कि तीन दिनों में 1087 बच्चों का जांच किया गया जिसमें कुल 17 बच्चों को एमएमसीएच मेदिनीनगर भेजा गया। श्री दत्ता ने बताया कि ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में पहुंचकर ऐसे बच्चों को पहचान करना जिन्हें हृदय रोग की जानकारी नहीं है तथा आर्थिक अभाव के कारण इलाज नहीं करा पा रहे हैं, उन्हें इस कार्यक्रम के तहत निःशुल्क रूप से उनका उपचार करवाना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है ।

# नगरनौसा डिग्री कॉलेज के स्थान परिवर्तन को लेकर बढ़ा विवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा (नालंदा)**। नगरनौसा प्रखंड में बहुप्रतीक्षित डिग्री कॉलेज की स्थापना तो हो गई है, लेकिन इसके स्थान चयन को लेकर अब विवाद गहराता जा रहा है। कॉलेज के संचालन को लेकर दो खेमे आमने-सामने हैं एक पक्ष जहां लोदीपुर स्थित मगध विद्यापीठ उच्च विद्यालय में ही पढ़ाई जारी रखने की मांग कर रहा है, वहीं दूसरा पक्ष कॉलेज को नगरनौसा बाजार स्थित बालिका उच्च विद्यालय में शिफ्ट कराने के लिए दबाव बना रहा है। स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों का एक बड़ा वर्ग लोदीपुर के पक्ष में खड़ा है। उनका तर्क है कि लोदीपुर स्थित स्कूल में कॉलेज के लिए पर्याप्त आधारभूत संरचना मौजूद है। स्थानीय निवासी कवीन्द्र



पासवान ने बताया कि स्कूल के पास 4 एकड़ 63 डिसमिल जमीन है और कॉलेज संचालन हेतु 20 कमरे उपलब्ध हैं। उन्होंने अन्य प्रखंडों का उदाहरण देते हुए कहा कि कई जगहों पर प्रखंड मुख्यालय से दूर कॉलेज का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है, इसलिए सुविधा के लिहाज से लोदीपुर ही सबसे उपयुक्त स्थान है।कॉलेज को बाजार ले जाने के प्रस्ताव पर छात्राओं में भारी नाराजगी है। छात्रा चांदनी कुमारी और आरती कुमारी ने कहा कि बाजार में शोर-शराबे और यातायात की समस्या के कारण पढ़ाई बाधित होगी। उन्होंने सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बाजार में असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़खानी का डर बना रहता है, जबकि लोदीपुर का वातावरण सुरक्षित और शांत है, जो उच्च शिक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।" विद्यार्थियों का मानना है कि परीक्षा के दौरान भीड़ बढ़ने पर बाजार में जाम की समस्या भी विकराल रूप ले लेगी, जिससे आम लोगों और छात्रों को भारी परेशानी होगी।

# सहयोग शिविर का आयोजन कार्यक्रम शुरु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)**। सात निश्चय के तहत सबका सम्मान, जीवन आसान के तहत सहयोग शिविर का आयोजन कार्यक्रम शुरु हुआ है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि लोक सेवाओं का ससमय प्रदायगी सुनिश्चित करना और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में होने वाले बिलंब को दूर करना है। इस कार्यक्रम को लेकर नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित करने के लिए तिथि निर्धारित कर दी गई है। बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने कहा नारदीगंज में पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित करने के लिए तिथि निर्धारित हुई है। उन्होंने कहा आगामी दो जून 2026 को ओड़ो पंचायत में,16 जून को परमा पंचायत में, सात जुलाई को इचुआकरना पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित होगी। इसके अलावा 21 जुलाई 2026 को पेश पंचायत में और 8 अगस्त 2026 को ननौरा पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित कर कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही विलंब को दूर किया जाएगा।

# बिजली संकट से नाराज लोगों ने किया सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दुमका**। भीषण गर्मी के बीच दुमका शहर में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था को लेकर लोगों का आक्रोश रविवार को सड़क पर फूट पड़ा। संथाल परगना महाविद्यालय से रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पर स्थानीय लोगों ने जाम लगाकर राज्य सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि पिछले कई दिनों से शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति चरमराई हुई है। दिनभर बिजली की आंखमिचौली से आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। बिजली नहीं रहने से पेयजल संकट भी गहरा गया है और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लोगों ने कहा कि घरों का पूरा सिस्टम अस्त-व्यस्त हो चुका है।



स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस इलाके में सड़क जाम किया गया, वहां छात्र-छात्राओं के दर्जनों लॉज संचालित हैं, जहां दूर-दराज से आए सैकड़ों विद्यार्थी रहकर पढ़ाई करते हैं। लगातार बिजली कटौती से विद्यार्थियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि इसी मोहल्ले में दुमका लोकसभा क्षेत्र के सांसद नलिन सोरेन का आवास है, इसके बावजूद इलाके की बिजली व्यवस्था बदहाल बनी हुई है। इसी दौरान संयोगवश सांसद नलिन सोरेन उसी मार्ग से गुजर रहे थे और उनका वाहन भी जाम में फंस गया। स्थिति की जानकारी मिलते ही सांसद वाहन से उतरकर लोगों के बीच पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके से ही बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन कर जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

# फिट इंडिया अभियान के तहत राजगीर में सीआरपीएफ की साइकिल रैली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र द्वारा रविवार को फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान के तहत राजगीर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य जवानों एवं आम नागरिकों के बीच स्वास्थ्य, फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के पुलिस उप महानिरीक्षक सह प्राचार्य निखिल रस्तोगी ने किया। रैली में संस्थान के अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नियमित व्यायाम, साइकिलिंग और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। रैली के दौरान निखिल रस्तोगी ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी



होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया अभियान के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उप कमांडेंट नरेश सिंह चौधरी, उप कमांडेंट राज मंगल भक्त तथा सहायक कमांडेंट चंदन कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में निखिल रस्तोगी ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

# आर्य वीर दल की बैठक सम्पन्न, युवाओं को संगठन से जोड़ने पर बल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड के कौआकोल बाजार अवस्थित आर्य समाज मन्दिर परिसर में आर्य वीर दल बिहार प्रदेश के मार्गदर्शन तथा सहसंचालक कुंदन आर्य के आहवान पर आर्य समाज के प्रधान युगल किशोर आर्य की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित एवं आदिवासी क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से क्षेत्रीय आर्य वीर दल का गठन किया गया। जिसमें लखन कुमार को संचालक, चंदन कुमार को सह संचालक,रंधीर कुमार आर्य को मंत्री, आयुष कुमार को उपमंत्री तथा रामरतन आर्य को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आर्य वीर दल समाज सेवा,युवाओं में चरित्र निर्माण तथा वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार का कार्य करेगा। साथ ही बालवाड़ी केंद्रों के सुचारू संचालन के लिए महिला संगठन के गठन पर भी जोर दिया गया। सभा में कुंदन आर्य ने आर्य समाज एवं आर्य वीर दल की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे युगल किशोर आर्य ने सभी युवाओं को माला पहनाकर एवं वैदिक साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर विन्देश्वरी मंडल, कृष्णनंदन आर्य,चंदेश्वर बाबू, तोष आर्य, निलेश,अयोध्या पासवान, श्रवण साव,डॉ. चंद्रिका प्रसाद, मुकलेश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बौद्ध विरासत के संवर्धन एवं प्रसार में नालंदा विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा विश्वविद्यालय में शंघाई सहयोग संगठन के महासचिव नुरलान यरमेकबायेव एवं उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के आमंत्रण पर भारत यात्रा के दौरान उनका नालंदा विश्वविद्यालय आगमन, विश्वविद्यालय समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में सतत विकास, नेट ज़ीरो पहल, 'सहभागिता', बौद्ध विरासत तथा क्षेत्रीय सहयोग जैसे विषयों पर प्रस्तुतियाँ एवं संवाद आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ हुई चर्चाओं में ज्ञान-विनिमय, सांस्कृतिक समझ, विरासत संरक्षण तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर विशेष बल दिया गया। अपने संबोधन में एससीओ महासचिव नुरलान यरमेकबायेव ने एससीओ





देशों की साझा बौद्ध विरासत पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं दूरदृष्टि में साझा बौद्ध विरासत को शंघाई सहयोग संगठन के एक नए स्तंभ के रूप में शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि एससीओ देशों की साझा बौद्ध विरासत के संवर्धन एवं प्रसार में नालंदा विश्वविद्यालय की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि बौद्ध विरासत मध्य एशिया सहित रूस, मंगोलिया और चीन जैसे देशों के साथ सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत संबंधों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जहाँ आज भी बौद्ध समुदाय समृद्ध रूप से विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन बौद्ध नेटवर्क, सांस्कृतिक गलियारे, भाषाएँ, लिपियाँ एवं पांडुलिपियाँ इन क्षेत्रों के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंधों को दर्शाती हैं। उन्होंने आगे कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय इन आयामों को अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोगों में सक्रिय रूप से शामिल कर रहा है, जिसमें विभिन्न देशों के संस्थानों के साथ साझेदारी तथा बौद्ध धर्म से संबंधित सांस्कृतिक पहलें भी सम्मिलित हैं।

# पर्यवेक्षण गृह नवादा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा अरविन्द कुमार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देश पर 24 मई 2026 को पर्यवेक्षण गृह, नवादा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल उमेश्वर प्रसाद सिंह, पी०एल०वी० मनीष कुमार सिन्हा एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अपने संबोधन में डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल उमेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में आम लोगों के बीच कानून की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी के अभाव में लोग विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करते हैं तथा उनका भयादोहन भी किया जाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों की सहायता कर उन्हें शोषण से बचाने में समाज को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। सभा को संबोधित करते हुए उमेश्वर प्रसाद सिंह एवं पी०एल०वी० मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि विधिक सेवाएं बच्चों के जीवन में न्याय, सुरक्षा एवं समान अवसर सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम हैं। सरकार एवं समाज दोनों का दायित्व है कि इन सेवाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद बच्चे तक पहुंचा या जाए।

# खेत में लगे सबमर्सिबल की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा**। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में इन दिनों खेत में लगे समरसेबल की चोरी हो रही है। ऐसे में किसानों के सामने आर्थिक परेशानी बढ़ी हुई है। घटना के बाद चोर पुलिस की पकड़ से बाहर रह रहे हैं। ऐसे में शरारततत्त्वों का मनोबल बढ़ा हुआ है। ताजा घटना शनिवार की रात में नंदपुर गांव में घटी। इस गांव में नंदपुर निवासी अमरेन्द्र कुमार के खेत में लगे दो सबमर्सिबल और चालीस किलो पाइप की चोरी कर ली गई है। इस सम्बंध में नंदपुर निवासी इंदल राजवंशी ने नारदीगंज थाना में आवेदन पत्र देकर



बरामदगी की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा अमरेन्द्र कुमार का खेती करता हूं। रविवार की सुबह में जब खेत पर गया, वही पर बोरिंग किया हुआ था। तो देखा कि बोरिंग पर से दोनों सबमर्सिबल और चालीस किलो पाइप की चोरी कर ली गई है। चोरों ने बंद बक्सा का ताला को तोड़कर घटना का अंजाम दिया है।

# शिक्षक पर रंगदारी और अभद्र व्यवहार का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिले के नरहट प्रखंड स्थित जमुआरा कन्या विद्यालय में कार्यरत शिक्षक चंदन कुमार पर विद्यालय में रंगदारी करने तथा अनुशासनहीनता फैलाने का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर विद्यालय परिसर में शिक्षकों और कर्मियों के बीच काफी चर्चा है। आरोप है कि हाजरी रजिस्टर में पहले लाल कलम से अनुपस्थित अंकित किए जाने के बावजूद बाद में ऊपर से उपस्थिति बना दी गई। इसको लेकर विद्यालय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। विद्यालय सूत्रों के अनुसार, बीओ स्तर से भी लाल कलम चलने के बाद उपस्थिति दर्ज किए जाने की बात सामने आई है। वहीं प्रधानाध्यापक के साथ शिक्षक द्वारा अभद्र व्यवहार और बदतमीजी किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। घटना के बाद विद्यालय का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। स्थानीय समाजसेवी हिमांशु पप्पू ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों से बातचीत की। इस दौरान अनेक छात्रो ने बताया कि शिक्षक चंदन कुमार नियमित रूप से विद्यालय नहीं आते हैं। इस बयान के बाद ग्रामीणों और अभिभावकों में और नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है और वहां इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। शिक्षा विभाग से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की गई है।

# अपराधियों ने व्यवसायी से लाखों के सोने-चांदी के आभूषण लूटे

## व्यापारियों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सारण।** सारण जिले के तरैया थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह अपराधियों ने दिनदहाड़े बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देकर पुलिस व्यवस्था को चुनौती दे दी। रामकोला कॉलेज के समीप हथियारबंद बदमाशों ने एक स्वर्ण व्यवसायी को घेरकर लगभग 18 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और मोबाइल लूट लिया। घटना के बाद इलाके के स्वर्ण व्यवसायियों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार तरैया खदरा नदी किनारे निवासी स्वर्ण व्यवसायी सचिन्द्र कुमार उर्फ सतेंद्र सोनी रविवार सुबह अपनी बाइक से मठिया बाजार फरीदनपुर स्थित आभूषण दुकान जा रहे थे।

इसी दौरान तरैया बाजार स्थित खदरा पुल के पास एक युवक ने हाथ देकर उनकी बाइक रुकवाई और हरखपुरा जाने की बात कहकर पीछे बैठ गया। कुछ दूरी तय करने के बाद युवक रामकोला कॉलेज के समीप उतर गया।

पीड़ित व्यवसायी जब खदरा किनारे ग्रामीण सड़क से आगे बढ़ने लगे, तभी दूसरे पुलिया के पास पहले से घात लगाए अपाचे बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर नीचे गिरा दिया।

इसके बाद अपराधियों ने पिस्टल सटाकर उनके बैग में रखे लगभग दो किलो चांदी, सौ ग्राम सोना, 30 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन लूट लिया तथा मौके से फरार हो गए। लूटे गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 18 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही तरैया बाजार के स्वर्ण व्यवसायियों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में व्यवसायियों ने सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना पर पहुंची तरैया थाना पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन देकर करीब एक घंटे बाद जाम समाप्त कराया।



### अपराधियों ने पिस्टल सटाकर दिया घटना को अंजाम

इधर घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित के मोबाइल पर संपर्क किया। कॉल रिसीव करने वाले युवक ने बताया कि मोबाइल उसे रामकोला सड़क स्थित पुलिया के पास गिरा हुआ मिला था। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल बरामद कर लिया।

अपर थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## छात्रा छेड़छाड़ के आरोप में सेना का जवान गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में एक 38 वर्षीय सेना के जवान को कॉलेज छात्रा से कथित छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस के अनुसार, यह घटना शुक्रवार को लालपुर थाना क्षेत्र में हुई, जब 23 वर्षीय छात्रा कॉलेज से अपने घर लौट रही थी।

लालपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि आरोपी सेना के जवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पीड़िता के बयान और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी जवान हरियाणा का रहने वाला है और उसकी पोस्टिंग नामकुम में थी। मामले की आगे जांच जारी है।

# पुलिस टीम पर हमला, दो जवान जख्मी

### महिला होमगार्ड के राइफल छीने जाने की चर्चा जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सुपौल।** जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राघोपुर पंचायत के महादलित टोला में शनिवार देर रात पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। घटना में एक एएसआई और एक महिला होमगार्ड जवान घायल हो गईं। घटना के दौरान सरकारी वाहन को भी नुकसान पहुंचाया गया। वहीं महिला होमगार्ड की राइफल छीने जाने की चर्चा से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। हालांकि, इस संबंध में पुलिस प्रशासन की ओर से पहले कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई थी।

जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 11:30 बजे राघोपुर थाने की पुलिस टीम शराबियों द्वारा हंगामा किए जाने की सूचना पर महादलित टोला पहुंची थी। इसी दौरान पुलिस और कुछ स्थानीय लोगों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई और कुछ लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। हमले में राघोपुर थाना में पदस्थापित एएसआई अंजय कुमार तथा महिला होमगार्ड काजल कुमारी घायल हो गईं। दोनों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया। राघोपुर थाना पुलिस ने वरीय अधिकारियों को मामले की जानकारी दी, जिसके बाद आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। वीरपुर एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक शरथ आरएस भी भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। देर रात तक पूरे इलाके में पुलिस बल की तैनाती रही और गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया।

## प्रतियोगिता परीक्षा में सैकड़ों छात्रों ने लिया हिस्सा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** डॉ. कलाम फाऊंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट सह पब्लिक लाइब्रेरी द्वारा आगामी माध्यमिक परीक्षा 2027 में टॉप 10 में चयन की तैयारी को लेकर प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के कुल 126 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। इस प्रतियोगिता परीक्षा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराना, उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। परीक्षा के दौरान अनुशासन एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा गया। संस्था के अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, सचिव राज नारायण सहित अन्य शिक्षकों एवं सदस्यों ने परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में सक्रिय भूमिका निभाई। संस्था के सदस्यों ने बताया कि आगे भी इस तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित मार्गदर्शन मिल सके और वे शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

# नशे में धुत्त स्कॉर्पियो चालक ने गश्ती दल की गाड़ी में मारी ठोकर

## एसआई समेत चार पुलिसकर्मी गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** शराब के नशे में धुत तेज रफ्तार स्कॉर्पियो चालक ने पुलिस की गश्ती गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक एसआई समेत चार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो चालक समेत उसमें सवार चार लोगों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया। जब्त वाहन पर ह्यूमन राइट्स का बोर्ड लगा हुआ था। घटना के-हाट थाना क्षेत्र अंतर्गत माता स्थान स्थित कस्टम कार्यालय के पास रविवार रात करीब एक बजे हुई।

घायलों में के-हाट थाने के एसआई अनिल दास, सिपाही गोपाल कुमार और होमगार्ड जवान दीपक कुमार

### पति-पत्नी के बीच समझौता कराकर लौट रहा था गश्ती दल

सहित एक अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं। सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मिस्टर राज (पिता- बाबूलाल प्रसाद यादव), गोलू कुमार (पिता- टुनटुन यादव) और विष्णु प्रसाद (पिता- ब्रह्म प्रकाश साह) के रूप में हुई है। सभी आरोपी न्यू सिपाही टोला इलाके के निवासी बताए जा रहे हैं।घटना के संबंध में बताया गया कि के-हाट थाना की गश्ती टीम शनिवार-रविवार की दरमियानी रात क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को पति-पत्नी के बीच विवाद और मारपीट की सूचना मिली। मामले को शांत कराने के लिए गश्ती दल मौके पर पहुंचा और दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया। वहां से लौटने के दौरान पुलिस की बोलेरो गश्ती गाड़ी माता स्थान के पास कस्टम कार्यालय के समीप सड़क किनारे रुकी हुई थी।

इसी बीच मरंगा की ओर से आ रही तेज रफ्तार काले रंग की स्कॉर्पियो 7269 ने पुलिस वाहन में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पुलिस की बोलेरो गाड़ी पीछे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे सभी पुलिसकर्मी वाहन के अंदर ही दबकर घायल हो गए।

# दोस्तों के साथ दरवाजा तोड़ घर में घुसकर भाभी के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के बरारी थाना क्षेत्र में एक महिला ने घर में घुसकर दुष्कर्म के प्रयास का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। महिला के शोर मचाने पर जुटे ग्रामीणों ने चार आरोपियों को पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर थाने ले गई। पीड़िता वर्षा कुमारी ने बताया कि शनिवार को वह अपने घर के बाहर खड़ी थी, जबकि उसके दोनों बच्चे घर के अंदर मोबाइल देख रहे थे। इसी दौरान उसका देवर चार साथियों के साथ वहां पहुंचा और घर का बंद ताला तोड़कर जबरन अंदर घुस गया।

महिला के अनुसार, ताला टूटने की आवाज सुनकर जब वह घर की ओर दौड़ी, तब तक सभी आरोपी अंदर प्रवेश कर चुके थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि एक युवक ने उसका हाथ पकड़कर कमरे में ले जाने की कोशिश की और उसके कपड़े खींचते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया।महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। खुद को घिरता देख आरोपी भागने लगे, लेकिन ग्रामीणों ने चार लोगों को पकड़ लिया और उनकी पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह आरोपियों को भीड़ से छुड़ाकर थाने ले गई।

पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2021 में सुमित मंडल से हुई थी। उसका आरोप है कि शादी के बाद पति अक्सर अपनी मां के कहने पर उससे झगड़ा करता था। करीब पांच महीने पहले पति समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोग घर छोड़कर चले गए थे। महिला मूल रूप से खगड़िया जिले की रहने वाली है। घटना की सूचना मिलने पर उसके पिता राजू मंडल भी मौके पर पहुंचे। वर्षा ने बताया कि उसका पति पिछले तीन वर्षों से उसके साथ नहीं रह रहा है और ससुराल पक्ष ने उसे व उसके बच्चों को अपनाने से इनकार कर दिया है।पीड़िता के अनुसार, वह बीते 5 फरवरी से उक्त घर में रह रही है।

### विद्यालय में चोरी

**डंडखोरा।** चोर अब विद्यालय को भी नहीं बख्श रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत विद्यालयों में छोटी-मोटी चीजों के गायब होने की घटना आम थी लेकिन 22 मई की रात उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोरफर से चोरों ने पानी का मोटर, वर्ग 06 में लगे दो छत के पंखे चोरी कर ले गये। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार चौहान ने इस बाबत थाना में आवेदन देकर उचित कारवाई की मांग की है।तो वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय वरीय पदाधिकारियों को लिखित सूचना देते हुए विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गुहार लगाई है।प्रधानाध्यापक ने बताया कि 23 मई की सुबह जब स्कूल खुला, तो ताला टूटा देख कर चोरी की घटना का पता चला।

# एनएच पर लूटकांड की घटना का 12 घंटे में उद्भेदन

## तीन बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** गजराजगंज ओपी क्षेत्र के आरा-बक्सर एनएच 922 पर कारीसाथ छोटी पुल के समीप दिनदहाड़े हुई लूटकांड का पुलिस ने महज 12 घंटे के अंदर राजफाश कर दिया।

इस मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से कांड में प्रयुक्त एक देसी पिस्टल एवं दो मोबाइल बरामद किए गए हैं।

रविवार को प्रेस वार्ता में सदर एसडीपीओ वन राजकुमार साह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में गजराजगंज ओपी के कारीसाथ गांव निवासी ऋतिक कुमार, सत्यम सिंह एवं आकाश उर्फ बिटू यादव शामिल हैं। इनमें ऋतिक कुमार के पास से देसी पिस्टल बरामद की गई है। जब्त मोबाइल की जांच में ऑनलाइन राशि ट्रांसफर कराए जाने की पुष्टि हुई है।

पुलिस के अनुसार, शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी काशी नाथ तिवारी के पुत्र चंदन कुमार 23 मई को पूर्वाह्न करीब 11:45 बजे बाइक से आरा से अपने गांव लौट रहे थे।

इसी दौरान कारीसाथ छोटी पुल के समीप शौच के लिए रुके थे। तभी तीन बदमाशों ने पिस्टल के बल पर उन्हें कब्जे में लेकर पुल के नीचे ले गए थे। वहां मारपीट कर भय दिखाते हुए उनके खाते से जबरन 28 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए थे।

घटना के बाद बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद गजराजगंज ओपी प्रभारी चंचल महथा के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

मानवीय एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर सबसे पहले देसी पिस्तौल समेत ऋतिक कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर सत्यम सिंह एवं आकाश उर्फ बिटू यादव को भी दबोच लिया गया।



## गैंगरेप का केस निकला फर्जी

**मुंगेर।** हवेली खड़गपुर झील परिसर में लगभग पांच दिन पूर्व हुई नाबालिग के साथ कथित गैंगरेप की घटना में नया मोड़ आया है। पुलिसिया अनुसंधान में इसका खुलासा हुआ है।

जांच में सामने आया है कि नाबालिग का न तो हथियार के बल पर अपहरण हुआ था और न ही खड़गपुर झील परिसर में गैंगरेप की घटना हुई थी। वहां आपसी सहमति से नाबालिकग ने प्रेमी के साथ संबंध बनाया था।

हवेली खड़गपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार ने मामले का पदार्फाश करते हुए बताया कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व किशोरी और युवक के बीच इंटरनेट मीडिया के प्लेटफार्म से प्यार शुरू हुआ था।

इस दौरान किशोरी के साथ युवक ने कई बार संबंध भी बनाया। इस बात की भनक किशोरी के परिवार वालों को मिलने के बाद युवक पर शादी का दबाव बनाए जाने लगा।

### पुलिस वाहन से कुचलकर किसान की मौत

**बेगूसराय।** जिले के लाखो थाना क्षेत्र में बीते रात सड़क हादसे में एक युवा किसान की मौत हो गई। घटना गुप्ता-लखमीनिया बांध पर वाजितपुर ढाला के समीप की है।

मृतक की पहचान मटिहानी थाना क्षेत्र के मनियप्पा गांव निवासी रामचंद्र भगत के एकलौते पुत्र 45 वर्षीय रामाशीष भगत के रूप में की गई है। हादसे के बाद स्वजन में कोहराम मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही सदर-वन डीएसपी आनंद कुमार पांडेय एवं ट्रैफिक डीएसपी रंजीत कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्वजनों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

मृतक के भतीजे मुरारी कुमार ने बताया कि रामाशीष भगत सब्जी उत्पादन का काम करते थे। मंगलवार को वह सब्जी लेकर राजधानी मंडी खातोपुर गए थे।

वहां से लौटने के दौरान वाजितपुर ढाला के समीप सामने से आ रही डायल-112 पुलिस की गाड़ी ने उन्हें कुचल दिया। आरोप लगाया कि हादसे के बाद पुलिस वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

# अब आधुनिक व तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रही छात्राएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** अब मदरसा में सिर्फ दीनी तालीम ही नहीं दी जाती है बल्कि बदलते दौर में अब हालात के अनुसार अब बच्चियां अब आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा के अलावा विभिन्न प्रकार का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद तथा आत्मनिर्भर भी बन रही है। ऐसा ही अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए शहर के सिसौना स्थित एक निजी मदरसा है, जहां बच्चियों को पूरी इस्लामिक माहौल में आधुनिक और तकनीकी शिक्षा के साथ साथ कम्प्यूटर और व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। बच्चियों के आवासीय मदरसा जामियतुल फलाह लिलबनात में हॉस्टल में रहकर कुरान और हदीस की तालीम हासिल कर रही है बल्कि वह आधुनिक शिक्षा ,तकनीकी शिक्षा ,कम्प्यूटर की शिक्षा प्राप्त करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद भी बन रही है। मदरसा के नाजिम अलहाज मौलाना कारी साकिब नदीमुल मदनी ने बताया कि अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए चल रहे इस मदरसा में अभी 319 बच्चियां हॉस्टल में रहकर तालीम हासिल कर रही है । उन्होंने बताया कि यहां तत्काल 5 क्लास तक की शिक्षा के इलावे सिलाई, कंप्यूटर कोर्स जल्द ही शुरू किया जाएगा। इस मौके पर हाफिज फैयाज आलम, मौलाना शब्बीर आलम कासमी, मुफ्ती असरारुल कासमी, कारी जुल्फिकार आलम कासमी, कारी जावेद आलम आदि मौजूद थे।

# भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पिछले एक पखवाड़े से जारी भीषण गर्मी और लू के प्रकोप ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। आसमान से बरसती आग और गर्म हवा के थपेड़ों से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों तक गर्मी के तेवर ऐसे ही कड़े रहेंगे और फिलहाल इस भीषण तपिश से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने जिले में 25 और 26 मई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

वहीं, बच्चों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए जिला प्रशासन ने जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा आठ तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर 31 मई तक रोक लगा दी है।

लगातार बढ़ती गर्मी व हीटवेव के खतरे को देखते 25 से 31 मई तक सभी प्री स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा।



तन को झुलसा देने वाली तीखी धूप और गर्म हवा के झोंकों की वजह से दोपहर होते ही बाजार और सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। लोग बहुत जरूरी काम होने पर ही पूरी तरह से चेहरा ढककर घरों से बाहर निकल रहे हैं।

प्रचंड गर्मी का आलम यह है कि इंसानों के साथ-साथ मवेशी और पशु-पक्षी भी पानी और छांव के लिए बेहाल नजर आ रहे हैं। शाम ढलने के बाद ही बाजारों में थोड़ी-बहुत चहल-पहल देखने को मिल रही है।

# जिला लोक समिति का महिला सम्मेलन सम्पन्न

## रानी सिंह महिला सेल का जिलाध्यक्ष निर्वाचित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नरकटियागंज ।** बेतिया जिला लोक समिति के तत्वावधान में पश्चिमी चम्पारण के नरकटिया गंज स्थित प्रकाश नगर में एक दिवसीय महिला कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला लोक समिति बेतिया जिला के जिलाध्यक्ष रवीन्द्रनाथ तिवारी एवं संचालन महिला नेत्री रानी सिंह ने किया।

इस जिला स्तरीय महिला सम्मेलन के अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डा. अमिता ने उत्तराखंड से अपने भेंजे संदेश में कहा कि हमारी बहने और बेटियाँ अपनी मेहनत की बदौलत समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। देश की महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, विज्ञान, प्रशासन, खेल व्यापार और समाज सेवा के क्षेत्र में अब इतिहास रच रहीं है। उन्होंन ने अपने भेंजे संदेश में कहा कि चम्पारण की यह थरती बडे संघर्ष की साक्षी रही है। गाँधी जी 1917 ई. में यहीं की पवित्र धरती से सत्य और अहिंसा के साथ यहां के किसान-मजदूरों एवं महिलाओं को संघर्ष करने का संदेश दिया। आज लोक समिति को उस काम को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

मौके पर उपस्थित बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महासचिव शिवजी सिंह ने कहा कि इन दिनों देश गम्भीर आथिर्क संकट के दौर से गुजर रहा है। आज-कल देश के प्रधान मंत्री ही देश वासियों कों इस संकट से उबरने के लिए कई तरह की जरूरतों को कम करने का संकेत देकर आगाह कर रहें है।

लोक समिति इस बात को बहुत पहले से बोल रहीं है !आज लोक समिति की सारी बातें धीरे धीरे सत्य साबित हो रही है। देश में डीजल पेट्रोल तेल तथा रसोई गैस की किल्लत शुरू हो गयी है! हमारा बिहार गौतम बुद्ध, महावीर, एवं जेपी की जन्म भूमि और गाँधी की कर्म भूमि है। जिस भूमि पर हमारे महापुरूषों ने युद्ध नहीं। यहां सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश दिया। आज भी हम अपने उस विचार पर अडिग है। श्री सिंह ने कहा कि हमारे समाज में मुख्य दो वर्ग है, पहला शोषक तथा दूसरा शोषित। शोषक वर्ग अमीर है,तथा शोषित वर्ग गरीब है। हम शोषित एवं गरीबों के पक्षधर है। हमारी मां और बहने काफी अभाव रहकर अपनी ज़िन्दगी व्यतित कर रही है। वें अपनी दुख- दर्द एवं गरीबी से जुझ रही है। लोक समिति महिलाओं की समस्याओं को समाधान हेतु प्रखंड स्तर से लेकर प्रदेश स्तर संघर्ष कर रही है, जिसमें आपका भरपूर सहयोग चाहिए। लोक समिति के जिला महासचिव शम्भुनाथ मिश्रा उर्फ ज्ञानी ने पूरा विस्तार से जिला के कार्यक्रम एवं गतिविधि पर प्रकाश डाला। इनके अलावा सम्मेलन को स्थानीय साथी लक्ष्मी नारायण राम, सीमा देवी वगैरह गणमान्य लोंगो ने सम्बोधित किया। जिला सम्मेलन के अन्त में सर्व सम्मति से 15 सदस्यों की एक महिला सेल की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने मिलकर रानी सिंह को सर्व सम्मति से निर्विरोध जिला महिला सेल का अध्यक्ष निर्वाचित किया तथा हृदया देवी, इन्दु देवी, शारदा देवी, उषा देवी, सीमा ठाकुर, बच्ची देवी, किरण देवी, सुनीता देवी ,सोनाली यादव, पुष्पा देवी, पूनम देवी रीता देवी, मीना देवी एवं सीमा देवी को जिला कार्यकारिणी की सदस्या के रूप में मनोनीत किया गया। रवीन्द्रनाथ तिवारी के अध्यक्षीय भाषण के साथ सभी को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात सम्मेलन की कार्यवाही समाप्त की गयी।



# राष्ट्र प्रथम की भावना से सशक्त संगठन ही विकसित बिहार और विकसित भारत का आधार : सम्राट चौधरी

## भाजपा संगठन राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम, कार्यकर्ता इसकी सबसे बड़ी ताकत


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना सिटी में संगठनात्मक जिला पटना महानगर द्वारा आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' के समापन सत्र में सहभागिता करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक वैचारिक संगठन है जो समर्पित कार्यकर्ताओं की शक्ति पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांत भाजपा की कार्यशैली का मूल आधार है। ऐसे प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से समृद्ध करने के साथ-साथ संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त बनाते हैं। उन्होंने संगठनात्मक यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं के संघर्ष, संगठन विस्तार की यात्रा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए जनकल्याणकारी कार्यों एवं बिहार में डबल इंजन सरकार के विकासात्मक प्रयासों को प्रभावशाली तरीके से प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है तथा गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल विकास एवं युवाओं के लिए अवसर सृजन जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवों और विचारों को समाज के बीच ले जाकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें तथा विकसित बिहार एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। 'राष्ट्र प्रथम' की भावना, सेवा का संकल्प और संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में 41 लाख परिवारों ने बनाया पक्का मकान : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ग्रामीण विकास, सूचना एवं जन-संपर्क मंत्री श्रवण कुमार सह जदयू विधायक दल के नेता ने कहा है कि सूबे के ग्रामीण क्षेत्रों में आवास विहीन परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण का लक्ष्य लगभग पूरा होने की ओर है। इस योजना के अंतर्गत 2016-17 से अब तक 49 लाख 18 हजार 758 लक्ष्य के मुकाबले कुल 49 लाख 9 हजार 797 लाभुकों को आवास की स्वीकृति दी गई है। इनमें से 41 लाख 12 हजार 565 लाभुकों ने आवास निर्माण पूरा कर लिया है। इस अवधि में 48 लाख 57 हजार 308 लाभुकों को पहली किश्त, 45 लाख 97 हजार 397 लाभुकों को दूसरी किश्त व 42 लाख 5 हजार 864 लाभुकों को तीसरी किश्त की राशि दी जा चुकी है।

**पहले चरण में शानदार उपलब्धि**

मंत्री ने बताया कि पहला चरण लगभग पूरा हो चुका है जबकि दूसरे चरण में भी अच्छी प्रगति दर्ज की गई है। पहले चरण (2016-17 से 2021-22) में 37 लाख 1 हजार 138 आवास निर्माण का लक्ष्य था जिसके विरुद्ध 37 लाख 571 लाभुकों को स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें से 36 लाख 99 हजार 636 लाभुकों को प्रथम किश्त, 36 लाख 70 हजार 490 को दूसरी किश्त और 36 लाख 54 हजार 709 लाभुकों को तीसर किश्त का भुगतान किया जा चुका है। 36 लाख 62 हजार 143 लाभुकों ने आवास निर्माण पूर्ण कर लिया है। मंत्री श्री कुमार ने आगे बताया कि दूसरे चरण में वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए प्राप्त लक्ष्य 12 लाख 17 हजार 620 के विरुद्ध 12 लाख 9 हजार 226 लाभुकों को आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 11 लाख 57 हजार 672 लाभुकों को प्रथम किश्त, 9 लाख 26 हजार 907 को द्वितीय किश्त व 5 लाख 51 हजार 155 लाभुकों को तृतीय किश्त की राशि जारी कर दी गई है। 4 लाख 50 हजार 422 लाभुकों ने आवास निर्माण पूरा कर लिया है। योजना पर अब तक 55,66,080.05 लाख रुपये (लगभग 5.57 लाख करोड़) खर्च किए जा चुके है। शेष निर्माण के लिए 4,27,528.80 लाख (लगभग 42,753 करोड़) अतिरिक्त राशि की जरूरत है। वित्तीय वर्ष 2026-27 से सभी लाभार्थियों को सहायता राशि एसएनए-स्पर्श के माध्यम से दी जाएगी। फिलहाल राज्य नोडल खाते में राशि समाप्त हो चुकी है। इस संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय से 1,600 करोड़ रुपये के मदर सैंक्शन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। बता दें कि वित्तीय वर्ष 2016-17 से इन्दिरा आवास योजना को पुर्नगठित कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) चल रहा है। इस योजना के तहत प्रति लाभुक को आवास निर्माण के उद्देश्य से 1.20 लाख रुपये की सहायता राशि दी जा रही है।

# एलजीइ इंडिया ने किया सबसे अधिक तिमाही राजस्व दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही के नतीजों की घोषणा की। इस तिमाही में एलजीई इंडिया ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ तिमाही प्रदर्शन दर्ज किया-चौथी तिमाही वित्त वर्ष 26 में संचालन से 80.54 बिलियन का राजस्व प्राप्त किया जबकि चौथी तिमाही वित्त वर्ष 25 में यह 74.48 बिलियन था। साथ ही चौथी तिमाही वित्त वर्ष 26 में एबिटडा मार्जिन 11.7 प्रतिशत रहा। यह मजबूत तिमाही प्रदर्शन सभी श्रेणियों में व्यापक मांग में हुए सुधार और लार्ज-पैनल टीवी, फ्रेंच-डोर रेफ्रिजरेटर, फुली ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन और 5-स्टार रेटेड एयर कंडीशनर के नेतृत्व में प्रीमियम उत्पादों की निरंतर बढ़ती मांग से प्रेरित था। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर होंग जू जियोन ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने चौथी तिमाही वित्त वर्ष 26 में अपना अब तक का सबसे अधिक तिमाही राजस्व दर्ज किया है जो हमारे ब्रांड की मजबूती और हमारे बिजनेस मॉडल के लचीलता का प्रमाण है।

# एनटीपीसी बाढ़ में बालिका सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बाढ़।** एनटीपीसी बाढ़ द्वारा आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान-2026 का उद्घाटन समारोह सौहार्द भवन, ओजस नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरेकृष्ण जेना, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एनटीपीसी बाढ़ एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनटीपीसी गीत एवं जीइएम छात्राओं के स्वागत गीत से हुई। बालिका सशक्तिकरण अभियान-2026 के अंतर्गत परियोजना प्रभावित क्षेत्रों से चयनित 55 बालिकाओं को 28 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास के माध्यम से सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को गणित, अंग्रेजी, हिंदी, कंप्यूटर शिक्षा एवं सामान्य ज्ञान के साथ-साथ योग, कराटे, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा नेतृत्व क्षमता से संबंधित विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। अपने संबोधन में हरेकृष्ण जेना ने कहा कि यह अभियान ग्रामीण बालिकाओं के सपनों को नई उड़ान देने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बालिकाएं ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। कार्यक्रम के दौरान पिछले वर्ष की जीइएम छात्राओं एवं बाल भवन के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही जीइएम छात्राओं द्वारा अपने अनुभव भी साझा किए गए। इसी क्रम में जीइएम फिल्म का प्रदर्शन एवं छात्राओं के बीच शिक्षण सामग्री किट का वितरण भी किया गया। उद्घाटन समारोह के साथ ही बालिका सशक्तिकरण अभियान-2026 की औपचारिक शुरुआत हुई जो आगामी चार सप्ताह तक विभिन्न शिक्षाप्रद एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में अजीत कुमार सिंह, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम), अरुण कुमार सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं ईंधन प्रबंधन), मंदाकिनी क्लब की वरिष्ठ सदस्याएं, विभिन्न विभागाध्यक्षगण, एसोसिएशन एवं यूनियन के पदाधिकारीगण, जीइएम -2026 में सहभागी बालिकाएं, उनके अभिभावक, प्रशिक्षण एजेंसी के प्रतिनिधिगण तथा अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हर थाली में बिहारी तरकारी, अभियान को मिलेगा बड़ा मंच, पटना में जुटेंगे देशभर के खरीदार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हर थाली में बिहारी तरकारी अभियान को गति देने के लिए 25 मई को डी.एन.एस., क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पटना में राज्यस्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न संस्थागत खरीदार, सब्जी उत्पादक समूह, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), विभिन्न सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि और कृषि विशेषज्ञ भाग लेंगे। सम्मेलन का शुभारंभ सुबह 9:30 बजे सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव करेंगे। सहकारिता विभाग के अंतर्गत बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी फेडरेशन लिमिटेड (वेजफेड) द्वारा इस एक दिवसीय राज्यस्तरीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन 2026 का आयोजन किया जा रहा है। सहकारिता विभाग राज्य के सब्जी उत्पादक किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने और इसके लिए सशक्त बाजार व्यवस्था विकसित करने के लिए यह पहल कर रहा है। बिहार सब्जी उत्पादन एवं बागवानी के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।

# संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी संगठन जिला ढाका द्वारा मोतिहारी के रामसन प्लाजा, बरियारपुर में आयोजित दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' जिला स्तरीय कार्यशाला के दूसरे दिन बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के लिए संगठन सर्वोपरि है और कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास की सोच को पहुंचाने के लिए समर्पित है। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं में वैचारिक चेतना, संगठनात्मक अनुशासन और सेवा भाव को मजबूत करने का एक व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल दर्शन अंत्योदय और एकात्म मानववाद पर आधारित है जिसमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और बिहार में एनडीए सरकार गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आज देश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन इसके साथ अनेक राजनीतिक और सामाजिक चुनौतियां भी सामने हैं। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन इसलिए बनी है क्योंकि यहां कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं और संगठन की विचारधारा ही पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा, समर्पण और अनुशासन के साथ समाज के बीच सक्रिय रहने का आग्रह किया।

# होटल में घुसकर युवती से छेड़खानी, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रूपसपुर थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में युवती से छेड़खानी का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बेगूसराय से आए एक व्यक्ति अपनी पुत्री के साथ होटल हिडेन विला में ठहरे हुए थे। इसी दौरान देर रात नशे की हालत में एक युवक उनके कमरे में घुस गया और युवती के साथ छेड़खानी करने लगा। घटना के दौरान पिता के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भागने लगा। इसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही रूपसपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छापेमारी कर आरोपी सतेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बिहार के जंगलों और झीलों में निवेश का बड़ा मौका, सरकार ने निवेशकों को दिया न्योता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से रविवार को अरण्य भवन में निवेशकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों एवं निवेशकों ने भाग लिया। बैठक में बिहार में इकोटूरिज्म की अपार संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा राज्य में विश्वस्तरीय पर्यटन अवसंरचना विकसित करने की दिशा में विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में विभाग के पीसीसीएफ हॉफ अरविंदर सिंह ने बताया कि भीमबांध परियोजना का आरएफपी पहले ही सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके साथ ही विभाग द्वारा ईओआई भी जारी किया गया है जिसमें 27 डैम साइट्स तथा 247 तालाब एवं पोखर स्थलों को चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग इन स्थलों पर निजी निवेशकों को आमंत्रित करना चाहता है, ताकि बड़े पैमाने पर इकोटूरिज्म को विकसित किया जा सके। उन्होंने बताया कि विभाग की योजना इन स्थलों को मानकों के अनुरूप विश्वस्तरीय अवसंरचना के साथ विकसित करने की है। इसके लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा और परियोजनाओं को 'बिल्ड, ऑपरेट एंड ट्रांसफर' मॉडल पर संचालित किया जाएगा। बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल ही में अपलोड किए गए आरएफपी एवं ईओआई के संबंध में निवेशकों और संबंधित पक्षों को जानकारी उपलब्ध कराना था। साथ ही आगामी 9 जून को आयोजित होने वाली बैठक के लिए उद्योग एवं व्यापार संगठनों, चैंबर ऑफ कॉमर्स, सीआईआई तथा बड़े निवेशकों को आमंत्रित करने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। विभाग ने निजी

# के.वाई.पी. में भारी अव्यवस्था से छात्रों का भविष्य संकट में, मिशन निदेशक और स्कूलनेट पर उठे गंभीर सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/वैशाली।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी कुशल युवा कार्यक्रम योजना अब गंभीर विवादों में घिरती जा रही है। बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित इस योजना में पूरे बिहार से छात्रों एवं प्रशिक्षण केंद्र संचालकों द्वारा लगातार तकनीकी गड़बड़ी, परीक्षा बाधित होने, प्रमाणपत्र लंबित रहने और भुगतान अटकने की शिकायतें सामने आ रही है। छात्रों का आरोप है कि महीनों तक नियमित प्रशिक्षण लेने के बावजूद उनका ऑनलाइन एग्जाम समय पर नहीं हो पा रहा है। कई छात्रों का कोर्स अंतिम चरण में पहुंचकर भी अधूरा दिखाया जा रहा है जिसके कारण उन्हें न प्रमाणपत्र मिल रहा है और न ही सिक्योरिटी डिपॉजिट वापस हो पा रहा है।

वहीं दूसरी ओर के.वाई.पी. केंद्र संचालकों का कहना है कि प्रशिक्षण पूरा कराने के बावजूद महीनों से उनकी राशि लंबित है। संचालकों का आरोप है कि पोर्टल की खराब व्यवस्था, सर्वर की तकनीकी समस्याएं और गलत नीतियों ने पूरे सिस्टम को अव्यवस्थित कर दिया है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि इस संबंध में बिहार कौशल विकास मिशन के निदेशक मनीष शंकर से संपर्क करने पर केवल 'टालमटोल' किया जाता है। संचालकों का कहना है कि समस्याओं के समाधान के बजाय लगातार आश्वासन देकर मामले को टाल दिया जाता है। इसके साथ ही योजना के संचालन से जुड़े स्कूलनेट के कर्मियों पर भी सही और वास्तविक जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया गया है। केंद्र संचालकों का कहना है कि परीक्षा बाधित होने, कोर्स अधूरा रहने एवं तकनीकी गड़बड़ियों को लेकर स्पष्ट जवाब नहीं दिया जाता जिससे छात्रों और प्रशिक्षण केंद्रों में भारी असंतोष है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये स्वतंत्रता सेनानी वैद्यनाथ ओझा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रविवार को स्वतंत्रता सेनानी एवं आयुर्वेद के महान चिकित्सक स्वर्गीय वैद्य नाथ ओझा की पुण्यतिथि पर वैद्यनाथ जानकी सामाजिक सेवा संस्थान के प्रधान कार्यालय पटना में तथा उनके पैतृक गांव कर्जा में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पटना में संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ ओझा की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय था 'पाश्चात्य चिकित्सा प्रणाली और आयुर्वेद'। अपने अध्यक्षीय भाषण में संस्था के अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ ओझा ने बताया कि पश्चिमी देशों के सोची समझी साजिश और मैकाले की शिक्षा व्यवस्था ने हमारे संस्कृति के साथ-साथ आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को भी बहुत नुकसान पहुंचाया। पर आयुर्वेद की दिशा में हो रहे अध्ययन और शोध से यह साबित हो रहा है कि यह चिकित्सा प्रणाली बहुत से क्षत्रों में एलोपैथ और अन्य चिकित्सा प्रणालियों से काफी आगे है।

# भगवानपुर कांड में कांग्रेस जांच दल ने किया घटनास्थल का दौरा, पीड़ित परिवार को दिलाया न्याय का भरोसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित जांच प्रतिनिधिमंडल ने आज भगवानपुर में हुई अपराधिक घटना के संबंध में घटनास्थल का दौरा किया तथा पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और उनकी आवाज को मजबूती से उठाने का भरोसा दिया। पीड़ित परिवार ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि घटना के बाद जब वे थाना पहुंचे तो उनकी कोई समुचित सुनवाई नहीं हुई और केवल आवेदन लेकर मामले को टालने की कोशिश की गई। परिवार का आरोप है कि पुलिस जांच के लिए पहुंची जरूर, लेकिन वहां भी उनके साथ अभद्र व्यवहार एवं गाली-गलौज किया गया। इससे यह प्रतीत होता है कि मामले को दबाने और पीड़ित पक्ष की आवाज को कमजोर करने का प्रयास किया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। घटना स्थल पर मौजूद मीडिया कर्मी को संबोधित करते हुए प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस नेता मिन्नत रहमानी ने कहा कि राज्य सरकार इस मामले की निष्पक्ष जांच कराए, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करे तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराए। प्रतिनिधिमंडल में मिन्नत रहमानी के अलावा प्रेमचंद सिंह, प्रो. कुमारी अनिता, रणजीत वाल्मीकि, रीता सिंह, एडवोकेट नीलम प्रवीण, नंद किशोर सिंह, सुधीर शर्मा समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# तर्कशास्त्रकार अन्नमभट्ट की स्मृति में संस्कृत शिक्षण शिविर सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना द्वारा आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित तर्कसंग्रहकार अन्नमभट्ट स्मृति अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य समापन समारोह संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह लगातार 44 वां संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर रहा जिसमें देश-विदेश के अनेक विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के प्राचार्य, आचार्य तथा प्रतिभागी जुड़े। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि संस्कृत भाषा को जन -जन तक पहुंचाकर ही तर्कसंग्रहकार अन्नमभट्ट को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। उन्होंने संस्कृत को भारतीय संस्कृति और ज्ञान परम्परा की आधारशिला बताते हुए इसके प्रसार में सभी भारतीयों को सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने तर्कसंग्रहकार अन्नमभट्ट के योगदानों की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि न्याय एवं वैशेषिक दर्शन को सरल रुप से समझने के लिए तर्कसंग्रह ग्रंथ का अध्ययन अति आवश्यक है। पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा पदाधिकारी उत्तर प्रदेश अमरनाथ उपाध्याय ने कहा कि संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर में उपस्थित होना अति आवश्यक है।

# बिहार एआई समिट में जीएनएसयू के छात्रों ने प्रस्तुत किया 'एग्री हेल्थ एआई' प्रोजेक्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ऊर्जा भवन में 23 और 24 मई को आयोजित 'बिहार एआई समिट 2026' में गोपाल नारायण सिंह यूनिवर्सिटी, जमुहार के बीटेक (सीएस एंड ई) छठे सेमेस्टर के छात्रों ने किसानों के लिए अपना एआई आधारित प्रोजेक्ट 'एग्री हेल्थ एआई' प्रस्तुत किया। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य किसानों की खेती से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना और उन्हें तकनीक के माध्यम से बेहतर सहायता उपलब्ध कराना है। छात्रों द्वारा तैयार किए गए इस प्लेटफॉर्म में कई आधुनिक फीचर जोड़े गए हैं जिनमें 'माय फील्ड्स', 'क्रॉप स्कैन', 'फार्मर एआई असिस्टेंट', 'स्कीम्स एंड अलर्ट्स', 'मंडी मार्केट', 'न्यूज एंड एफएक्यू', 'कम्युनिटी', 'रिपोर्ट एंड एनालिटिक्स' और 'सेटिंग्स' जैसे सेक्शन शामिल हैं। 'माय फील्ड्स' फीचर के जरिए किसान अपनी जमीन की जानकारी एपीआई स्कैन के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद सिस्टम मिट्टी की गुणवत्ता, उसकी कमी, जरूरी पोषक तत्व, उपयुक्त फर्टिलाइजर और किस फसल के लिए जमीन बेहतर है, इसकी जानकारी देता है।

वहीं 'क्रॉप स्कैन' फीचर में किसान फसल की तस्वीर अपलोड कर सकते हैं। एआई तकनीक उस तस्वीर का विश्लेषण करके बीमारी, उसके लक्षण, उपचार, जरूरी दवाइयों और बचाव के तरीकों की जानकारी देता है। प्रोजेक्ट में मंडी बाजार का भी विशेष फीचर जोड़ा गया है। इसमें मशीन लर्निंग एल्गोरिद्म के जरिए फसलों के बाजार भाव का अनुमान लगाया जाता है। इससे किसान यह समझ सकेंगे कि उन्हें अपनी फसल कब बेचनी चाहिए और कब रोककर रखना फायदेमंद हो सकता है।

इसके अलावा प्लेटफॉर्म पर सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई है। किसान पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं की पूरी जानकारी, जरूरी दस्तावेज और आवेदन प्रक्रिया इसी प्लेटफॉर्म के जरिए देख सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म हिंदी, अंग्रेजी और भोजपुरी सहित कई भाषाओं में उपलब्ध है, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान इसका उपयोग कर सकें। प्रोजेक्ट में एक स्मार्ट फर्टिलाइजर गाइड फीचर भी जोड़ा गया है जिसमें किसान अपनी जमीन का आकार और फसल चुनकर यह जान सकते हैं कि कितनी मात्रा में यूरिया, डीएपी और पोटाश का उपयोग करना चाहिए। छात्रों ने आईओटी आधारित सेंसर भी प्रदर्शित किए जो मिट्टी की नमी, तापमान और ह्यूमिडिटी की लाइव जानकारी देते हैं। इससे किसानों को खेत की स्थिति की रियल टाइम जानकारी मिल सकेगी।

# बिहार की तीन विभूतियों को पद्मश्री सम्मान, कला और कृषि विज्ञान में मिला राष्ट्रीय गौरव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों में बिहार की तीन विभूतियों को पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया है। लोक नृत्य, भोजपुरी लोक संगीत और कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। राष्ट्रपति भवन में 25 मई 2026 को आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पद्म पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस वर्ष बिहार के प्रसिद्ध लोक नृत्याचार्य विश्व बंधु को मरणोपरांत पद्मश्री सम्मान दिया जाएगा। वहीं भोजपुरी लोक संगीत के संरक्षण और संवर्धन में अहम योगदान देने वाले भरत सिंह भारती को भी पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा कृषि विज्ञान और प्रसार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉ. गोपाल जी त्रिवेदी को मरणोपरांत पद्मश्री सम्मान प्रदान किया जाएगा। 23 नवंबर 1930 को जन्मे विश्व बंधु बिहार के प्रमुख सांस्कृतिक व्यक्तित्वों में गिने जाते थे। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय, लोक एवं रचनात्मक नृत्य परंपराओं को नई पहचान दिलाई। एक नर्तक, कोरियोग्राफर और गुरु के रूप में उन्होंने बिहार के आधुनिक नृत्य आंदोलन को दिशा दी और लोक नृत्य को सामाजिक जागरूकता के प्रभावी माध्यम के रूप में स्थापित किया। भोजपुर जिले के नोनौर गांव में 20 नवंबर 1936 को जन्मे भरत सिंह भारती भोजपुरी लोक संगीत की दुनिया का बड़ा नाम है। सात दशकों से अधिक समय तक उन्होंने लोक संगीत के संरक्षण और प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# संपादकीय

## चार धाम यात्रा -हेलिकॉप्टर हादसों ने बढ़ाई उत्तराखंड में सुरक्षा की चिंता

बद्रीनाथ से तीर्थ यात्रियों को लेकर लौट रहे एक हेलिकॉप्टर को तकनीकी कारणों से टिहरी के चंबा-आराकोट क्षेत्र में आपात स्थिति में उतरना पड़ा। इस दौरान बिजली की तारों के संपर्क में आने से हेलिकॉप्टर के पिछले हिस्से को नुकसान पहुंचा।उत्तराखंड अपने प्राकृतिक सौंदर्य, ऊंची-ऊंची चोटियों और धार्मिक स्थलों की वजह से दुनिया भर में प्रसिद्ध है। पर्यटन का कारोबार राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। खासकर चार धाम यात्रा के लिए यहां साल भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

राज्य में पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन उस लिहाज से व्यवस्थागत ढांचे का विस्तार नहीं हो पाया है।पहाड़ी प्रदेश होने की वजह से यहां के मौसम में अचानक बदलाव आने से भारी बारिश और भूस्खलन की घटनाएं आम बात हैं। ऐसे में पर्यटकों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यही नहीं, पर्यटकों को ले जाने और वापस लाने वाले हेलिकॉप्टर के हादसाग्रस्त हो जाने की घटनाएं भी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा रही हैं।ऐसी ही एक घटना बुधवार सुबह हुई, जब बद्रीनाथ से तीर्थ यात्रियों को लेकर लौट रहे एक हेलिकॉप्टर को तकनीकी कारणों से टिहरी के चंबा-आराकोट क्षेत्र में आपात स्थिति में उतरना पड़ा।

इस दौरान बिजली की तारों के संपर्क में आने से हेलिकॉप्टर के पिछले हिस्से को नुकसान पहुंचा, हालांकि उसमें सवार यात्री सुरक्षित हैं।उत्तराखंड सरकार की ओर से राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं और प्रोत्साहन कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जिससे निश्चित रूप से पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ है।

मगर सवाल है कि सरकार के ये कदम क्या सिर्फ राजस्व अर्जित करने तक सीमित हैं, या पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था को भी केंद्र में रखा जाता है? यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण है कि पहाड़ी प्रदेश होने के नाते क्षेत्रीय मौसम में बदलाव का सटीक पूर्वानुमान लगाने की व्यवस्था हो, ताकि पर्यटकों और परिवहन एजेंसियों को पहले ही संभावित खतरे से सतर्क किया जा सके।

इससे पहले भी चार धाम यात्रा मार्ग पर हेलिकॉप्टरों के हादसे का शिकार होने की घटनाएं हो चुकी हैं। मगर ऐसा लगता है कि इन हादसों से शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है। हालांकि, सरकार की ओर से धार्मिक यात्रा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया लागू की गई है, लेकिन जब तक इसे कड़ाई से लागू नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं होगी, तब तक व्यवस्था में आमूल-चूल सुधार नहीं हो पाएगा।

---

**हमारे देश का राजनीतिक तापमान तो वर्षपर्यंत उच्च रहता आया है और चुनावी इलाकों में इसके वैचारिक हीट स्ट्रोक से सिस्टम का झुलसना स्वाभाविक माना जाता है। लेकिन जब मई-जून के महीने में मौसमी तापमान जानलेवा स्तर तक खतरनाक रूप से चढ़ता जाता है तो लोग बाग परेशान हो उठते हैं। फिर अपनी राजनीतिक, प्रशासनिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक गलतियों पर पछतावा के अलावा कुछ नहीं मिलता, क्योंकि विकास के नाम पर आधुनिक भारतीय सभ्यता विनाश की ओर बढ़ती चली जा रही है और पश्चिमी शिक्षा प्राप्त हमारे हुक्मरान तमाशबीन बने बैठे हैं, क्योंकि हरेक आपदा को अवसरों में बदलकर अपनी कमाई बढ़ाने का धंधा उन्होंने सीख लिया है।**

## भारत में जानलेवा हुई गर्मी के साइड इफेक्ट्स समझिए, इसके कारण और बचाव के उपाय जानिए

**(कमलेश पांडे)**

विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स के अनुसार, इस सीजन 27 अप्रैल और 19 मई दो ऐसे दिन रहे, जब धरती के सबसे ज्यादा गर्म 50 शहरों में सभी भारत के थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट हमें चेताती है कि देश के 50 प्रतिशत से ज्यादा शहरों में भीषण गर्मी का खतरा 'अधिक' से लेकर 'बेहद अधिक' के स्तर तक पहुंच चुका है।


हमारे देश का राजनीतिक तापमान तो वर्षपर्यंत उच्च रहता आया है और चुनावी इलाकों में इसके वैचारिक हीट स्ट्रोक से सिस्टम का झुलसना स्वाभाविक माना जाता है। लेकिन जब मई-जून के महीने में मौसमी तापमान जानलेवा स्तर तक खतरनाक रूप से चढ़ता जाता है तो लोग बाग परेशान हो उठते हैं। फिर अपनी राजनीतिक, प्रशासनिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक गलतियों पर पछतावा के अलावा कुछ नहीं मिलता, क्योंकि विकास के नाम पर आधुनिक भारतीय सभ्यता विनाश की ओर बढ़ती चली जा रही है और पश्चिमी शिक्षा प्राप्त हमारे हुक्मरान तमाशबीन बने बैठे हैं, क्योंकि हरेक आपदा को अवसरों में बदलकर अपनी कमाई बढ़ाने का धंधा उन्होंने सीख लिया है। बेशक अपवाद भी होंगे, लेकिन अल्पमत में, जिनकी लोकतंत्र में कम कद्र होती आई है।

वहीं, भारत में बढ़ती खतरनाक गर्मी केवल मौसमी बदलाव नहीं है, बल्कि जलवायु परिवर्तन, तेजी से शहरीकरण, जंगलों की कटाई और प्रदूषण का संयुक्त परिणाम बन चुकी है। हाल के वर्षों में उत्तर भारत, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य भारत में 46 डिग्री, 48 डिग्री तक तापमान दर्ज हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश का एक बड़ा हिस्सा इस समय भट्ठी बना हुआ है। हमारे शहर हीट आइलैंड में तब्दील होते जा रहे हैं। उत्तर भारत से लेकर मध्य भारत तक, ज्यादातर शहरों में औसत तापमान सामान्य से 3-5 डिग्री सेल्सियस ऊपर चल रहा है। कहीं कहीं तो पिछले 14-15 वर्षों के रिकॉर्ड टूट चुके हैं। कोढ़ में खाज यह कि फिलहाल राहत के संकेत नहीं है, क्योंकि अल-नीनो की वजह से मौसम आगे और कड़ी परीक्षा ले सकता है।

अलबत्ता आप मानें या न मानें, लेकिन गर्मी की बढ़ती प्रवृति में भविष्य के लिए सबसे बड़ा संदेश छिपा हुआ है। वह यह कि यदि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन नहीं बनाया गया तो भारत में गर्मी केवल असुविधा नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य और आर्थिक संकट बन सकती है। लिहाजा, आने वाले वर्षों में जल संरक्षण, हरित विकास और स्वच्छ ऊर्जा ही सबसे बड़े समाधान होंगे।

विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स के अनुसार, इस सीजन 27 अप्रैल और 19 मई दो ऐसे दिन रहे, जब धरती के सबसे ज्यादा गर्म 50 शहरों में सभी भारत के थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट हमें चेताती है कि देश के 50 प्रतिशत से ज्यादा शहरों में भीषण गर्मी का खतरा 'अधिक' से लेकर 'बेहद अधिक' के स्तर तक पहुंच चुका है। और तो और, साल 2015 से 2020 के दरम्यान लू वाले दिनों का औसत 7.4 दिन से बढ़कर 32.2 दिन हो गया है, और यह लगातार बढ़ रहा है। इसका गहरा दुष्प्रभाव हमारी सेहत और अर्थव्यवस्था दोनों पर पड़ने के आसार प्रबल हैं।

हमारे शहरों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं, क्योंकि वो अंधाधुंध विकास की होड़ में अपनी हरियाली उजाड़कर उन्हें कंक्रीट के जंगलों में तब्दील करते जा रहे हैं। लिहाजा, भारत में गर्मी अब हर साल एक नया रेकॉर्ड बना रही है। चिंताजनक बात यह है कि दिन तो तपते ही हैं, अब रातें भी तपने लगी हैं और राहत देने वाली नहीं रहीं। इस 20 मई को दिल्ली ने मई महीने में 13 साल की सबसे गर्म रात देखी, जब न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस ऊपर रहा। 21 मई को स्थिति उससे भी ज्यादा बुरी हुई।इस प्रकार से हाल के बरसों में हीटवेव की तीव्रता, उसका समय और सीमा अभूतपूर्व रूप से बढ़े हैं। इससे शहरों पर संकट ज्यादा है, जो घटती हरियाली, बढ़ते कंक्रीट स्ट्रक्चर और प्रदूषण की वजह से अर्बन हीट आईलैंड इफेक्ट झेल रहे हैं।



इससे हमारे कामकाज पर भी नकारात्मक असर पड़ चुका है, क्योंकि मौसम की यह मार दोतरफा है- सेहत और अर्थव्यवस्था दोनों पर पड़ चुकी है। नैशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के मुताबिक, 2025 में हीट स्ट्रोक के सात हजार से ज्यादा सस्पेक्टेड केस सामने आए थे। हालांकि माना जाता है कि भारत में हीट स्ट्रोक और उससे होने वाली मौतों का सही आंकड़ा रिपोर्ट नहीं हो पाता। क्योंकि देश की एक बड़ी आबादी मौसम का सीधा वार झेलती रहती है। इनमें गिग वर्कर्स, दिहाड़ी मजदूर, स्ट्रीट वेंडर्स वगैरह भी शामिल हैं। चूंकि घर बैठने से न इनका काम चलेगा और न अपने देश का। लिहाजा इस मौसम में ये सबसे ज्यादा जोखिम में ये लोग ही होते हैं। किसान और मजदूर भी इन्हीं जैसे होते हैं। ऐसे में इनकी सुरक्षा के लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते है, जैसे सार्वजनिक शेल्टर, पेयजल की व्यवस्था और जहां संभव हो वहां काम के घंटों और चरित्र में बदलाव। इसे गंभीर चेतावनी के रूप में लिया जा सकता है।

चूंकि बढ़ती हुई गर्मी से हमारी आपकी कार्यक्षमता पर सीधा असर पड़ता है, काम के घंटे कम होते हैं और प्रॉडक्टिविटी भी घट जाती है। लिहाजा यह बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदेह है। एक आकलन के मुताबिक, यदि यही हाल रहा तो 2030 तक गर्मी की वजह से भारत की जीडीपी का 4.5 प्रतिशत प्रभावित होगा। ये सारे आंकड़े एक गंभीर चेतावनी हैं। चूंकि क्लाइमेट चेंज की वजह से मौसम के और बिगड़ने की आशंका है, इसलिए बेहतर रहेगा अगर हमलोग अपनी तैयारी पहले से कर लें।

**भारत में खतरनाक गर्मी बढ़ने के प्रमुख कारण जानिए** – भारत में खतरनाक गर्मी बढ़ने के प्रमुख कारण इस प्रकार हैं- पहला, जलवायु परिवर्तन- धरती का औसत तापमान लगातार बढ़ रहा है। वैज्ञानिक रिपोर्टों के अनुसार मानव गतिविधियों से पैदा हुई ग्लोबल वार्मिंग ने भारत में हीटवेव को अधिक लंबा और तीव्र बना दिया है। दूसरा, जंगलों की कटाई- पेड़ प्राकृतिक कूलिंग सिस्टम होते हैं। लिहाजा बड़े पैमाने पर वनों की कटाई से नमी कम हो रही है, वर्षा चक्र प्रभावित हो रहा है, जमीन अधिक गर्म हो रही है। तीसरा, शहरी हीट आइलैंड प्रभाव -कंक्रीट, डामर, वाहन, एसी और उद्योग शहरों को हीट ट्रैप बना रहे हैं। शहर रात में भी गर्म बने रहते हैं। चौथा, प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैसें- कोयला, पेट्रोल-डीजल, फैक्ट्रियों और वाहनों से निकलने वाली गैसें वातावरण में गर्मी रोकती हैं। पांचवां, कमजोर मानसून और एल-नीनो- एल-नीनो जैसी वैश्विक मौसमी घटनाएँ भारत में सूखा और गर्म हवाएँ बढ़ाती हैं। छठा, भूजल की कमी और सूखी जमीन जब मिट्टी में नमी कम होती है तो धरती तेजी से गर्म होती है। इससे लू और अधिक खतरनाक हो जाती है। सातवां, अनियोजित विकास- खुले मैदान कम होना, झीलों और तालाबों का खत्म होना, अत्यधिक कंक्रीट निर्माण इनसे स्थानीय तापमान तेजी से बढ़ रहा है।

**गर्मी से होने वाले खतरे को समझिए** – गर्मी से होने वाले खतरे निम्नलिखित हैं- हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, हार्ट और बीपी की समस्या, बच्चों और बुजुर्गों में मृत्यु जोखिम, फसल नुकसान, बिजली और पानी संकट श्रमिकों की कार्यक्षमता में कमी, भारत में हीटवेव से स्वास्थ्य संकट तेजी से बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

**ये हैं व्यक्तिगत स्तर पर बचने के प्रमुख निदान** – व्यक्तिगत स्तर पर बचने के प्रमुख निदान इस प्रकार हैं- पहला, दोपहर में बाहर निकलने से बचें, विशेषकर 12 बजे से 4 बजे तक। दूसरा, पर्याप्त पानी पिएँ, ओआरएस, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी। तीसरा, हल्के सूती कपड़े पहनें, गहरे रंग और टाइट कपड़ों से बचें। चौथा, शरीर को ठंडा रखें, सिर ढकें, छाता प्रयोग करें, गीला कपड़ा रखें। पांचवां, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान, उन्हें बंद और गर्म कमरों में न रखें। हमें सामाजिक और सरकारी स्तर पर निम्नलिखित कदम उठाने चाहिए

**सामाजिक और सरकारी स्तर पर निम्नलिखित** – कदम उठाने चाहिए- पहला, बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण- यह सबसे सस्ता और प्रभावी उपाय है। दूसरा, तालाब और जलस्रोत बचाना- स्थानीय तापमान कम करने में मदद मिलती है। तीसरा, कूल रूफ अभियान- सफेद या परावर्तक छतें घरों को ठंडा रखती हैं। चौथा, शहरों में हरित क्षेत्र बढ़ाना- पार्क ग्रीन कॉरिडोर, छायादार सड़कें। पांचवां, प्रदूषण नियंत्रण- स्वच्छ ऊर्जा और इलेक्ट्रिक परिवहन को बढ़ावा देना।

---

## क्या 'कॉकरोच जनता पार्टी' के पास राजनीतिक जमीन है?

**(अवतेंश चित्राश)**

कॉकरोच पृथ्वी पर डायनासोर से भी पहले से मौजूद जीव माना जाता है। यह एक निशाचर कीड़ा है, जो अंधेरी, गर्म और नम जगहों में पनपता है।सोशलमीडिया हैंडल 'कॉकरोच जनता पार्टी' के पास राजनीतिक जमीन नहीं है, जबकि आम आदमी पार्टी राजनीतिक व्यवस्था को बदलने की जमीन तैयार करने के बाद अस्तित्व में आई थी। नेपाल में जेन-जी आंदोलन राजनीतिक रूप से खोखली हो चुकी व्यवस्था की पृष्ठभूमि में खड़ा हुआ था, जबकि बांग्लादेश में बदलाव की जमीन मुख्यतः मजहबी कट्टरता पर आधारित थी। ऐसे में सवाल यह है कि सोशलमीडिया पर बने हैंडल 'कॉकरोच जनता पार्टी' के पास राजनीतिक आधार क्या है, सिवाय इसके कि वह केवल भारतीय जनता पार्टी का विरोध कर रही है? वह पूरे राजनीतिक तंत्र का विरोध नहीं कर रही, जिसे बदलने के उद्देश्य से अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे।

**एक कहावत है—भागते भूत की लंगोटी ही सही** – दरअसल, 'कॉकरोच जनता पार्टी' के कर्ताधर्ता अभिजीत दीपके ने कुछ ऐसा ही किया है। सोशल मीडिया के इस दौर में, जब भ्रम आग से भी तेज गति से फैलता है, तब भारत के चीफ जस्टिस का एक शब्द कॉकरोच का दीपके ने जिस तरह इस्तेमाल किया, उसने उसे अचानक चर्चा के केंद्र में ला दिया।

हालांकि, इस भ्रम के टूटने में ज्यादा समय नहीं लगेगा, क्योंकि केजेपी के पास कोई ठोस नैतिक आधार नहीं है। और राजनीति में वैचारिक व नैतिक जमीन का होना पहली शर्त माना जाता है। मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं, इसे समझने के लिए उस संदर्भ को समझना जरूरी है, जिसमें चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कॉकरोच शब्द को राष्ट्रीय बहस का विषय बना दिया। यह संदर्भ स्वयं युवाओं, विशेषकर जेन-जी, के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौती को उजागर करता है। जेन-जी के भीतर विभाजन की शुरुआत ही आरक्षण व्यवस्था से हो जाती है, जो अवसर की समानता के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बनकर सामने आती है। सवाल यह है कि अभिजीत दीपके इस चुनौती का सामना कैसे करेंगे?

**कहां से शुरू हुआ यह मामला?**– पूरा मामला दिल्ली हाई कोर्ट के वकील संजय दुबे की एक याचिका से शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने अयोग्य वकीलों को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दिए जाने का विरोध किया था। इस याचिका की सुनवाई भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच कर रही थी। सुनवाई के दौरान बेंच ने संजय दुबे से पूछा कि क्या उनके पास अपने सीनियर एडवोकेट के दर्जे के लिए मुकदमा लड़ने के अलावा कोई और मामला नहीं है? मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने टिप्पणी करते हुए कहा, पूरी दुनिया शायद सीनियर दर्जे के लिए पात्र हो सकती है, लेकिन कम-से-कम आप नहीं हैं।

यदि हाई कोर्ट आपको सीनियर घोषित भी कर देता है, तो हम आपके पेशेवर आचरण को देखते हुए उसे रद्द कर देंगे। सुनवाई के दौरान वकीलों की कानून की डिग्रियों की जांच प्रक्रिया का मुद्दा भी उठा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ वकीलों द्वारा डाली जा रही सामग्री को देखकर उन्हें कई वकीलों की कानून की डिग्रियों की प्रामाणिकता पर गंभीर संदेह होता है। उन्होंने कहा कि वह ऐसे किसी उपयुक्त मामले की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिसमें दिल्ली के कई वकीलों की डिग्रियों की सत्यता की जांच सीबीआई से कराई जा सके, क्योंकि बार काउंसिल ऑफ इंडिया कई कारणों से इस दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठा रही है।

इसी दौरान चीफ जस्टिस ने याचिकाकर्ता संजय दुबे से कहा कि समाज में पहले से ही ऐसे परजीवी मौजूद हैं, जो व्यवस्था पर लगातार हमला करते रहते हैं। क्या आप भी उन्हीं के साथ जुड़ना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि कुछ युवा रोजगार न मिलने और अपने पेशे में जगह न बना पाने के कारण कॉकरोच की तरह हर जगह फैल जाते हैं। उनमें से कुछ मीडिया में पहुंच जाते हैं, कुछ सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं, कुछ आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं, तो कुछ अन्य प्रकार के एक्टिविस्ट बनकर हर किसी पर हमला शुरू कर देते हैं। चीफ जस्टिस की इन टिप्पणियों को पढ़ने के बाद सवाल उठता है कि क्या हमारे सिस्टम में योग्य युवाओं की तुलना में अयोग्य लोगों को अधिक अवसर और लाभ नहीं मिल रहा? और इसी संदर्भ में यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि अभिजीत दीपके योग्य युवाओं के साथ खड़े हैं या उन अयोग्य कॉकरोचों के साथ, जिनकी ओर चीफ जस्टिस ने संकेत किया था?

**अरविंद केजरीवाल से जुड़ा एक उल्लेखनीय प्रसंग** – योग्यता और अयोग्य कॉकरोचों की इस चर्चा के बीच दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़ा एक प्रसंग भी उल्लेखनीय है। अभिजीत दीपके, केजरीवाल के आंदोलन से जुड़े रहे हैं और उनकी तुलना महात्मा गांधी से करते हैं।

---

## तकनीक और आराम की बढ़ती चाह के बीच खामोश होते रिश्ते और बदलता इंसान का चेहरा

**सुविधाओं की अंधी दौड़ में हम जरूरत और लालच के बीच की रेखा को मिटा रहे हैं। नदियों के सूखते किनारे, उजाड़ होते पहाड़ और दिनोंदिन जहरीली होती फिजा इंसानी लालच की कहानी चीख-चीख कर सुना रही है। आज आधी दुनिया प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध की आग में झुलस रही है, जिसका कुप्रभाव मनुष्यों के साथ ही प्रकृति पर भी पड़ रहा है। प्राकृतिक संसाधन राख के ढेर में बदलते जा रहे हैं। तकनीक और नैतिकता के संबंध को समझाने के लिए वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का एक प्रसिद्ध कथन है- 'हमारी तकनीकी प्रगति इतनी तेज हो चुकी है कि वह मानवता, संवेदनशीलता, नैतिकता और आपसी समझ से भी आगे निकल गई है।'**

**( अलका 'सोनी')**

आज सुविधाओं का युग है, जहां हर इंसानी जरूरत के लिए अभूतपूर्व सुविधाएं, तकनीक और विकल्प मौजूद हैं। जिनकी वजह से हमारा जीवन तेज, सरल और आरामदायक हो गया है। मगर हर सुविधा अपने साथ एक नैतिक प्रश्न भी लेकर आती है कि क्या हम इन सुविधाओं के उपयोग के लिए उतने ही जिम्मेदार हैं, जितना कि इन्हें पाने के लिए उत्साहित होते हैं? आज के परिप्रेक्ष्य में यह प्रश्न बेहद महत्त्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि यही द्वंद्व सुविधाओं के बरक्स हमें सोचने पर मजबूर करता है कि हम अपने लिए धरती से कितना ले रहे हैं! महात्मा गांधी ने कहा था, 'पृथ्वी हर मनुष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है, लेकिन हर मनुष्य के लालच के लिए नहीं।'

सुविधाओं की अंधी दौड़ में हम जरूरत और लालच के बीच की रेखा को मिटा रहे हैं। नदियों के सूखते किनारे, उजाड़ होते पहाड़ और दिनोंदिन जहरीली होती फिजा इंसानी लालच की कहानी चीख-चीख कर सुना रही है। आज आधी दुनिया प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध की आग में झुलस रही है, जिसका कुप्रभाव मनुष्यों के साथ ही प्रकृति पर भी पड़ रहा है। प्राकृतिक संसाधन राख के ढेर में बदलते जा रहे हैं। तकनीक और नैतिकता के संबंध को समझाने के लिए वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का एक प्रसिद्ध कथन है- 'हमारी तकनीकी प्रगति इतनी तेज हो चुकी है कि वह मानवता, संवेदनशीलता, नैतिकता और आपसी समझ से भी आगे निकल गई है।'

आज हम सोशल मीडिया के माध्यम से तुरंत संवाद कर सकते हैं, लेकिन यही सुविधा फर्जी खबरों, नाहक परेशान करने और 'साइबर बुलिंग' यानी इंटरनेट पर डराने-धमकाने या प्रताड़ित करने की घटनाओं को भी जन्म दे रही है। ऐसे कई मामले सामने आते हैं, जहां झूठी खबरों के कारण समाज में तनाव और हिंसा तक फैल जाती है। इन सारी घटनाओं से यही पता चलता है कि सुविधा के साथ विवेक और नैतिकता का होना कितना आवश्यक है।

व्यक्तिगत जीवन में भी सुविधाओं का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। उदाहरण के लिए ई-वाणिज्य की सुविधा ने हमारे जीवन को आसान बनाया है, लेकिन अनावश्यक खरीदारी और पैकेटों के कचरे ने पर्यावरण पर भारी दबाव भी डाला है। यहां सवाल उठता है कि क्या हम महज अपनी सुविधा के लिए प्रकृति का दोहन कर सही कर रहे हैं? आज इन सुविधाओं के आदि हो चुके लोग, अपने से कम संपन्न रिश्तेदारों के घर जाने से भी कतराते हैं। कारण वहां उन सुविधाओं का अभाव होना है, जिनकी उन्हें आदत पड़ चुकी होती है। पहले जहां परिवार के साथ बैठकर बातचीत होती थी, अब वही समय मोबाइल स्क्रीन के सामने बीतता है। इसकी वजह से पारिवारिक मूल्य भी बिखर रहे हैं। अगर हम इसी तरह सुविधाओं में डूबे रहेंगे और अपने संबंधों और जिम्मेदारियों को भूल जाएंगे, तो यह हमारे लक्ष्य से भटकने का ही संकेत है।

पर्यावरण के संदर्भ में सुविधाओं की कीमत तो और भी गंभीर है। वातानुकूलन यंत्र, कार और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों ने जीवन को आरामदायक बनाया है, लेकिन इनके कारण होने वाले प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। मगर इसका अर्थ यह नहीं है कि हमारे हाथों अब कुछ नहीं बचा। हर व्यक्ति अपनी छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाकर पर्यावरण की रक्षा में योगदान दे सकता है। जैसे प्लास्टिक का कम उपयोग, ऊर्जा की बचत और जिम्मेदार तरीके से उसका उपभोग कर बड़े परिवर्तन की शुरुआत तो कर ही सकते हैं।

सुविधाओं की असमानता भी एक बड़ा नैतिक मुद्दा है। एक ओर कुछ लोग अत्याधुनिक तकनीकों का आनंद ले रहे हैं, दूसरी ओर बहुत से लोग बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। भीमराव आंबेडकर ने कहा था, 'मनुष्य की महानता इस बात में नहीं है कि वह कितना धन अर्जित करता है, बल्कि इस बात में है कि वह समाज के लिए कितना योगदान देता है।' यह कथन हमें याद दिलाता है कि सुविधाओं का सही उपयोग तभी है, जब वह समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी हो, क्योंकि यह समाज में असंतोष को बढ़ावा देता है।

शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल सुविधाओं ने नई संभावनाएं खोली हैं, लेकिन डिजिटल विभाजन ने एक नई असमानता को जन्म भी दिया है। जैसा कि कोरोना महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षा ने यह स्पष्ट कर दिया कि जिन विद्यार्थियों के पास इंटरनेट और उपकरण नहीं थे, वे पीछे छूट गए। यहां नैतिक जिम्मेदारी सरकार के साथ-साथ हर जागरूक नागरिक की है कि वह इस अंतर को कम करने में योगदान दे।

सुविधाओं के प्रति अत्यधिक निर्भरता भी चिंता का विषय है। जब हम हर छोटे काम के लिए तकनीक पर निर्भर हो जाते हैं, तो हमारी आत्मनिर्भरता कमजोर हो जाती है। हमें अपनी क्षमताओं को जरूर विकसित करना चाहिए, लेकिन उन पर अपनी निर्भरता को नियंत्रित रखना चाहिए।

इसका अर्थ यह नहीं है कि सुविधाओं का त्याग कर देना चाहिए। बल्कि समाधान यह है कि हम सुविधाओं का उपयोग विवेक, संतुलन और जिम्मेदारी के साथ करें। हमें यह समझना होगा कि हर सुविधा के साथ एक नैतिक दायित्व भी जुड़ा होता है। अगर हम तकनीक का उपयोग समाज के हित में करें, पर्यावरण का ध्यान रखें और अपने संबंधों को प्राथमिकता दें, तो सुविधाएं हमारे जीवन को समृद्ध बना सकती हैं। सुविधाओं के बरक्स हमें यह सिखाता है कि सच्ची प्रगति केवल भौतिक उन्नति को पाने की अंधी दौड़ में नहीं, बल्कि नैतिक और मानवीय मूल्यों के संरक्षण में है। जब सुविधा और नैतिकता साथ-साथ चलें, तभी एक संतुलित और समृद्ध समाज का निर्माण संभव है।

# पंडित दीनदयाल के एकात्म मानववाद का विचार सदैव प्रेरणास्रोत : भाजपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कटिहार।** दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान जिला प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय सत्र की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय ने किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता प्रीति शेखर ने सैद्धांतिक अधिष्ठान एकात्म मानव दर्शन के विषय पर उपस्थित कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने संगठन की विचारधारा, राष्ट्रसेवा, अंत्योदय एवं कार्यकर्ता आधारित संगठन की मजबूती जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

पूर्व जिलाध्यक्ष सुशांत गोप ने अपने सत्र में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास की सोच को पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। पूर्व मंत्री हरि सहनी ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग ऐसे ही समर्पित कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त और संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। वही यूपी से राज्यसभा सांसद अमर पल मौर्य ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के जिला प्रशिक्षण वर्ग में देवतुल्य कार्यकर्ताओं के बीच संगठन-सरकार समन्वयह्व विषय पर अपने विचार साझा किया। उन्होंने कहा कि आज सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जिस प्रभावी रूप से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, उसका प्रमुख आधार हमारे देवतुल्य कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम एवं समर्पण है। एवं सत्र के अंतिम एवं समापन सत्र में पूर्व उपमुख्यमंत्री तरकिशोर प्रसाद ने प्रशिक्षण ले रहे कार्यकर्ताओं को अष्टम सत्र, "कार्यकर्ता विकास-गुण आचरण और अपेक्षाएं" के विषय पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को अपना उद्बोधन एवं मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण अभियान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित एवं जनहित के प्रति जागरूक, सक्रिय और समर्पित बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जिनके मार्गदर्शन में संगठन निरंतर जनसेवा के पथ पर अग्रसर है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनोज राय ने दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाए जाने पर आए हुए सभी अतिथि प्रशिक्षण ले रहे सभी प्रतिनिधि का तीनों जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंद अधिकारी, सौरभ कुमार मालाकार एवं संचालन समिति ,सभी व्यवस्था में लगे सभी कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## गंगा दशहरा से पहले काढ़ागोला घाट पर दिखी सेवा और स्वच्छता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** गंगा दशहरा पर्व को लेकर काढ़ागोला घाट पर गंगा समग्र के स्वयंसेवकों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को घाट परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर श्रद्धालुओं के लिए साफ-सुथरा एवं आकर्षक वातावरण बनाने का प्रयास किया गया। स्वयंसेवकों ने घाट की सफाई कर लोगों को गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। गंगा समग्र के जिला संयोजक नवीन चौधरी बाबाह्न ने बताया कि गंगा दशहरा माँ गंगा के धरती पर अवतरण का पावन दिवस है। इस अवसर पर हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु काढ़ागोला घाट पहुंचकर गंगा स्नान एवं पूजा-अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ घाट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि गंगा समग्र लगातार माँ गंगा की स्वच्छता और अविरलता को लेकर कार्य कर रहा है।

# दहेज की खातिर नवविवाहिता की लाठी-डंडे से पीट कर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)।** थाना क्षेत्र के जलकी पंचायत के रामपुर नयाटोली गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना विगत रात्रि की बताई जा रही है। मृतिका की पहचान पोर्ला गांव के जितेन सिंह की पुत्री मम्पी देवी (21) के रूप था।परिजनों के अनुसार दहेज की शेष राशि नहीं मिलने पर मम्पी देवी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और बाद में शव को फंदे से लटका दिया गया। ताकि मामले को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। घटना की सूचना मिलने पर जब मायके वाले पहुंचे तो शव संदिग्ध अवस्था में मिला। जिसके बाद उन्होंने हत्या की आशंका जताते



में हुई है। बताया जाता है कि मम्पी की शादी करीब छह माह पूर्व मिथुन कुमार सिंह के साथ हुई थी। मृतिका 6 माह का गर्भवती भी थी। घटना के बाद परिजनों में शोक तथा गांव के लोगों में आक्रोश का माहौल है।मृतिका के मायके पक्ष ने पति मिथुन कुमार सिंह एवं ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर दहेज के लिए हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि विवाह के समय 15 लाख रुपये दहेज के रूप में दिए गए थे। जबकि व्यवसाय के लिए अतिरिक्त 5 लाख रुपये की मांग लगातार की जा रही थी। मांग पूरी नहीं होने पर मम्पी देवी को प्रताड़ित किया जाता हुए न्याय की मांग की।घटना के बाद आरोपी पति एवं ससुराल पक्ष के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं।

सूचना मिलते ही आजमनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर एसआई सत्यम कुमार सिंह ने बताया कि घटना को लेकर सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### हफलागंज शिव मंदिर कमिटी की बैठक में कटरा निर्माण पर चर्चा

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हफलागंज शिव मंदिर चौक के शिव मंदिर परिसर के सौंदर्यकरण कार्य को आगे जारी रखते हुए मंदिर परिसर के सड़क किनारे की जमीन पर पक्की कटरा निर्माण किया जाएगा। इसको लेकर समिति सदस्यों की आवश्यक बैठक हुई और सर्वसम्मति से एक कमेटी के देखरेख में कटरा निर्माण को लेकर कार्य शुरू करने का निर्णय लिया गया। समिति के सचिव नरेश यादव ने बताया कि मंदिर परिसर के अतिक्रमण को खाली करने को लेकर भी प्रशासनिक सहयोग के लिए लिखित जानकारी दी जाएगी। कटरा निर्माण के लिए इंजीनियर से नक्शा एवं एस्टीमेट बनाकर कार्य करने का निर्णय लिया गया। कटरा निर्माण को लेकर दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा हैं।इस बैठक में सचिव नरेश यादव, अजय कुमार गुप्ता,सुरेश यादव, देवनंदन भगत,कुन्नू झा,अशोक भगत,पिंटू साह, दीपक पोद्दार, ज्योतिष कुमार, प्रशांत कुमार, बंटी कुमार आदि उपस्थित रहे ।

### हसनगंज पुलिस ने विदेशी शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**हसनगंज/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने शराब विरोधी अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष निक्की ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कालीगंज निवासी विजय मंडल पिता विष्णुदेव मंडल अपने घर के सामने आम बगीचे में विदेशी शराब की बिक्री करता है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा,लेकिन पुलिस बल के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान सड़क किनारे बांस की फट्टी से घेराबंदी किए गए स्थान से पत्तों के नीचे छिपाकर रखी गई विदेशी शराब को बरामद की गई। उस जगह पुलिस ने कुल 35,625 लीटर विदेशी शराब जब्त की है। गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मारवाड़ी युवा मंच की ओर से निःशुल्क पेयजल सेवा का शुभारंभ

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मारवाड़ी युवा मंच कटिहार शाखा की ओर से अमृतधारा निःशुल्क पेयजल सेवा का शुभारंभ किया गया। इस सेवा का शुभारंभ शाखा सचिव युवा मयंक पुरनमलका के निवास स्थान प्रियदर्शिनी कलेक्शन बड़ा बाजार से मंच सदस्यों द्वारा किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष दीपक अग्रवाल,शाखा कोषाध्यक्ष यश कुमार गोयल ,प्रांतीय संयुक्त मंत्री अमित सुरेका ,पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष राहुल मुरारका , प्रांतीय खेलकूद मंत्री यश चौधर ,मंच सदस्य सुरेश जैनजानी मंच सदस्यों ने मदद की।कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। युवा साथियों के सहयोग से हम आगे भी जनहित के कार्य करते रहेंगे एवं आने वाले कुछ दिनों में शाखा द्वारा और भी स्थानों में स्थायी एवं अस्थायी अमृतधारा लगाई जाएगी।

### जिला व्यवहार न्यायालय के नव नियुक्त लिपिकों को मिला दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण

**कटिहार कोर्ट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार न्यायिक अकादमी पटना के आदेश एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कटिहार के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय कटिहार के सैकड़ों नव नियुक्त अपर विभागीय लिपिकों हेतु स्थानीय विकास भवन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नोडल पदाधिकारी सह सिविल जज सीनियर डिवीजन चतुर्थ कटिहार कुलदीप श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय कटिहार के सेवानिवृत्त कर्मचारी ऋषिकेश झा,सदानंद झा एवं गौरी शंकर झा ने प्रशिक्षक के रूप में भाग लेकर नव नियुक्त कर्मियों को न्यायालयीन कार्य प्रणाली, अभिलेख संधारण, कार्यालय संचालन एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी।इस संबंध में नोडल पदाधिकारी सह सिविल जज सीनियर डिवीजन कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नव नियुक्त कर्मियों को न्यायालयीन कार्यों के प्रति दक्ष, अनुशासित एवं उत्तरदायी बनाना है, ताकि वे न्यायिक कार्यों का निष्पादन और अधिक प्रभावी एवं सुचारू रूप से कर सके। मौके पर वरीय पेशकार आशीष कुमार त्रिवेदी के अलावा रमन पाठक,राजेंद्र झा सहित सैकड़ों की संख्या में न्यायालय कर्मचारी आदि मौजूद रहे ।

### बकरीद को लेकर बकरा की हुई खरीददारी

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रविवार को मनसाही हाट में बकरीद को लेकर बकरा की जमकर खरीददारी हुई 10 हजार से लेकर एक लाख तक का बकरा हाट में बिका। इस मौके पर किसान एवं व्यापारी सुबह के छः बजे ही मनसाही हाट बकरा खस्सी को लेकर पहुंच गए थे तो खरीददार भी सुबह के साढ़े छः बजे के आसपास खरीददारी करने पहुंचे बकरा की कुबार्नी को लेकर मुस्लिम भाई अपने-अपने हिसाब से दस हजार से लेकर एक लाख तक के बकरा की खरीददारी किए । मालूम हो कि सीमांचल में मनसाही हाट सबसे बड़ा हाट हैं। इस हाट में प्रत्येक रविवार को गाय, बेल, भेस, बकरी, बकरा,घोड़ा,मुर्गा, बत्तख, कबूतर,राशन के विभिन्न प्रकार के समान,सब्जी,कपड़ा के दुकान,मीट मछली सहित विभिन्न प्रकार के समान यहां पर दूकानदार सहित किसान बेचने आते हैं।और ग्राहक भी जमकर खरीददारी करते हैं। इस मौके पर मनसाही हाट के प्रबंधक मोहम्मद नजिम ने बताया कि हर साल बकरीद के शुभ अवसर पर बकरा की बिक्री इस हाट में जमकर होती हैं,विगत 28 मई गुरुवार को बकरीद का त्यौहार हैं। इसलिए सीमांचल के लोग अंतिम रविवार को हाट होने के कारण सभी मुस्लिम भाई बकरा की खरीददारी करने के लिए हाट पहुंचे। जहां पर जमकर खरीददारी किए। मिनिमम बकरा दस हजार से बिक्री शुरू हुआ वहीं एक लाख से ऊपर तक में बकरा की बिक्री हुई। इस रविवार को सिर्फ एक करोड़ से ऊपर की बकरा की बिक्री हुई। उन्होंने कहा कि सभी मुस्लिम भाई बकरीद का त्यौहार में बकरा खस्सी का कुबार्नी दे। और शांतिपूर्वक एवं धूमधाम के साथ बकरीद का त्यौहार गुरुवार को मनाए।

# सिक्किम में लापता दो मजदूरों का शव 21 दिनों बाद बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** सिक्किम में लापता हुए बरारी क्षेत्र के दो मजदूरों का शव 21 दिनों बाद बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। सिक्किम पुलिस ने दोनों शवों को घटनास्थल से करीब 36 किलोमीटर दूर जंगल के पास पत्थरों के बीच से बरामद किया। शव मिलने के बाद पुलिस ने दोनों को पोस्टमार्टम के लिए सिक्किम जिला अस्पताल सिंगताम भेजा। जहां पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया।मृतकों की पहचान जयशंकर महतो और त्रिलोकी मेहता के रूप में हुई है। दोनों बरारी प्रखंड क्षेत्र के निवासी थे।और पिछले लगभग पांच वर्षों से सिक्किम में सड़क निर्माण कार्य करने वाली एक कंपनी में



मजदूरी का काम कर रहे थे।मृतक जयशंकर महतो के बड़े भाई नागेन्द्र महतो ने बताया कि 1 मई को मजदूर दिवस के दिन तीन साथी के साथ घूमने के लिए पहाड़ी इलाके में गए थे।इसी दौरान अचानक तेज बारिश शुरू हो गई।बारिश से बचने के लिए दोनों पुल के नीचे छिप गए थे इसके बाद से ही दोनों रहस्यमय तरीके से लापता हो गए। काफी खोजबीन और प्रयासों के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल पाया था।उन्होंने बताया कि घटना के 21 दिनों बाद सिक्किम पुलिस ने दोनों शवों को जंगल के पास पत्थरों पर फेंका हुआ बरामद किया।शवों की स्थिति देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।मृतक के भाई नागेन्द्र महतो का कहना है कि यह साधारण हादसा नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या का मामला प्रतीत होता है।उन्होंने आशंका जताई कि किसी असामाजिक या आतंकवादी तत्वों ने अपहरण कर दोनों की हत्या कर दी और बाद में शवों को जंगल में फेंक दिया।घटना की खबर मिलते ही मृतकों के गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।इधर सिक्किम पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है।

# लापरवाह पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध एसपी सख्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में आपराधिक कांडों के निष्पादन में शिथिलता और कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों पर गाज गिरनी शुरू हो गई है। पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्तव्य में कोताही बरतने वाले 16 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई प्रारंभ कर महकमे को स्पष्ट संदेश दिया है कि लापरवाही कदापि बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

बताते चले कि जिले के विभिन्न थानों में तैनात अनुसंधानकताओं द्वारा कांड निष्पादन में शिथिलता और घोर लापरवाही बरते जाने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक अब्दुल रहमान से पूरे मामले की गहन जांच करवाई। डीएसपी के जांच रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि होने पर त्वरित कारवाई करते हुए एसपी श्री चौधरी ने 16 दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू करने का आदेश जारी कर दिया है। जिन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की गई है, उनमें बलिया बेलौन थाना के गणेश कुमार,मनिहारी थाना के विकाश कुमार, बारसोई थाना के प्रवेज आलम, आजमनगर थाना की रूपम कुमारी, सहायक थाना के राम कुमार सिंह,बिनोद कुमार मंडल एवं खर्चो नट पोठिया थाना के धर्मेन्द्र कुमार व अमित कुमार, कुसेर्ला थाना के राजीव रंजन कुमार, पुलिस केन्द्र के दिवाकर सरकार, सुधानी थाना के सत्येन्द्र पासवान, सालमारी थाना के चन्द्रमौली प्रसाद, कदवा थाना के सफीउद्दीन अंसारी व छोटू कुमार और कोलासी कैम्प कोढ़ा थाना के विवेकानंद चौधरी शामिल हैं।

# मदरसा में दीनी शिक्षा के साथ अब आधुनिक व तकनीकी शिक्षा भी प्राप्त कर रही है बच्चियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** अब मदरसा में सिर्फ दीनी तालीम ही नहीं दी जाती है बल्कि बदलते दौर में अब हालात के अनुसार अब बच्चियां सिर्फ दीनी तालीम ही नहीं बल्कि आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा के अलावा विभिन्न प्रकार का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद वो आत्मनिर्भर भी बन रही है। ऐसा ही अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए अररिया शहर के बगल में सिसौना स्थित एक निजी मदरसा है, जहां बच्चियों को पूरी इस्लामिक माहौल में आधुनिक और तकनीकी शिक्षा के साथ साथ कम्प्यूटर और व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है । अररिया प्रखंड के सिसौना



गैयारी पंचायत स्थित बच्चियों के आवासीय मदरसा जामियतुल फलाह लिलबनात में हॉस्टल में रहकर कुरान और हदीस की तालीम हासिल कर रही है बल्कि वो आधुनिक शिक्षा ,तकनीकी शिक्षा ,कम्प्यूटर की शिक्षा प्राप्त कर रही है बल्कि अब तालीम हासिल करने वाली बच्चियां ब्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद भी बन रही है । मदरसा के नाजिम अलहाज मौलाना कारी साकिब नदीमुल मदनी ने बताया कि अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए चल रहे इस मदरसा में अभी 319 बच्चियां हॉस्टल में रहकर तालीम हासिल कर रही है । उन्होंने बताया कि यहां पर विभिन्न दर्जा , यथा हीफज, तजवीद वो करात, दरजा फारसी, अरबी सोम तक, वो नाजिराह, दिन्यात उलूम असरीया का मुकम्मल इंतजाम है। तत्काल 5 क्लास तक की शिक्षा दी जाती है और इनके इलावे दर्जी का कोर्स वो कंप्यूटर कोर्स बकरीद पर्व के बाद तुरंत शुरू किया जाएगा। मदरसा के सरपरस्त हाजी मो इसराइल साहब की निगरानी में चल रहे इस मदरसा की स्थापना 2012 में की गई थी । उन्हीं के प्रयास से आज ये मदरसा जिले का एक मिसाली मदरसा बन चुकी है ।

# बकरीद पर हाई अलर्ट, चप्पे-चप्पे पर पुलिस-मजिस्ट्रेट तैनात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को जोकीहाट थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा ने की। इसमें जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा ने कहा कि बकरीद आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का पर्व है। सभी लोग मिल-जुलकर शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं



तथा प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने साफ कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट, अफवाह या विवादित वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। संवेदनशील स्थलों सहित क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। लगातार गश्ती अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। वहीं अंचलाधिकारी नजमुल हसन ने कहा कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग लगातार की जा रही है और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में कुबार्नी के बाद निकलने वाले अवशिष्ट पदार्थ को खुले में नहीं फेंकने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा निर्धारित स्थानों पर ही निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। प्रशासन ने स्थानीय लोगों एवं वार्ड प्रतिनिधियों से अपने-अपने

# भगीरथ के तप से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं मोक्ष दायिनी मां गंगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाने वाला गंगा दशहरा सनातन धर्म का अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन राजा भगीरथ की कठोर तपस्या और अथक प्रयास से मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। इस पर्व को श्रद्धा,आस्था और पुण्य प्राप्ति का प्रतीक माना जाता है।

मान्यता है कि गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान, पूजन, दान एवं आरती करने से मनुष्य को दैहिक,दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति मिलती है। साथ ही पापों का नाश होकर मोक्ष की प्राप्ति होती है तथा पूर्वजों की आत्मा को सद्गति मिलती



है। धार्मिक कथाओं के अनुसार अयोध्या के राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ का घोड़ा इंद्र द्वारा कपिल मुनि के आश्रम के समीप बांध दिया गया। घोड़े की खोज करते हुए राजा सगर के साठ हजार पुत्र वहां पहुंचे और कपिल मुनि पर आरोप लगाने लगे। इससे क्रोधित होकर ऋषि के श्राप से सभी पुत्र भस्म हो गए। उनके उद्धार और आत्मा की शांति के लिए राजा भगीरथ ने वर्षों तक कठोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान ब्रह्मा ने मां गंगा को पृथ्वी पर जाने की अनुमति दी। गंगा के प्रचंड वेग को धारण करने के लिए भगवान शिव ने उन्हें अपनी जटाओं में समाहित किया और फिर पृथ्वी पर प्रवाहित किया। मां गंगा के पवित्र जल के स्पर्श से सगर पुत्रों को मुक्ति प्राप्त हुई।

गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा घाटों और मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। लोग गंगा स्नान कर पूजा-अर्चना, दीपदान और दान-पुण्य करते हैं। विभिन्न स्थानों पर भजन-कीर्तन, धार्मिक अनुष्ठान और गंगा आरती का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालु मां गंगा से सुख , शांति, समृद्धि और परिवार के कल्याण की कामना करते हैं।

# पर्यावरण और मानसिक प्रदूषण एक-दूसरे के पूरक संकट : आचार्य अवधूत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ कटिहार जिला से हजारों संख्या में आनंद मार्गी आनंद मार्ग प्रचारक संघ के हेड क्वार्टर पुरुलिया जिला के आनंद नगर में तीन दिवसीय धर्म महासम्मेलन का आयोजन में भाग ले रहे हैं। आनन्द पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित धर्म महासम्मेलन में ह्लरिनासां यूनिवर्सलह्व मंच से ह्लप्रदूषण और मानसिक स्वास्थ्यह्व विषय पर व्याख्यान देते हुए आनन्द मार्ग प्रचारक संघ के पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेवानन्द अवधूत ने कहा कि आज मानव सभ्यता दो परस्पर सम्बद्ध संकटों—पर्यावरण प्रदूषण और मानसिक प्रदूषण—का सामना कर रही है।



उन्होंने कहा कि प्रदूषण केवल वायु, जल, भूमि अथवा ध्वनि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के मन, भावनाओं और आध्यात्मिक जीवन को भी गहराई से प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि आनन्द मार्ग दर्शन प्रदूषण की अवधारणा को व्यापक रूप से देखता है। लोभ, भय, क्रोध, घृणा, संकीर्णता, भोगवाद और स्वार्थपरता मानसिक प्रदूषण के प्रमुख कारण हैं। ऐसी मानसिकता न केवल व्यक्ति के विवेक और नैतिकता को क्षीण करती है, बल्कि समाज और प्रकृति के संतुलन को भी नष्ट करती है। पुरोधा प्रमुख ने बताया कि आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान भी यह प्रमाणित कर रहे हैं कि वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण तथा तनावपूर्ण वातावरण चिंता, अवसाद, स्मरणशक्ति में कमी और भावनात्मक अस्थिरता को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि दूषित वायु मस्तिष्क की कार्यक्षमता को प्रभावित करती है। अत्यधिक शोर मानसिक अशांति एवं अनिद्रा को जन्म देता है, जबकि हिंसक एवं उत्तेजक दृश्य सामग्री मन की स्थिरता को नष्ट कर देती है।

उन्होंने सामाजिक प्रदूषण को भी गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, हिंसा, अन्याय, शोषण और नैतिक पतन समाज में भय, असुरक्षा तथा अविश्वास की भावना उत्पन्न करते हैं। कई बार सामाजिक प्रदूषण भौतिक प्रदूषण से भी अधिक हानिकारक सिद्ध होता है। आचार्य विश्वदेवानन्द अवधूत ने कहा कि बाह्य प्रदूषण का मूल कारण मानसिक प्रदूषण है। प्रकृति का अंधाधुंध दोहन, संसाधनों का अत्यधिक उपभोग तथा पर्यावरण विनाश मानव की लोभ-प्रधान मानसिकता का परिणाम है। उन्होंने श्री श्री आनन्दमूर्ति के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि केवल विज्ञान और तकनीक मानवता की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकते; इसके लिए नैतिकता और चेतना के विकास की आवश्यकता है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए उन्होंने नियमित ध्यान-साधना, यम-नियम आधारित नैतिक जीवन, सात्त्विक शाकाहारी आहार तथा निःस्वार्थ सेवा को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि साधना मन को संतुलित, एकाग्र और शांत बनाती है तथा व्यक्ति को तनावपूर्ण परिस्थितियों में भी मानसिक स्थिरता प्रदान करती है।

# देर शाम आई आंधी-तूफान ने मचाई तबाही

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार की देर शाम आये भीषण आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है। चक्रवाती हवाओं के तेज झोंकों ने क्षेत्र में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया था। लोग डर के मारे त्राहिमाम करते घर में दबाने को मजबूर रह।तूफान का सबसे ज्यादा असर बिजली व्यवस्था और यातायात पर पड़ा है ।जबकि मक्के की फसल के हालात बयां करने लायक नहीं रहा है।

तेज रफ्तार से चली हवा ने प्रखंड क्षेत्र के कारण विभिन्न हिस्सों में दर्जनों बिजली के पोल उखड़कर जमीन पर गिर गया तो कई जगहों पर हाईटेंशन तार हीं टूटकर गिर जाने से इलाके की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गयी । लोग उमस भरी गर्मी के बीच समय बिताने को मजबूर रहे।विभागीय कर्मियों की तत्परता के बाबजूद समाचार प्रेषण तक पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुलभ नहीं हो पाई है। तूफान की तीव्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि क्षेत्र के बौरा-डंडखोरा,बठैली- सोनैली सहित अन्य मुख्य मार्गो पर विशालकाय पेड़ों और उनकी टहनियां के टूटकर गिर जाने से यातायात बाधित हो रहा। रविवार को ग्रामीणों ने प्रशासन का इंतजार के बाद खुद ही मोर्चा संभाला और आपसी सहयोग से पेड़ों को हटाकर मुख्य मार्गो का यातायात दोबारा चालू करवाया।आम, लीची के फल से लदे पेड़ों की डालियों के टूटने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है।वहीं बहियार में अपने मकई के फसल की बबार्दी देखकर किसानों के ऑसू रुकने का नाम नहीं ले रहे।

## नानी के जन्मदिन का केक नहीं पहुंचा, उपभोक्ता आयोग ने बेकरी पर लगाया भारी जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने ऑनलाइन बेकरी कंपनी इंडिया केक्स प्राइवेट लिमिटेड को सेवा में कमी और अनुचित व्यापारिक व्यवहार का दोषी माना है। मामला एक ऐसे ऑर्डर से जुड़ा था, जिसे नानी के जन्मदिन जैसे खास मौके पर भेजा गया था, लेकिन केक कभी डिलीवर ही नहीं हुआ। आयोग ने अपने फैसले में कहा कि इस तरह के ऑर्डर केवल पैसों का लेनदेन नहीं होते, बल्कि उनसे लोगों की भावनाएं और खास अवसर जुड़े होते हैं। इसलिए ऐसी सेवाओं में विफलता का असर सामान्य मामलों की तुलना में कहीं अधिक होता है। आयोग ने बेकरी को आदेश दिया कि वह ग्राहक को केक की पूरी रकम ब्याज समेत



वापस करे। साथ ही कोर्ट केस में खर्च रकम अलग से देने का भी आदेश दिया।

### क्या है पूरा मामला

दिल्ली निवासी प्रियंका भारद्वाज और स्मिता कुमारी ने 9 फरवरी 2024 को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में अपनी नानी के लिए केक और फूल भेजने का ऑर्डर दिया था। यह ऑर्डर कंपनी की वेबसाइट के जरिए किया गया, जहां पूरे देश में मुफ्त उसी दिन डिलीवरी का दावा किया गया था। हालांकि भुगतान करने के तुरंत बाद कंपनी ने डिलीवरी के नाम पर अतिरिक्त 275 रुपये की मांग की। शिकायतकर्ताओं ने यह राशि भी जमा कर दी, लेकिन इसके बावजूद ऑर्डर तय पते तक नहीं पहुंचा।

आयोग ने लगाया भारी जुर्माना

आयोग ने कंपनी को आदेश दिया कि वह 1031 रुपये की पूरी राशि 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाए। इसके अलावा मानसिक पीड़ा और मुकदमेबाजी खर्च के लिए शिकायतकर्ताओं को 2000-2000 रुपये अलग से दिए जाएं। यह भुगतान 60 दिनों के भीतर करना होगा, अन्यथा ब्याज दर बढ़ाकर 8 प्रतिशत कर दी जाएगी। उपभोक्ता आयोग का यह फैसला सिर्फ एक केक की डिलीवरी का मामला नहीं है, बल्कि ई-कॉमर्स कंपनियों की जवाबदेही पर अहम टिप्पणी भी है। ऑडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर कंपनी के दावों को खारिज करना दिखाता है कि उपभोक्ता अगर साक्ष्य जुटाकर रखें तो डिजिटल कारोबारियों को भी जवाबदेह ठहराया जा सकता है।

### कंपनी ने पैसा लौटाने से किया मना

जब ग्राहकों ने रिफंड मांगा, तो कंपनी ने दावा किया कि डिलीवरी की कोशिश की गई थी, लेकिन रिसीवर ने सामान लेने से इनकार कर दिया। साथ ही कंपनी ने अपनी शर्तों का हवाला देते हुए पैसे लौटाने से भी मना कर दिया। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं ने कंपनी के कर्मचारियों के साथ हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग आयोग के सामने पेश की। इन रिकॉर्डिंग्स के आधार पर आयोग ने कंपनी


---

**भारत के साथ उन संबंधों को मजबूत करना जिन्हें दो कारणों से चोट पहुंची है**

# टैरिफ की चोट से बिगड़े रिश्तों को रफ्फू करने की कवायद, मार्को रूबियो के मन की बात समझ गए मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ व्यापार और ऊर्जा पर बातचीत की। ट्रंप के बेहद करीबी रूबियो की इस यात्रा का मकसद साफ है। भारत के साथ उन संबंधों को मजबूत करना जिन्हें दो कारणों से चोट पहुंची है। पहला, अमेरिका के टैरिफ। दूसरा, नई दिल्ली के प्रतिद्वंद्वियों पाकिस्तान और चीन के साथ उसका जुड़ाव। पश्चिम एशिया संकट के बीच रूबियो की रिश्तों को 'रफ्फू' करने की इस कवायद को पीएम मोदी भी समझते हैं। इस पूरे घटनाक्रम में अमेरिका अलग-थलग पड़ गया है। रूबियो ने यात्रा से पहले ही बातचीत के एजेंडे का संकेत दे दिया था। उन्होंने कहा था कि अमेरिका भारत को ऊर्जा बेचना चाहता है। पीएम के साथ मुलाकात के दौरान भी विदेश मंत्री ने अपनी बात जोर देकर रखी। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि अमेरिकी ऊर्जा उत्पादों में भारत की एनर्जी सप्लाई में विविधता लाने की क्षमता है।

रूबियो के कार्यालय ने बताया विदेश



मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका ईरान को ग्लोबल एनर्जी मार्केट को बंधक नहीं बनाने देगा। ईरान युद्ध के कारण पैदा हुए ऊर्जा संकट ने भारत को रूसी तेल से दूर करने के अमेरिकी प्रयासों को झटका दिया है।

**टैरिफ नीतियां भारत को ले गई दूर**

अमेरिकी राष्ट्रपति लंबे समय से ऐतिहासिक रूप से गुटनिरपेक्ष रहे भारत को अपने करीब लाने की कोशिश कर रहे हैं। मकसद है हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रूस और बढ़ते चीनी दबदबे का मुकाबला करना। पिछले साल जब ट्रंप ने भारत पर कुछ सबसे ऊंचे अमेरिकी टैरिफ लगाए थे, तब इन प्रयासों को झटका लगता दिखा था। उनमें से कई टैरिफ अंतरिम समझौते के तहत वापस ले लिए गए थे। लेकिन, दोनों देश अभी तक व्यापार पर एक व्यापक समझौते को अंतिम रूप नहीं दे पाए हैं।

पड़ोसी पाकिस्तान के और करीब आ गया है। इस्लामाबाद ईरान युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों में एक प्रमुख मध्यस्थ के रूप में उभरा है। यह अमेरिका-भारत संबंधों में नया तनाव का कारण बन गया है। भारतीय सरकार ने एक बयान में कहा कि वैसे तो मोदी ने शनिवार की बैठक में विशेष रूप से ईरान का जिक्र नहीं किया। लेकिन, उन्होंने शांति प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। बातचीत और कूटनीति के जरिये संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि रूबियो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से मोदी को निकट भविष्य में व्हाइट हाउस आने का निमंत्रण भी दिया।

### ट्रंप के नजरिये से भारत को टेंशन

'द एशिया ग्रुप' कंसल्टेंसी में कार्यरत और पहले विदेश विभाग में दक्षिण एशिया नीति विशेषज्ञ रहे बसंत संघेरा ने कहा कि भारत के लिए इस महीने बीजिंग की ट्रंप की यात्रा ने अमेरिका के साथ संबंधों को लेकर चिंताओं को और बढ़ा दिया है। संघेरा ने कहा कि ट्रंप के नजरिये ने भारत में अमेरिका को लेकर चिंता का बड़ा तूफान खड़ा कर दिया है। संबंध स्थिर हो गए हैं। दोनों पक्ष उन क्षेत्रों में रफ्तार लाने की कोशिश कर रहे हैं जहां सहमति है। बाइडेन प्रशासन ने भारत पर महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के तौर पर दांव लगाया था। 2023 की राजकीय यात्रा के दौरान मोदी का भव्य स्वागत किया था। ट्रंप ने भी अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही प्रधानमंत्री का व्हाइट हाउस में स्वागत किया था।

---

# पत्थर की तरह गिर रहा है भारतीय रुपया

## शेयर बाजार ने बढ़ाई टेंशन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रुपया पत्थर की तरह क्यों गिर रहा है साल 2025 की शुरुआत में डॉलर के मुकाबले विनिमय दर 85.8 रुपये थी, जो 2026 की शुरुआत तक गिरकर 90 रुपये हो गई और पिछले हफ्ते रिकॉर्ड निचले स्तर लगभग 97 रुपये तक पहुंच गई। रुपये में इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह यह है कि भारतीय शेयर बाजार अन्य उभरते बाजारों की तुलना में काफी महंगे यानी ओवरवैल्यूड हो गए हैं। इसी कारण वैश्विक निवेशक भारत से पैसा निकालकर दूसरे उभरते बाजारों और पश्चिमी देशों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर जा रहे हैं। पिछले 18 महीनों में भारतीय शेयर बाजारों से करीब 53 अरब डॉलर की निकासी हो चुकी है। विडंबना यह है कि बाजार की मजबूती ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को ऊंचे दाम पर बाहर निकलने का मौका दे रही है।

भारत का प्राइस-टू-अर्निंग अनुपात, यानी किसी शेयर की कीमत और प्रति शेयर मुनाफे का अनुपात, फिलहाल ट्रेलिंग आधार पर 22.5 और अगले वर्ष के अनुमान के हिसाब से 18.8 है। इसके मुकाबले उभरते बाजारों का औसत केवल 15-16 है। चीन का पी/इ 12-14, दक्षिण कोरिया का 10-12 और ब्राजील का 8-10 है। इसका मतलब यह है कि भारतीय बाजार उभरते बाजारों के औसत से 40-60 प्रतिशत, चीन से 70-90 प्रतिशत, कोरिया से 100 प्रतिशत से ज्यादा और ब्राजील से करीब 150 प्रतिशत प्रीमियम पर कारोबार कर रहे हैं।



भारत की विकास संभावनाएं निश्चित रूप से बेहतर हैं, लेकिन इसके बावजूद बाजार जरूरत से ज्यादा महंगे दिखाई देते हैं। यही कारण है कि वैश्विक पूंजी भारत छोड़ रही है। विदेशी निवेश की यह निकासी अब प्रत्यक्ष विदेशी निवेश तक भी फैल गई है। वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार सकल 81 अरब डॉलर था, लेकिन शुद्ध एफडीआई एक अरब डॉलर से भी कम रहा। आरबीआई के मई बुलेटिन के मुताबिक एफवाय26 में सकल एफडीआई बढ़कर 95 अरब डॉलर पहुंच गया, लेकिन शुद्ध प्रवाह केवल 7.7 अरब डॉलर रहा। एफडीआई के दो तरह के बहिर्वाह हो रहे हैं। पहला, भारतीय कंपनियों का विदेशों में निवेश करना, जिसे आउटवर्ड FDI कहा जाता है। यह सकारात्मक संकेत है कि भारतीय कंपनियां बहुराष्ट्रीय बन रही हैं। यह निवेश 2020-21 के 11 अरब डॉलर से बढ़कर 2026 में 33 अरब डॉलर हो गया है। लेकिन ज्यादा चिंता की बात विदेशी कंपनियों और निवेशकों द्वारा अपने निवेश को वापस ले जाना और हिस्सेदारी बेचकर पैसा निकालना है। यह रकम 27 अरब डॉलर से बढ़कर रिकॉर्ड 53 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। यह मुनाफे और रॉयल्टी की अलग से होने वाली निकासी के अतिरिक्त है।

### मिडिल क्लास ने संभाला बाजार

पहले इतनी बड़ी विदेशी निकासी से बाजार बुरी तरह टूट जाते। लेकिन अब भारत का मिडिल क्लास शेयर बाजारों में भारी निवेश कर रहा है। लोग सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिए हर महीने नियमित निवेश कर रहे हैं, चाहे बाजार ऊपर हो या नीचे। फंड मैनेजरों ने निवेशकों को यह भरोसा दिलाया है कि बाजार को समय देने की कोशिश करने के बजाय हर महीने तय रकम निवेश करना बेहतर रणनीति है। इसी का असर है कि निवेश लगातार बढ़ रहा है। 2025 की शुरुआत में जहां मासिक निवेश 20,000 करोड़ रुपये था, वहीं मार्च 2026 तक यह बढ़कर 32,087 करोड़ रुपये पहुंच गया।

---

# 9 साल का टूटा रिकॉर्ड, भारत में विदेशी कंपनियों की ताबड़तोड़ एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बाजार में विदेशी कंपनियों की एंट्री पिछले नौ सालों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। सिंगापुर, अमेरिका और ब्रिटेन इस मामले में सबसे आगे हैं। कुछ नए देश भी पहली बार इसमें शामिल हुए हैं। ईटी के विश्लेषण से इसका पता चलता है। उसने कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के डेटा का विश्लेषण किया है। डेटा के मुताबिक, भारत में काम करने वाली विदेशी कंपनियों की संख्या में हालिया उछाल मुख्य रूप से सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया और जर्मनी स्थित व्यवसायों से आया है। जापान के साथ मिलकर इन पांच देशों का वित्त वर्ष 2025-26 में भारत में कुल विदेशी कंपनी रजिस्ट्रेशन में आधे से ज्यादा हिस्सा रहा। इससे यह संख्या नौ साल के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। 13 नए रजिस्ट्रेशन के साथ सिंगापुर सबसे बड़ा कॉन्ट्रिब्यूटर रहा। वित्त वर्ष 2024-25 में यह संख्या सात थी। इसके बाद अमेरिका 10 रजिस्ट्रेशन के साथ दूसरे पायदान पर रहा। ब्रिटेन ने नौ रजिस्ट्रेशन के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। जर्मनी ने आठ रजिस्ट्रेशन के साथ ग्रोथ का नेतृत्व किया। वित्त वर्ष 2024-25 के एक रजिस्ट्रेशन से बढ़कर यह संख्या आठ हो गई। वहीं, दक्षिण कोरिया की संख्या चार से बढ़कर आठ हो गई। जापान की संख्या आठ से घटकर सात रह गई। पिछले वित्त वर्ष में भारत में विदेशी कंपनियों का रजिस्ट्रेशन बढ़कर नौ साल के सबसे ऊंचे स्तर 101 पर पहुंच गया। यह वित्त वर्ष 2024-25 के 57 रजिस्ट्रेशन से अधिक था। वित्त वर्ष 2016-17 में यह संख्या 103 थी। भारतीय कंपनी अधिनियम , 2013 के अनुसार, एक विदेशी कंपनी वह इकाई है जिसका निगमन विदेश में हुआ हो और जो भारत




में अपना व्यवसाय खुद या किसी एजेंट के जरिये ऑपरेट करती है। दक्षिण अफ्रीका, घाना और उज्बेकिस्तान ने वित्त वर्ष 2025-26 में पहली बार भारत में अपनी कंपनियों का रजिस्ट्रेशन कराया। सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और जापान भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के टॉप 10 स्रोतों में भी शामिल हैं। सामूहिक रूप से इन पांच देशों ने वित्त वर्ष 2025-26 (दिसंबर तक) में कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में 62.4 प्रतिशत का योगदान दिया।

### चीन का यह रहा नंबर

डेटा से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025-26 में चीन आठवें स्थान पर रहा, जहां से तीन रजिस्ट्रेशन हुए। जबकि पिछले तीन वर्षों में यह संख्या शून्य थी।

औसतन, वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2025-26 के बीच भारत में चीनी कंपनियों का रजिस्ट्रेशन घटकर सालाना दो रह गया। यह वित्त वर्ष 2018-20 की अवधि के दौरान सालाना नौ था।

हिस्सा कुल विदेशी रजिस्ट्रेशन में लगभग 90 प्रतिशत रहा। जबकि उद्योग का हिस्सा (जिसमें मैन्युफैक्चरिंग, माइनिंग और उत्खनन, बिजली, गैस और जल आपूर्ति शामिल हैं) 10 प्रतिशत रहा। सेवा क्षेत्र में व्यावसायिक सेवाएं, सामुदायिक, व्यक्तिगत और सामाजिक सेवाएं, रियल एस्टेट और किराया, व्यापार, परिवहन, भंडारण और संचार के साथ वित्त और बीमा शामिल हैं।

---

# भारत में अब अमेरिका से आ रहा अंधाधुंध पैसा, एफडीआई में मॉरीशस छूटा पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में अमेरिका दूसरा सबसे बड़ा सोर्स बनकर उभरा है। पिछले वित्त वर्ष (2025-26) के दौरान अमेरिका ने मॉरीशस को पीछे छोड़ दिया। कंपनियों द्वारा टैक्स-फ्रेंडली देशों (टैक्स हेवन) के रास्ते फंड रूट करने के बजाय सीधे भारत में निवेश करने के फैसले के चलते 2025-26 में अमेरिका से इक्विटी निवेश दोगुने से अधिक बढ़कर 11 अरब डॉलर के पार पहुंच गया। भारत में एफडीआई के मामले में सिंगापुर अभी भी पहले स्थान पर है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक वित्तीय सेवा क्षेत्र में बड़े निवेश के चलते जापान से आने वाले निवेश में भी भारी उछाल देखा गया। हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि अमेरिकी कंपनियों ने हाल के महीनों में करीब 60 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

### निवेश के पैटर्न में आया बदलाव




मॉरीशस के साथ टैक्स संधि में संशोधन के बाद से भारत में निवेश के लिए सिंगापुर सबसे पसंदीदा रूट बनकर उभरा है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान कुल इक्विटी प्रवाह में सिंगापुर की हिस्सेदारी करीब एक-तिहाई रही। निवेशक टैक्स हेवन देशों को पूरी तरह नजरअंदाज नहीं कर रहे हैं। केमैन आइलैंड्स से भारत में होने वाला निवेश 2024-25 के 371 मिलियन डॉलर से बढ़कर पिछले साल 2.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, अधिकारियों का मानना है कि ऐसा कुछ चुनिंदा बड़े निवेशों के कारण हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया, हम आत्मनिर्भरता बढ़ाने से जुड़ी चुनौतियों पर लगातार काम कर रहे हैं, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां हमारी सप्लाई चेन (आपूर्ति श्रृंखला) गंभीर रूप से कुछ खास भौगोलिक क्षेत्रों (देशों) पर निर्भर हैं।

---

# नाइट्रोजन उर्वरकों की आपूर्ति ठप होने के बाद इंसान के पेशाब की मांग, खाद संकट में किसानों ने तलाशे अनोखे विकल्प

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-अमेरिका तनाव के चलते वैश्विक स्तर पर पारंपरिक नाइट्रोजन उर्वरकों (खाद) की आपूर्ति ठप होने के बाद दुनिया भर के किसान फसलों को बचाने के लिए नए और अनोखे विकल्प तलाश रहे हैं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक रासायनिक खादों जैसे यूरिया की आसमान छूती कीमतों के बीच अब इंसानी पेशाब , मुर्गे की बीट और केंचुआ खाद जैसे प्राकृतिक और जैविक विकल्प अचानक भारी मांग में आ गए हैं। दुनिया भर में इस्तेमाल होने वाले कुल यूरिया (एक प्रमुख नाइट्रोजन उर्वरक) का लगभग एक-तिहाई हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। होर्मुज जलडमरूमध्य पर नाकेबंदी के चलते यूरिया की कीमतें कई सालों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। वहीं इस नाकेबंदी के कारण सप्लाई भी प्रभावित हुई है। ऐसे में किसानों ने दूसरे विकल्प तलाशने शुरू कर दिए हैं।

### कितनी पहुंची कीमत

मिस्र का यूरिया युद्ध शुरू होने के बाद से 90 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 940 डॉलर प्रति टन पर पहुंच गया है। विश्व बैंक का अनुमान है कि इस साल उर्वरक की कीमतों में करीब एक-तिहाई (30 प्रतिशत) की बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे खाद्य संकट गहराने का डर है। वहीं संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि इसके कारण 4.5 करोड़ अतिरिक्त लोग



गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर सकते हैं। कृत्रिम उर्वरकों ने एक सदी से वैश्विक खाद्य उत्पादन को संभाला हुआ है। ऐसा कोई सबूत नहीं है कि आप इन्हें पूरी तरह हटा दें और पैदावार भी उतनी ही बनी रहे। इस संकट का कोई जादुई इलाज नहीं है।

### जेम्स मिल्स, ब्रिटिश किसान

इस संकट ने उन जैविक उत्पादों (बायो फर्टिलाइजर्स) को एक बड़ा मौका दे दिया है, जिन्हें किसान अब तक रासायनिक खादों से कमजोर मानते थे। इससे कई स्टार्टअप को भी ग्रोथ के मौके मिल सकते हैं। फ्रांस के स्टार्टअप टूपी ऑर्गेनिक्स ने स्कूलों और त्योहारों से इंसानी पेशाब इकट्ठा कर उसे एक ऐसे बैक्टीरिया फीड में बदलना शुरू किया है जो पौधों को बढ़ने में मदद करता है। फरवरी के बाद से कंपनी की बिक्री में 25 प्रतिशत का उछाल आया है। कंपनी के प्रतिनिधि फ्रांस्वा जेरार्ड ने कहा कि युद्ध हमारे बिजनेस के लिए वरदान साबित हुआ है। कच्चे माल के रूप में पेशाब हर जगह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

### मुर्गे की बीट और केंचुए

मलेशिया की डेयरी कंपनी फार्म फ्रेश बीएचडी गाय-भैंसों के मलमूत्र को केंचुओं को खिलाती है, जिससे तैयार खाद घास को उपजाऊ बनाती है। अब वे इसमें मुर्गे की बीट भी मिला रहे हैं। ब्रिटेन के किसान जेम्स मिल्स बताते हैं कि अब मुर्गे की बीट बेचने वालों के पास खरीदारों की लंबी लाइन लगी है।

### सस्ते जैविक विकल्प

अमेरिकी कंपनी पिवट बायो ने अपने जैविक खादों के दाम 15 प्रतिशत तक घटा दिए हैं। इससे अमेरिकी किसानों को पारंपरिक खादों के मुकाबले 65 प्रतिशत तक की बचत हो रही है। पिवट बायो को बिल गेट्स का भी समर्थन प्राप्त है।

### सरकारें भी दे रहीं बढ़ावा

उर्वरकों की भारी किल्लत को देखते हुए यूरोपीय संघ ने इस सप्ताह एक नई फर्टिलाइजर स्ट्रेटेजी पेश की है। इसके तहत रासायनिक खादों के बजाय बायो-बेस्ड यानी जैव-आधारित उर्वरकों और बायोगैस से निकलने वाले कचरे के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा रहा है।

---

### दिग्गज का दावा- दो महीने से ज्यादा नहीं रहेगा पश्चिम एशिया संघर्ष का असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने शनिवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर दो महीने से ज्यादा नहीं रहेगा। उद्योगों के बड़े कैपिटल एक्सपेंडिचर के दम पर भारत की ग्रोथ स्टोरी जारी रहेगी। जिंदल इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) नागपुर के 10वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि बनकर पहुंचे थे। जिंदल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उद्योग लंबी अवधि की योजनाओं पर फोकस करते हैं। उन्होंने वित्त वर्ष 2026-27 में कैपिटल एक्सपेंडिचर को लेकर अपनी उम्मीदों और निवेश पर पश्चिम एशिया संघर्ष के असर के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब दिए। जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन ने संघर्ष को लेकर कही ये बातें सज्जन जिंदल ने कहा कि : पश्चिम एशिया का संघर्ष भारत की इंडस्ट्रियल ग्रोथ के लिए एक छोटा सा झटका है। हालांकि, हर कोई समझता है कि यह अस्थायी है। यह एक हफ्ते या एक महीने में, या अधिक-से-अधिक दो महीने में खत्म हो सकता है। जिंदल ने कहा कि उद्योग बहुत लंबी अवधि के लिए योजनाएं बनाते हैं, जो 20, 25 या 50 साल तक की हो सकती हैं। उन्होंने कहा, 'इसलिए, भारत की ग्रोथ का सफर जारी रहेगी। उद्योगों की ओर से भारी पूंजीगत खर्च किया जा रहा है। अब पूंजीगत खर्च की रफ्तार बढ़ रही है क्योंकि ज्यादातर कंपनियों के बहीखाते बहुत मजबूत हैं।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेशी मुद्रा बचाने के आह्वान में उद्योगों की भूमिका पर पूछे गए सवाल पर जिंदल ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' पहल ही विदेशी मुद्रा बचाने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उन प्रमुख पहलों में से एक हैं जिन्हें जेएसडब्ल्यू ग्रुप तेल आयात कम करने और ई-परिवहन की ओर बदलाव को प्रोत्साहित करने के प्रधानमंत्री के नजरिये के अनुरूप आगे बढ़ा रहा है।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कतरास।** थाना प्रांगण में बकरीद (ईद उल जोहा) पर्व के मद्देनजर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व मे कतरास थाना क्षेत्र के सभी 11 मस्जिदों के सदर, सेक्रेटरी एवं मुख्य इमाम के साथ बैठक की गई। उक्त बैठक में थाना क्षेत्र के सभी मस्जिदों के इमाम, सदर एवं सेक्रेटरी को बकरीद के अवसर पर बरतेजाने वाली सावधानियों एवं गाईडलाइन से अवगत कराया गया। दिए गए निदेशों/गाईडलाइन के अनुपालन के लिए सभी मस्जिद कमिटी के सदस्यों द्वारा अपनी सहमति दिया गया।

# शिशु-स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखण्ड ने मारी बाजी



- एक दशक में 27.8 प्रतिशत का सुधार
- एसआरएस-22024 का रिपोर्ट जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रजिस्ट्रार जनरल आफ इंडिया द्वारा जारी सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) -2024 की रिपोर्ट में शिशु स्वास्थ्य को लेकर अच्छा परिणाम आया है।

राज्य में पिछले वर्ष की तुलना में शिशु मृत्यु दर (आइएमआर) में कमी आई है जो बताता है कि शिशुओं के पोषण और स्वास्थ्य पर अच्छा काम हुआ है। हालांकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इसमें असमानता बरकरार है।

इसी 20 मई को जारी रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया कि झारखंड में शिशु मृत्यु दर पिछले सर्वे की तुलना में दो पायदान का सुधार हुआ है। राज्य में यह दर 29 से घटकर 27 हो गई है।

शिशु मृत्यु दर प्रति एक हजार जीवित जन्म पर एक वर्ष के भीतर होनेवाली मौत को दशार्ती है।

इस रिपोर्ट के नतीजे का एक पहलू यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिशु मृत्यु दर 31 से घटकर 29 ही हुई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह दर 21 से घटकर 18 हुई।

इस तरह, ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक शहरी क्षेत्रों में सुधार हुआ है। यह बताता है कि अभी भी केंद्र और राज्य सरकार द्वारा शिशु स्वास्थ्य व पोषण को लेकर संचालित योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने पर अधिक जोर लगाना होगा।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की दर में बड़ा अंतर भी है, जो चिंताजनक है। शिशु स्वास्थ्य में लैंगिक असमानता भी है। जैसे, मेल में यह दर 26 ही है जबकि फीमेल में 27 है।

राज्ग्राय के ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह दर मेल से अधिक फीमेल में है। शहरी क्षेत्रों में फीमेल शिशुओं की स्थिति काफी अच्छी है।

झारखंड में शिशु मृत्यु दर में सुधार की बात करें तो एक दशक में इसमें 27.8 प्रतिशत का सुधार हुआ है। वर्ष 2012-24 में राज्य में शिशु मृत्यु दर का अनुमान 37.4 प्रतिशत लगाया गया था।

यह दर अब घटकर 27 हो गई है। हालांकि पूरे देश में एक दशक में इस दर की गिरावट का प्रतिशत 37.4 प्रतिशत रहा। पूरे देश में इस अवधि में यह दर 40.6 से घटकर 25.4 हो गई है।

## 16वें उपायुक्त के रूप में मो जावेद हुसैन ने किया पदभार ग्रहण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2019 बैच के अधिकारी मो जावेद हुसैन ने खूंटी जिला के 16वें उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया से कार्यभार संभाला।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवनियुक्त उपायुक्त मो जावेद हुसैन ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को गति देते हुए उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि जिले की समग्र प्रगति सुनिश्चित की जा सके।

इस अवसर पर जिले के वरीय पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त उपायुक्त का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक में सलगा पहाड़ को पर्यटक स्थल बनाने का प्रस्ताव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** डीसी लोकेश मिश्रा व एसपी मुकेश कुमार की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने, पर्यटन स्थलों के समग्र विकास तथा पर्यटकों के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।

इस दौरान जिले के पर्यटन स्थलों को आकर्षक एवं सुविधायुक्त बनाने हेतु विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर बल दिया गया।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं परिषद के सदस्यों द्वारा जिले में पर्यटन क्षेत्र के विकास को लेकर अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए।

डीसी ने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं, जिन्हें योजनाबद्ध तरीके से विकसित कर स्थानीय रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा सकता है।

बैठक के दौरान पोड़ैयाहाट प्रखंड अंतर्गत पंचायत शकरी फुलवार स्थित सलगा पहाड़ को डी श्रेणर पर्यटक स्थल के रूप में अधिसूचित कराने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

इसके अतिरिक्त विभागीय निदेशानुसार जिले में 100 मड हाउस का निर्माण कराने, विभिन्न पर्यटक स्थलों पर कूड़ादान अधिष्ठापन करने तथा जिले के श्रेणी-सी व डी में अधिसूचित पर्यटन स्थलों पर पर्यटकीय विकास कार्य कराने हेतु प्राप्त प्राक्कलनों पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने पर भी चर्चा हुई।

बैठक में जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं विकास पर विशेष जोर दिया गया। इसके अंतर्गत पर्यटन स्थलों तक बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने, स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, पार्किंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया।

## 23 जून तक मानसून आने की संभावना

रांची। इस वर्ष सूर्य 25 मई को रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और आठ जून तक यहीं बने रहेंगे। इसके बाद मृग शिरा नक्षत्र शुरू हो जाता है। इस अवधि को ही नवतपा कहा जाता है।

यह समय कृषि कार्यों विशेष कर खरीफ फसलों की बोआई के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। पुराने लोगों का कहना है कि रोहिणी नक्षत्र कृषि और ज्योतिष दोनों के लिए उत्तम है।

रोहिणी नक्षत्र में धान का बिचड़ा डालने से फसल पुष्ट और निरोगी रहता है। महाकवि घाघ की पंक्तियों से अगर इसे समझा जाए तो उन्होंने कहाः- तीतर वरणी बादली, विधवा वरणी रेख। मतलब यह कि रोहिणी नक्षत्र के बाद सूर्य मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश करता है। मृगशिरा आठ से 23 जून तक है। इसमें तपन काल बंद हो कर आंधी का दौर शुरू होना चाहिए। मान्यता है कि मृगशिरा नक्षत्र में हर दिन तेज हवा व आधी चलनी चाहिए।

## बकरीद को ले प्रशासन चौकस, सोशल मीडिया पर रहेगी नजर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** ईद-उल-जुहा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को डीसी आफिस के सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त रवि आनंद ने की।इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, बिजली आपूर्ति, यातायात व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि बकरीद आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और शांति का पर्व है। सभी लोग मिल-जुलकर पर्व मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।

उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित करने और संवेदनशील इलाकों में आवश्यकतानुसार फ्लैग मार्च कराने का निर्देश दिया।साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ने विशेष सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि मांस, मछली एवं मुर्गा विक्रेताओं द्वारा अपशिष्ट सामग्री निर्धारित स्थलों पर ही फेंकी जाए। सार्वजनिक स्थानों, सड़कों और नालियों में अपशिष्ट फेंकने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि कई बार जानवर अपशिष्ट सामग्री को इधर-उधर ले जाते हैं, जिससे विवाद की स्थिति बन सकती है। ऐसे मामलों में प्रशासन पूरी सख्ती से कार्रवाई करेगा। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने कहा कि पर्व के दौरान जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा।फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम जैसे इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। भ्रामक, आपत्तिजनक या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

## 26 से कई ट्रेनें रहेंगी रद्द, कई के बदलेंगे फेरे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** आद्रा रेल मंडल में 26 से 31 मई के बीच रेल प्रशासन रोलिंग ब्लॉक लेकर रेल लाइन को दुरूस्त करने का कार्य करेगी।

इस वजह से दक्षिण पूर्व रेलवे ने 08 ट्रेनों का परिचालन विभिन्न तिथियों में रद करने की घोषणा कर दी है। इसके अलावे रेलवे ने 12 ट्रेनों को उनके गंतव्य से पहले ही शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन कर चलाएगी।26 और 27 मई को टाटानगर से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 18601 टाटानगर - हटिया एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग चांडिल, गुंडाबिहार, मुरी होते हुए हटिया तक चलाया जाएगा।रेलवे के इस फैसले का असर झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के हजारों यात्रियों पर पड़ेगा। रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे यात्रा करने से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति जरूर जांच लें।

25 और 29 मई को ट्रेन नंबर 68079/68080 भोजूडीह - चन्द्रपुरा मेमू - भोजूडीह मेमू का परिचालन रद रहेगी। 26, 29 और 31 मई को ट्रेन नंबर 68090/68089 आद्रा - मेदिनीपुर - आद्रा मेमू का परिचालन रद रहेगी। 28 और 31 मई को ट्रेन नंबर 68077/68078 आद्रा-भागा-आद्रा मेमू का परिचालन रद रहेगी। 25 और 28 मई को ट्रेन नंबर 68061/68062 आद्रा - आसनसोल - आद्रा मेमू का परिचालन रद रहेगी।

आसनसोल-टाटानगर-आसनसोल एमईएमयू ( 68055/68056 ) 27 और 30 मई को यह ट्रेन आद्रा स्टेशन तक चलेगी । टाटानगर - आसनसोल मेमू- बराभूम मेमू (68056/68060 ) 26 मई को यह ट्रेन आद्रा स्टेशन तक चलेगी। चक्रधरपुर - गोमो - चक्रधरपुर एक्सप्रेस (18116/18115 ) 31 मई को यह ट्रेन महुदा तक चलेगी। आसनसोल-पुरुलिया-आसनसोल एमईएमयू (63594/63593 ) 27 और 30 मई यह ट्रेन आद्रा तक चलेगी।

## निवर्तमान डीडीसी प्रेमलता मुर्मू से लिया विधिवत प्रभार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** आज रविवार को समाहरणालय परिसर स्थित उपविकास आयुक्त कार्यालय कक्ष में गोड्डा के नवपदस्थापित उपविकास आयुक्त विस्पुते श्रीकांत यशवंत ने निवर्तमान उपविकास आयुक्त प्रेमलता मुर्मू से विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के अवसर पर जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान नवपदस्थापित उपविकास आयुक्त श्री यशवंत का अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा स्वागत किया गया।

पदभार ग्रहण करने के उपरांत श्री यशवंत ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, जल संरक्षण, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य विकासात्मक योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन एवं आमजनों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने पर बल दिया।

इस अवसर पर निवर्तमान उपविकास आयुक्त प्रेमलता मुर्मू ने अपने कार्यकाल के दौरान जिला प्रशासन, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्राप्त सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने नवपदस्थापित उपविकास आयुक्त को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में जिला विकास कार्यों में नई गति प्राप्त करेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन एवं विकास योजनाओं की प्रगति को लेकर संक्षिप्त चर्चा भी की गई। पदभार ग्रहण कार्यक्रम शांतिपूर्ण, गरिमामय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## शो रुम पर परिवहन विभाग की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** जिला परिवहन पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने जगदंबा मोटर्स और टेकरीवाल मोटर्स शोरूम का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान परचेज इनवॉइस, स्टॉक रजिस्टर और फॉर्म-बी2 रजिस्टर की पड़ताल की गई।

निरीक्षण में जगदंबा मोटर्स शोरूम में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच के दौरान आवश्यक रजिस्टर नहीं मिले, वहीं बिना निबंधन के वाहन बिक्री किए जाने का मामला भी उजागर हुआ। इस पर जिला परिवहन विभाग ने कड़ी नाराजगी जताते हुए दोनों शोरूम संचालकों को सभी जरूरी दस्तावेज और रजिस्टर नियमित रूप से संधारित करने की सख्त चेतावनी दी।

जिला परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से वाहन शोरूम संचालकों में हड़कंप मच गया है। निरीक्षण के दौरान प्रधान लिपिक विपिन कुमार और कार्यालय कर्मी अभिषेक कुमार भी मौजूद थे।

## सिक्किम में लापता दो मजदूरों का शव 21 दिनों बाद बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी/कटिहार ।** सिक्किम में लापता हुए बरारी क्षेत्र के दो मजदूरों का शव 21 दिनों बाद बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। सिक्किम पुलिस ने दोनों शवों को घटनास्थल से करीब 36 किलोमीटर दूर जंगल के पास पत्थरों के बीच से बरामद किया। शव मिलने के बाद पुलिस ने दोनों को पोस्टमार्टम के लिए सिक्किम जिला अस्पताल सिंगताम भेजा। जहां पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया।मृतकों की पहचान जयशंकर महतो और त्रिलोकी मेहता के रूप में हुई है। दोनों बरारी प्रखंड क्षेत्र के निवासी थे।और पिछले लगभग पांच वर्षों से सिक्किम में सड़क निर्माण कार्य करने वाली एक कंपनी में मजदूरी का काम कर रहे थे।मृतक जयशंकर महतो के बड़े भाई नागेन्द्र महतो ने बताया कि 1 मई को मजदूर दिवस के दिन तीन साथी के साथ घूमने के लिए पहाड़ी इलाके में गए थे।इसी दौरान अचानक तेज बारिश शुरू हो गई।बारिश से बचने के लिए दोनों पुल के नीचे छिप गए थे इसके बाद से ही दोनों रहस्यमय तरीके से लापता हो गए। काफी खोजबीन और प्रयासों के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल पाया था।उन्होंने बताया कि घटना के 21 दिनों बाद सिक्किम पुलिस ने दोनों शवों को जंगल के पास पत्थरों पर फेंका हुआ बरामद किया।शवों की स्थिति देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।मृतक के भाई नागेन्द्र महतो का कहना है कि यह साधारण हादसा नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या का मामला प्रतीत होता है।उन्होंने आशंका जताई कि किसी असामाजिक या आतंकवादी तत्वों ने अपहरण कर दोनों की हत्या कर दी और बाद में शवों को जंगल में फेंक दिया।घटना की खबर मिलते ही मृतकों के गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आयोग के फैसले से सहारा निवेशकों को मिली राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने सहारा क्रेडिट को-आपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के मामले में फैसला सुनाते हुए निवेशकों को परिपक्व राशि भुगतान करने का निर्देश दिया है।

आयोग के अध्यक्ष जय प्रकाश नारायण पांडेय व सदस्य बेबी कुमारी ने यह दिया है। जरीडीह बाजार निवासी राज कुमार प्रसाद एवं उनकी पुत्री रजनी कुमारी ने गोल्डन ए डबल एंड ग्लोबल योजना में राशि निवेश की थी।

निवेश के एवज में में बांड और प्रमाणपत्र जारी किए गए थे। योजनाओं की अवधि पूरी होने के बाद भी निवेशकों को भुगतान नहीं किया गया।

परिवादियों ने आयोग में शिकायत दर्ज कर 34 लाख 27 हजार 982 रुपये की परिपक्वता राशि, 12 प्रतिशत ब्याज के साथ भुगतान का अनुरोध किया। एक लाख रुपये मुआवजा एवं 10 हजार रुपये वाद खर्च की मांग की थी।

विपक्षी पक्ष की ओर से कहा गया कि मामला मल्टी स्टेट को-आपरेटिव सोसाइटी एक्ट के तहत आता है तथा भुगतान केंद्रीय रजिस्ट्रार, सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाना है।

दूसरा मामला चीरा चास निवासी मोहम्मद अलीमुद्दीन व इनके पुत्र दानिश हसन ने किया था। सहारा ई शाइन योजना के तहत पचास हजार रुपये जमा किया था। इसी परिपक्त्ता राशि एक लाख 13 हजार और अलीमुद्दीन की पत्नी स्वर्गीय फहमिया बानो ने साठ हजार रुपये निवेश किया था।

समय पूरा होने पर भुगतान नहीं हुआ। इसमें भी राशि को भुगतान का आदेश आयोग ने दिया। आयोग ने सुनवाई के दौरान पाया कि निवेश, परिपक्वता अवधि तथा देय राशि संबंधी तथ्यों को विपक्षी पक्ष ने विवादित नहीं किया।

आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि उपभोक्ता आयोग को ऐसे मामलों की सुनवाई का अधिकार है तथा भुगतान नहीं करना सेवा में कमी है। आयोग ने आदेश दिया कि राज कुमार प्रसाद को 19 लाख 92 हजार रुपये तथा रजनी कुमारी को दो लाख 90 हजार 684 रुपये 31 दिसंबर 2026 तक केंद्रीय रजिस्ट्रार, सहकारी समितियों के माध्यम से भुगतान किया जाए। निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होने पर छह प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज भी देना होगा।

## ग्राहक सेवा केंद्र का शुभारंभ

**बरारी /कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र जीविका दीदी के अधिकार केंद्र के तहत ग्राहक सेवा केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी श्यामदेव नारायण जीविका के प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, प्रखंड परियोजना प्रबंधक अनुज पोद्दार सामाजिक विकास प्रबंधक रूपेश कुमार संचार प्रबंधक रूपेश तोमर प्रशिक्षण अधिकारी कुंदन कुमार शर्मा मिठु कुमारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में उज्जवल जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति की अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष के साथ एक सौ से अधिक जीविका दीदियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रखंड में उज्जवल जीविका महिला स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा संचालित दीदी के अधिकार केंद्रह्व की स्थापना की गई।केंद्र का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों सरकारी योजनाओं तथा घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं के समाधान में सहायता उपलब्ध कराना है।

## डेबिट व क्रेडिट कार्ड बंद होने के नाम पर ठगी करने वाले पांच धराये



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** जामताड़ा साइबर थाने की पुलिस ने छापेमारी के दौरान जीजा-साला समेत पांच साइबर अपराधियों को साइबर ठगी करते रंगेहाथों दबोचा है।

पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर के रहने वाले शातिर ने साइबर ठगी के लिए अपनी बहन के घर को ठिकाना बना रखा था। पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर विष्णु मंडल करमाटांड़ के मटटांड़ गांव का रहने वाला है, जबकि सचिन मंडल इसी थाना क्षेत्र के कासीटांड़ का रहने वाला है।

वहीं पुलिस की गिरफ्त में आया सागर नायक नारायणपुर थाना क्षेत्र के बांसपहाड़ी, किशोर दास लोकनियां और विश्वजीत दास अमरावती कैंप कालोनी दुगार्पुर टाउनशिप, पश्चित बंगाल के पश्चिम बर्दमान का रहने वाला है।

विश्वजीत दास नारायणपुर थाना क्षेत्र के लोकनियां में अपने जीजा के घर रहकर साइबर ठगी कर रहा था। इस बात की जानकारी रविवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जामताड़ा एसपी शंभू कुमार सिंह ने दी।

एसपी ने बताया कि विभागीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी के दौरान आरोपितों को नारायणपुर व करमाटांड़ थाना क्षेत्र के उनके गांवों से दबोचा गया।

एसपी ने बताया कि साइबर थाना प्रभारी राजेश कुमार मंडल की अगुवाई में छापेमारी के दौरान आरोपितों के पास से 15 मोबाइल, 14 फर्जी आईडी पर खरीदे गए सिम कार्ड, चार एटीएम कार्ड, दो महंगे लैपटाप व 50 हजार कैश बरामद हुए हैं। सभी आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उन्हें जेले भेज दिया गया है।

पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि ये शातिर कई बैंकों के खाताधारकों को उनके डेबिट व क्रेडिट कार्ड बंद होने और बकाया बिजली भुगतान करने के नाम पर झांसे में लेते थे।

जो भी व्यक्ति उनके झांसे में आ जाता था ये शातिर उनके बैंक डिटेल्स हासिल कर उन्हें ठगी का शिकार बना रहा था।

इनके पास से जब्त मोबाइल की जांच पुलिस विभाग की टेक्निकल सेल कर रही है ताकि इनके द्वारा अबतक कितने लोगों को ठगी शिकार बनाया जा चुका है इस बात का पता चल सके।

पुलिस की जांच में बता चला है कि सागर नायक के खिलाफ जामताड़ा साइबर थाने में इससे पहले भी ठगी का मामला दर्ज किया जा चुका है

# 100 मीटर स्प्रिंट में 10.09 सेकंड का समय निकाल तोड़ा रिकॉर्ड

**रांची, एजेंसी।** पंजाब के उभरते हुए धावक गुरिंदरवीर सिंह ने भारतीय एथलेटिक्स में नया इतिहास रच दिया है। रांची में आयोजित 2026 एथलेटिक्स फेडरेशन कप में गुरिंदरवीर ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतते हुए 10.09 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही वह 100 मीटर दौड़ में 10.10 सेकंड से कम समय निकालने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद पंजाब से लेकर पूरे देश में खुशी की लहर है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी और इसे पंजाब के लिए गर्व का क्षण बताया।

## मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दी बधाई

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्वीट करते हुए कहा, 'हमारे होनहार खिलाड़ी गुरिंदरवीर सिंह को रांची में फेडरेशन कप की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक बधाई। गुरिंदरवीर इतने कम समय में रेस पूरी करने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। पंजाब के बेटे ने लगातार दो दिनों में दूसरा राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर राज्य का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।'

## परिवार को बेटे पर गर्व

गुरिंदरवीर की मां रूपिंदर कौर ने बेटे की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा, 'हमें बहुत गर्व और खुशी महसूस हो रही है कि हमारे बेटे ने इतिहास रच दिया। रिश्तेदार लगातार फोन करके बधाई दे रहे हैं। बचपन से ही वह बहुत खुशमिजाज था। उसके कोचों ने भी काफी मेहनत की। उसके पिता का सपना था कि वह एथलीट बने। मैं युवाओं से कहना चाहती हूं कि माता-पिता की बात सुनें, पढ़ाई और खेल दोनों पर ध्यान दें और नशे से दूर रहें।' मैं खुद वॉलीबॉल खेलता था और चाहता था कि वह खिलाड़ी बने। खेल ही ऐसा मंच है जहां आप अपना नाम बनाते हैं और माता-पिता व कोच को गर्व महसूस कराते हैं।'

## कोच ने बताया मेहनत का सफर

गुरिंदरवीर के कोच सरबजीत सिंह ने कहा कि खिलाड़ी ने पिछले 10 वर्षों तक उनके साथ कड़ी मेहनत की। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। गुरिंदरवीर ने मेरे साथ 10 साल तक ट्रेनिंग की। जैसे ही उसने सेमीफाइनल में अनीमेष का रिकॉर्ड तोड़ा, उसका आत्मविश्वास और बढ़ गया। उसने ऐतिहासिक रेस दौड़कर पंजाब का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर दिया।'

## कॉमनवेल्थ गेम्स पर नजर


गुरिंदरवीर ने कहा कि अब उनका पूरा ध्यान ट्रेनिंग पर रहेगा और वह भविष्य में कॉमनवेल्थ गेम्स में शानदार प्रदर्शन करना चाहते हैं। उन्होंने साथी धावक अनीमेष कुजूर और मणिकांत का जिक्र करते हुए कहा कि मजबूत प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों को बेहतर बनने के लिए प्रेरित करती है।

## बधाइयों का लगा तांता



## मानसिक मजबूती बनी सफलता की कुंजी

गुरिंदरवीर सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, कोच और सपोर्ट स्टाफ को दिया। उन्होंने कहा, 'यह बहुत शानदार एहसास है। मैं आगे भी कड़ी ट्रेनिंग करके अच्छे नतीजे लाना चाहता हूं। आखिरी समय में खेल शारीरिक से ज्यादा मानसिक मजबूती का होता है। मैं खुद को मानसिक रूप से मजबूत रख पाया और इसी वजह से अच्छा प्रदर्शन कर सका।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं अपने परिवार, कोच, डाइटिशियन और रिलायंस फाउंडेशन को श्रेय देना चाहता हूं। सभी ने मुझ पर भरोसा किया और मुझे बेहतरीन सुविधाएं दीं।'



# राष्ट्रमंडल खेलों से पहले गुलवीर सिंह सुर्खियों में! तोड़ा 5000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**लॉस एंजिलिस।** भारत के स्टार लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए नया इतिहास रच दिया है। लॉस एंजेलिस में आयोजित एलए ट्रैक फेस्टिवल में गुलवीर ने पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतने के साथ अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। गुलवीर ने 13 मिनट 03.93 सेकेंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में इरीट्रिया के हबतोम सैमुअल ने 12:57.22 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय धावक ने अपने पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:11.82 को पीछे छोड़ दिया, जो उन्होंने सितंबर 2024 में जापान में बनाया था।

## भारतीय सेना ने दी बधाई

गुलवीर सिंह की इस उपलब्धि पर भारतीय सेना ने भी गर्व जताया। इंडियन आर्मी स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'भारतीय सेना के खिलाड़ी ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन किया है। नायब सूबेदार गुलवीर सिंह ने लॉस एंजेलिस ट्रैक फेस्ट में पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतते हुए 13:03.93 का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा और भारतीय लंबी दूरी की दौड़ को नई पहचान दी है।' पोस्ट में आगे कहा गया, 'गुलवीर अनुशासन, मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ भारतीय एथलेटिक्स को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं।

## भारतीय एथलेटिक्स के नए सितारे

गुलवीर सिंह फिलहाल अमेरिका के कोलोराडो स्प्रिंग्स में ट्रेनिंग कर रहे हैं। वह 3000 मीटर से लेकर 25 किलोमीटर रोड रेस तक कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। उनके नाम 3000 मीटर, 5000 मीटर और 10000 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज हैं। इसके अलावा वह 5000 मीटर और 10000 मीटर में मौजूदा एशियाई चैंपियन भी हैं। 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने 5000 और 10000 मीटर दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था।

## इस साल लगातार शानदार प्रदर्शन

यह 2026 में गुलवीर का चौथा बड़ा मुकाबला था। उन्होंने साल की शुरुआत जनवरी में वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप से की, जहां वह सीनियर पुरुष वर्ग में 40वें स्थान पर रहे। फरवरी में अमेरिका के विंस्टन-सेलम में आयोजित साउंड रनिंग इनवाइट में उन्होंने 5000 मीटर शॉर्ट ट्रैक में तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद मार्च में न्यूयॉर्क हाफ मैराथन में उन्होंने 59 मिनट 42 सेकेंड का समय निकालकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और एक घंटे से कम समय में हाफ मैराथन पूरी करने वाले पहले भारतीय बने। इससे पहले भारत का रिकॉर्ड अविनाश साबले के नाम था, जिन्होंने 2020 दिल्ली हाफ मैराथन में 1:00:30 का समय निकाला था।

# श्रेयस का तूफानः सरपंच साहब का शानदार शतक

**11** चौके **05** छक्के

## पंजाब की जीत के हीरो बने अय्यर, टी-20 में हासिल की उपलब्धि



**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ पर जीत के साथ पंजाब प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखने में कामयाब रही। शनिवार को खेले गए मुकाबले में पंजाब की जीत के हीरो कप्तान श्रेयस अय्यर और प्रभसिमरन सिंह रहे। दोनों के बीच हुई 140 रनों की शानदार साझेदारी ने विपक्षी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं और मैच जीत लिया। इस मुकाबले में तमाम रिकॉर्ड्स बने जिन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

सरपंच साहब के नाम से मशहूर श्रेयस अय्यर ने इस मुकाबले में तूफानी शतक जड़ा। उन्होंने महज 51 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का पहला सैकड़ा पूरा किया और टीम को जीत दिलाई। वह 11 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 101 रन बनाकर नाबाद रहे। श्रेयस अय्यर अब पंजाब किंग्स के लिए शतक लगाने वाले तीसरे कप्तान बन गए हैं। उनसे पहले यह कारनामा केवल केएल राहुल और एडम गिलक्रिस्ट ने किया था। दोनों ने आरसीबी के खिलाफ क्रमशः 2020 में 132* रन और 2011 में 106 रनों की दमदार पारियां खेली थीं।

### चेज में शतक लगाने वाले कप्तान

| कप्तान | स्कोर | विपक्षी टीम | साल |
|---|---|---|---|
| वीरेंद्र सहवाग | 119 रन | डेक्कन चार्जर्स | 2011 |
| विराट कोहली | 108* रन | राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स | 2016 |
| संजू सैमसन | 119 रन | पंजाब किंग्स | 2021 |
| श्रेयस अय्यर | 101* रन | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 2026 |

### टी20 में 7000 रन पूरे कर लिए

श्रेयस अय्यर ने टी20 क्रिकेट में एक और बड़ा मुकाम हासिल करते हुए अपने 7000 रन पूरे कर लिए हैं। पंजाब के लिए खेलते हुए 22/2 के मुश्किल स्कोर पर बल्लेबाजी करने उतरे अय्यर ने जिम्मेदारी भरी पारी खेली और प्रभसिमरन सिंह के साथ शतकीय साझेदारी कर टीम को मैच में बनाए रखा। खास बात यह रही कि अय्यर ने केवल 247 पारियों में 7000 टी20 रन पूरे किए, जिससे वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस सूची में उनसे आगे केवल केएल राहुल (197 पारी), विराट कोहली (212 पारी) और शिखर धवन (246 पारी) हैं। वहीं, अय्यर ने आक्रामक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने इस आंकड़े तक पहुंचने में 249 पारियां ली थीं।

### चेज में कप्तानों के शतक

श्रेयस अय्यर का यह शतक आईपीएल इतिहास के सबसे यादगार पलों में शुमार हो गया। रन चेज के दौरान शतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में श्रेयस अय्यर का भी नाम शामिल हो गया। वह ऐसा करने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। इससे पहले यह कारनामा वीरेंद्र सहवाग, विराट कोहली और संजू सैमसन ने किया।

### रिकॉर्ड साझेदारी की

इस मुकाबले में पंजाब की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। प्रियांश (0) और कूपर कोनोली (18) ज्यादा देर तक विकेट पर नहीं टिक सके। इसके बाद प्रभसिमरन का साथ देने श्रेयस अय्यर आए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 76 गेंदों में 140 रनों की साझेदारी हुई। यह किसी भी विकेट के लिए पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों द्वारा निभाई गई पांचवीं सबसे बड़ी साझेदारी है। पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को सात विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवित रखा है। शनिवार को इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने जोश इंग्लिस की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 196 रन बनाए।

# प्लेऑफ से पहले आरसीबी को लगा तगड़ा झटका इंग्लैंड का ये विस्फोटक बल्लेबाज पूरे टूर्नामेंट से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 के प्लेऑफ मुकाबलों से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को बड़ा झटका लगा है। टीम के युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। बेथेल अब इंग्लैंड लौटेंगे, जहां उनकी चोट का आगे इलाज और मेडिकल जांच की जाएगी। यह खबर ऐसे समय आई है जब आरसीबी को क्वालिफायर-1 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहम मुकाबला खेलना है।

पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में हुए थे चोटिल

जैकब बेथेल को यह चोट पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान लगी थी। फील्डिंग करते समय कैच पकड़ने की कोशिश में डाइव लगाते हुए उनकी बाएं हाथ की रिंग फिंगर चोटिल हो गई थी। इसी वजह से वह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के आखिरी लीग मैच में भी नहीं खेले थे।आरसीबी ने शनिवार को कहा, 'जैकब बेथेल को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान बाएं हाथ की रिंग फिंगर में चोट लगी। मेडिकल जांच के बाद वह आगे के मूल्यांकन के लिए इंग्लैंड लौटेंगे।'



### ईसीबी ने भी की पुष्टि


इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भी खिलाड़ी की वापसी की पुष्टि की है। बोर्ड के अनुसार, बेथेल की मेडिकल टीम लगातार निगरानी करेगी ताकि न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए उनकी उपलब्धता तय की जा सके।

### प्लेऑफ से पहले आरसीबी की बढ़ी चिंता

आरसीबी ने इस सीजन शानदार प्रदर्शन करते हुए अंक तालिका में टॉप स्थान हासिल किया था। हालांकि, प्लेऑफ से ठीक पहले बेथेल का बाहर होना टीम के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है। वहीं, टीम के लिए राहत की खबर यह है कि स्टार ओपनर फिल सॉल्ट की वापसी हो चुकी है।

# अर्जुन को खेलता देख क्यों भावुक हुए सचिन बोले- क्रिकेट धैर्य की भी परीक्षा लेता है

**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए डेब्यू करने वाले अर्जुन तेंदुलकर को उनके पिता और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने खास अंदाज में बधाई दी। पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में अर्जुन ने भले ही टीम को जीत नहीं दिलाई, लेकिन अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान जरूर खींचा। मैच के बाद सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट साझा करते हुए बेटे अर्जुन की तारीफ की। उनका यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है।





सचिन तेंदुलकर ने अपने पोस्ट में लिखा, 'शाबाश अर्जुन। मुझे इस पूरे सीजन में तुम्हारे रवैये पर गर्व है। तुमने अपनी क्षमता पर भरोसा बनाए रखा, धैर्य रखा, चुपचाप मेहनत की और आखिरी मैच तक मौका नहीं मिलने के बावजूद सकारात्मक बने रहे।' उन्होंने आगे कहा, 'क्रिकेट सिर्फ कौशल ही नहीं, बल्कि धैर्य की भी परीक्षा लेता है और आज तुमने दोनों को शानदार तरीके से संभाला। जमीन से जुड़े रहो और खेल से हमेशा प्यार करते रहो। हमेशा प्यार।' सचिन के इस संदेश को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है और क्रिकेट प्रशंसक इसे बेहद भावुक पोस्ट बता रहे हैं।आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी थी, जिसके बाद टीम ने अपने आखिरी लीग मुकाबले में अर्जुन तेंदुलकर को डेब्यू का मौका दिया।

# हैरी केन की हैट्रिक से बायर्न म्यूनिख ने जीता जर्मन कप, बुंदेसलीगा के बाद जीता दूसरा खिताब



**म्यूनिख, एजेंसी।** हैरी केन की शानदार हैट्रिक की बदौलत बायर्न म्यूनिख ने डीएफबी-पोकाल (जर्मन कप) फाइनल में स्टटगार्ट को 3-0 से हराकर घरेलू डबल अपने नाम कर लिया। बायर्न ने इस जीत के साथ अपना 21वां जर्मन कप खिताब जीता और 2020 के बाद पहली बार इस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इससे पहले टीम इस सीजन में बुंदेसलीगा का खिताब भी जीत चुकी है। बायर्न के इतिहास में यह 14वां मौका है जब क्लब ने एक ही सीजन में लीग और कप दोनों खिताब जीते हैं। वहीं स्टटगार्ट का सीजन बिना किसी ट्रॉफी के समाप्त हुआ।

### पहले हाफ में स्टटगार्ट ने दी कड़ी टक्कर

मैच की शुरुआत में स्टटगार्ट ने आक्रामक खेल दिखाया और बायर्न को दबाव में रखा। शुरुआती मिनटों में डेनीज उंडाव और एंजेलो स्टिलर ने गोल करने के मौके बनाए, लेकिन बायर्न के गोलकीपर जोनास उरबिग ने शानदार बचाव किया। मैनुअल नोयर की जगह खेल रहे उरबिग ने कई महत्वपूर्ण सेव किए। दूसरी ओर बायर्न की टीम लंबे समय तक गेंद अपने पास रखने के बावजूद लय में नजर नहीं आई। हैरी केन ने पहले हाफ में एक हेडर बाहर मारा, जबकि लुइस डियाज का शॉट स्टटगार्ट के गोलकीपर अलेक्जेंडर नुबेल ने रोक लिया।

### दूसरे हाफ में बदला मैच का रुख

मैच का टर्निंग पॉइंट 55वें मिनट में आया। माइकल ओलिसे पर फाउल के बाद बायर्न ने तेजी से खेल शुरू किया। ओलिसे ने दाहिने छोर से शानदार क्रॉस दिया, जिस पर हैरी केन ने हेडर के जरिए गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद स्टेडियम में आतिशबाजी और धुएं के कारण मैच कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। खेल दोबारा शुरू होने के बाद बायर्न ने पूरी तरह नियंत्रण बना लिया। 80वें मिनट में केन ने लुइस डियाज के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए दूसरा गोल किया। इसके बाद इंजरी टाइम में स्टिलर के हैंडबॉल के कारण मिले पेनाल्टी पर गोल कर उन्होंने अपनी हैट्रिक पूरी कर ली।

### जीत के बाद क्या बोले केन और कोम्पनी

मैच के बाद हैरी केन ने कहा, 'यह धैर्य बनाए रखने का मुकाबला था। पहला हाफ कठिन रहा, लेकिन हमने विपक्षी टीम को थका दिया। दूसरे हाफ में हमने शानदार प्रदर्शन किया और जीत के हकदार रहे। मुझे टीम पर बहुत गर्व है।' बायर्न के कोच विंसेंट कोम्पनी ने कहा, 'हमने मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेला। पहले हाफ में मुकाबला बराबरी का था, लेकिन दूसरे हाफ में हमने अपना स्तर ऊपर उठाया। यह लगभग परफेक्ट कप फाइनल था।' वहीं स्टटगार्ट के कोच सेबास्टियन होएनेस ने कहा, 'हार का दुख बहुत बड़ा है। 55 मिनट तक हमने वैसा ही खेल दिखाया जैसा जरूरी था। हम काफी करीब थे।'

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा के सारे इंजन पैसे लूटने में लगे हैं', आप नेता मनीष सिसोदिया का बीजेपी पर तीखा वार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला है। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें बीजेपी पर तंज कसा गया। मनीष सिसोदिया ने एक्स पर शेयर की गई पोस्ट में लिखा, बीजेपी ने दिल्ली का क्या हाल कर दिया है... सारे इंजन पैसे लूटने में लगे हैं। एक महीने से हजारों लोगों की जिंदगी बिना पानी के मुश्किल में है। औरतें नहाने के लिए अपने ऑफिस जाने को मजबूर हैं, बहुत शर्मनाक। उन्होंने आगे लिखा कि दिल्ली की जनता से वोट मांगने वाले प्रधानमंत्री ने जनता को एक भ्रष्ट और नाकाबिल सरकार के भरोसे छोड़ दिया है, और टॉफियां बांटने की रील बनाने में लगे हैं। वहीं, दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे देश में बढ़ती पेट्रोल-डीजल और सीएनजी की कीमतों को लेकर भी आप ने बीजेपी पर हमला बोला था।

### जेएनयू के हॉस्टल में जातिगत टिप्पणी के मामले में गहराया विवाद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में जेएनयू के ताप्ती में हुई मारपीट की घटना को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। जेएनयू छात्र संघ ने इस मामले की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। छात्र संघ के अनुसार, एक छात्र पर हमला किया जा रहा था, जिसे रोकने के प्रयास के दौरान ताप्ती के एक पदाधिकारी के साथ मारपीट की गई। इस दौरान पदाधिकारी पर जातिगत टिप्पणी किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। घटना में उन्हें चोटें आई हैं, जिससे परिसर में तनाव का माहौल है। छात्र संघ ने प्रशासन पर गंभीरता से कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। प्रशासन ने ठोस कदम उठाने के बजाय केवल गेट पर सीसीटीवी लगाने का सुझाव दिया।

### दिल्ली में कई विकास कार्यों का लोकार्पण, लोगों को मिलेगी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न



विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं निरीक्षण किया। मूनक नहर स्थित छठ घाट निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। शनिवार को मुख्यमंत्री ने मूनक नहर के निकट निर्माणाधीन छठ घाट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्थाओं से जुड़े स्थलों के विकास और आधुनिकीकरण के लिए भी प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग के एडी ब्लाक एवं एपी ब्लाक पीतमपुरा में नागरिक सुविधाओं से संबंधित अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण किया। एडी ब्लाक शालीमार बाग में सड़कों, नालियों और गलियों के निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इसके साथ ही पार्कों में वाकवे व बाउंड्री वाल निर्माण, डीडीए मार्केट में सार्वजनिक शौचालय, पार्किंग, सड़क एवं ड्रेनेज सिस्टम के विकास कार्यों का भी शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यों से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि जलभराव की समस्या में कमी आएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा के एपी ब्लाक में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इनमें बाउंड्री वाल निर्माण, सड़क एवं नाली निर्माण तथा बाजार क्षेत्र में आधारभूत ढांचे के विकास से जुड़े कार्य शामिल हैं।

# खत्म नहीं होगी दिल्ली वालों की मुश्किलें! अगले 5 दिनों तक चलेगी 'लू'; आईएमडी का येलो अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में पिछले कई दिनों तक अधिक गर्मी और लू चलने के बाद शनिवार सुबह धूल भरी आंधी चलने और कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बीते कल की तुलना में अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस से अधिक की कमी रही। कहीं भी लू की स्थिति नहीं रही। लेकिन, रविवार से फिर से तापमान बढ़ने के साथ ही लू चलने का पूर्वानुमान है। अगले पांच दिनों तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा। इसे लेकर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार व सोमवार के लिए ऑरेंज अलर्ट और उसके बाद तीन दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। शनिवार



तड़के धूल भरी आंधी और गरज के साथ कई स्थानों पर हल्की वर्षा हुई। पूसा रोड पर 81 किमी प्रति घंटे, पालम में 56 किमी प्रति घंटे और भारत मंडपम क्षेत्र में 35 किमी प्रति घंटे तक तेज हवा चली। धूल भरी आंधी के कारण पालम हवाई अड्डे पर भी दृश्यता में काफी कमी दर्ज की गई, जहां एक घंटे के भीतर दृश्यता 3,500 मीटर से घटकर 1,500 मीटर हो गई थी। नौ बजे के आसपास मौसम साफ होने के साथ ही आसमान में धूल खिल गई। पूरे दिन हल्की हवा चलती रही। आईएमडी के के आंकड़ों के अनुसार, रिज क्षेत्र में शुक्रवार रात 11:30 बजे से शनिवार सुबह ढाई बजे बजे के बीच 0.2 मिमी वर्षा हुई, जबकि पूसा में शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे से साढ़े आठ बजे के बीच 0.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। कई अन्य स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हुई।

मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार देर रात व शनिवार सुबह मौसम में बदलाव होने के कारण दिल्ली के अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम और अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस था जो शनिवार को कम होकर 28.4 डिग्री सेल्सियस हो गया। वहीं, अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो कि शुक्रवार को 43.3 था। रविवार से तापमान में वृद्धि होगी और यह 43 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकती है।

## सफदरजंग एन्क्लेव में 4 करोड़ की लागत से दूर होगी सीवर समस्या, आधुनिक तकनीक से होगा काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सफदरजंग एन्क्लेव में लंबे समय से बनी सीवर ओवरफ्लो की समस्या से लोगों को जल्द ही स्थायी राहत मिलेगी। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की ओर से मेन ट्रंक लाइन की सफाई का कार्य पूरा करने के लिए टेंडर जारी हो चुका है। तकरीबन चार करोड़ की लागत से सीवरेज की सफाई का काम मुंबई की एक कंपनी आधुनिक क्योर्ड इन प्लेस पाइप (सीआइपीपी) तकनीक से पूरा करेगी। इसे लेकर जल्द ही वर्क आर्डर पूरे होने के बाद बाद काम कर दिया जाएगा। इलाके में सीवर ओवरफ्लो और दूषित पानी की आपूर्ति की समस्या आए दिन रहती है। कई शिकायतों के बाद स्थानीय विधायक के नेतृत्व में डीजेबी अधिकारियों की टीम ने फरवरी में इलाके का निरीक्षण किया था। इस दौरान सामने आया था कि 1200 एमएम डायमीटर की मेन ट्रंक सीवर लाइन अफ्रीका एवेन्यू रोड और रिंग रोड के बीच भीकाजी कामा प्लेस के पास पूरी तरह चोक और कई जगहों से क्षतिग्रस्त है। इसकी वजह से सफदरजंग एन्क्लेव की अंदरूनी सीवर लाइनों पर सरचार्ज है। इसके बाद से ट्रेंचलेस तकनीक से सीवर की सफाई का काम कराने के प्रयास जारी थे।

इलाके में सीवर ओवरफ्लो और दूषित जलापूर्ति दोनों मामलों को कई बार प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके



बाद विधायक के निर्देशों पर जल बोर्ड ने राहत दिलाने के लिए कई उपाय किए हैं। अंदरूनी इलाकों में सीवर पाइपलाइन बदलने का काम चल रहा है। वहीं बी-3 ब्लाक में सीवर ओवरफ्लो की परेशानी ज्यादा थी, तो निदान के लिए सीवर को फिलहाल दूसरी ट्रंक लाइन में डायवर्ट किया गया है। सीआइपीपी तकनीक सीवर की मरम्मत करने की एक आधुनिक ट्रेंचलेस (बिना खुदाई वाली) तकनीक है। इसमें सड़कों या जमीन को खोदे बिना पानी के तेज दबाव (हाइड्रोजेटिंग) या मशीनों द्वारा पाइप के अंदर जमी गंदगी की सफाई की जाती है। साथ ही पुरानी व क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की पहचान कर इसी पाइप के अंदर एक नई और मजबूत पाइप बना दी जाती है। इस प्रक्रिया में पुरानी तकनीक के मुकाबले समय कम लगता है और यह लंबे समय तक टिकाऊ रहती है।

### अगले 15 दिन में काम शुरू होगा

अफ्रीका एवेन्यू रोड और रिंग रोड के बीच भीकाजी कामा प्लेस तक मेन ट्रंक लाइन चोक होने की वजह से सफदरजंग एन्क्लेव में लंबे समय से सीवर ओवरफ्लो की परेशानी है। मेन ट्रंक लाइन की सफाई के लिए टेंडर जारी हो चुका है। सीवर की गहराई 20 फीट से ज्यादा है, इसलिए यह काम बिना खुदाई वाली आधुनिक साआइपीपी तकनीक से पूरा किया जाएगा। जल्द ही इसके वर्क आर्डर पास होंगे और आने वाले 15 दिनों में समस्या से राहत मिल जाएगी।

### बीते डेढ़ साल में डीजीएचएस में छह बार बदला नेतृत्व, फिर भी नहीं सुधरी दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाएं; उठे सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था लगातार प्रशासनिक अस्थिरता और विवादों के घेरे में है। पिछले डेढ़ साल में स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशालय (डीजीएचएस) में छह बार नेतृत्व बदला, बावजूद इसके सरकारी अस्पतालों की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा। अब 350 करोड़ रुपये की खरीद की विजिलेंस जांच ने स्वास्थ्य विभाग को कटघरे में खड़ा कर दिया है। आरोप है कि पांच अस्पतालों के जरूरत से इन्कार करने के बावजूद दवाएं, एक्स-रे मशीन, सी-आर्म मशीन और एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन खरीदे गए तथा बाद में उन्हीं अस्पतालों में जबरन विशेष स्टोर बना डंप कर दिया गया। इंदिरा गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का नाम विजिलेंस जांच में इस मामले में प्रमुख रूप से सामने आया है। जनवरी 2025 में दिल्ली की स्वास्थ्य महानिनेशक (डीजीएचएस) डॉ. वंदना बग्गा के निलंबन के बाद स्वास्थ्य विभाग में लगातार बदलावों का दौर आरंभ हुआ। उनके निलंबन के बाद डा. राजेश कुमार को अतिरिक्त प्रभार दिया गया। करीब तीन माह बाद डा. रति मक्कर को जिम्मेदारी सौंपी गई, लेकिन उन्होंने कुछ समय बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ले ली। इसके बाद दोबारा डॉ. राजेश कुमार ने अंतरिम जिम्मेदारी संभाली। अगस्त 2025 में डा. वत्सला अग्रवाल को डीजीएचएस बनाया गया, लेकिन विजिलेंस जांच के बीच उन्हें 'अवेटिंग पोस्टिंग' में भेज दिया गया है। उनके हटने के बाद जग प्रवेश चंद्र अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डा. सुषमा जैन को डीजीएचएस का अंतरिम प्रभार सौंपा गया है। उनके बाद कौन अभी से इसे लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। विजिलेंस विभाग की टीम ने हाल ही में शकरपुर स्थित सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी (सीपीए) कार्यालय में छापेमारी कर कई महत्वपूर्ण फाइलें और खरीद रिकार्ड जब्त किए हैं। जांच का केंद्र पिछले छह महीनों में हुई करीब 350 करोड़ रुपये की खरीदारी थी। आरोप है कि अस्पतालों की वास्तविक जरूरत और उपलब्ध स्टाक को नजरअंदाज कर बड़े पैमाने पर मेडिकल उपकरण और दवाएं खरीदी। बताया जा रहा है कि कई अस्पतालों ने लिखित और मौखिक रूप से अतिरिक्त सामान लेने में असमर्थता जताई थी।

## 'कॉकरोच जनता पार्टी' की वेबसाइट भी बंद, अभिजीत दीपके के घर के बाहर पुलिस तैनात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीजेआई सूर्यकांत की युवाओं को लेकर टिप्पणी के बाद इंटरनेट पर तहलका मचाने वाली 'कॉकरोच जनता पार्टी' की आधिकारिक वेबसाइट को भी बंद कर दिया गया है। इसके एक्स हैंडल को भारत में पहले ही बैन कर दिया गया था। वहीं पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने दावा किया था कि उनके निजी इंस्टाग्राम को भी हैक कर लिया गया है। दीपके ने कहा कि पार्टी की वेबसाइट को बंद कर दिया गया है और यह तानाशाही है। उन्होंने कहा कि इस वेबसाइट के माध्यम से 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। वेबसाइट के माध्यम से 6 लाख लोगों ने धर्मेंद्र प्रधान के शिक्षा मंत्री होने परऐतराज जताया और उनका इस्तीफा मांगा था। उनका कहना है कि नीट पेपर लीक मामले में प्रधान फेल रहे हैं। दीपके ने एक एक्स पोस्ट में कहा, सरकार इतनी डरी हुई क्यों है? इस तरह का तानाशाही रवैया देश के युवाओं की आंखें खोल रहा है। अब हम एक नए होम पर काम करेंगे क्योंकि कॉकरोच कभी मरते नहीं हैं। बता दें कि शनिवार बीतते-बीतते इंस्टाग्राम पर सीजेपी के 2.2 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर हो गए। वहीं बीजेपी के इंस्टाग्राम पर 92 लाख ही फॉलोअर हैं। वहीं कांग्रेस के करीब 1 करोड़ 34 लाख फॉलोअर हैं। हाराष्ट्र में हिंगोली जिले के पुलिस उपायुक्त पंकज अतुलकर ने शनिवार को बताया कि 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके के घर के बाहर पुलिस तैनात कर दी गयी है। वह अभी भी अमेरिका में हैं, जहाँ वे पढ़ाई कर रहे हैं।

## फैक्ट्री के केमिकल टैंक में विस्फोट का खतरा, कैलिफोर्निया की ऑरेंज काउंटी में इमरजेंसी घोषित

**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक फैक्ट्री के केमिकल टैंक का तापमान लगातार बढ़ रहा है। जिससे टैंक के फटने का खतरा पैदा हो गया है। अगर ऐसा होता है तो इससे भारी तबाही आ सकती है। यही वजह है कि हालात को देखते हुए कैलिफोर्निया की सरकार ने इलाके में आपातकाल लागू कर दिया है।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने ऑरेंज काउंटी में इमरजेंसी घोषित कर दी है। दरअसल वहां गार्डन ग्रोव इलाके में एक एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री में मौजूद खतरनाक औद्योगिक केमिकल वाले टैंक खतरनाक स्तर पर गर्म हो गए हैं और उन्हें ठंडा करने के लिए इमरजेंसी टीमें लगातार काम कर रही हैं। अगर इन केमिकल टैंक को ठंडा नहीं किया गया तो इससे वहां बड़ा हादसा हो सकता है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूसम ने शनिवार को एक बयान में कहा, 'ऑरेंज काउंटी के लोगों की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।' उन्होंने कहा कि कैलिफोर्निया सरकार हर संभव संसाधन इस्तेमाल कर रही है, ताकि राहत टीमों और प्रभावित लोगों की मदद की जा सके। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर न्यूसम ने लिखा, 'मैं ऑरेंज काउंटी में स्टेट ऑफ इमरजेंसी घोषित कर रहा हूं क्योंकि कैलिफोर्निया गार्डन ग्रोव में हुए खतरनाक केमिकल हादसे से निपटने में जुटा हुआ है। राज्य की एजेंसियां स्थानीय अधिकारियों और प्रभावित समुदायों की मदद कर रही हैं, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कृपया इमरजेंसी अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते रहें।' इस इमरजेंसी आदेश के बाद राज्य सरकार अब ज्यादा संसाधन जुटा सकेगी और स्थानीय, राज्य और संघीय एजेंसियों के बीच तेजी से तालमेल हो पाएगा। यह संकट गार्डन ग्रोव स्थित जीकेएन एयरोस्पेस प्लांट में पैदा हुआ है, जहां मिथाइल मेथाक्रिलेट (एमएमए) नाम का केमिकल भरे एक टैंक का तापमान कई दिनों से अस्थिर बना हुआ है। एमएमए एक बेहद ज्वलनशील औद्योगिक केमिकल है, जिसका इस्तेमाल ऐक्रेलिक प्लास्टिक और एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग में होता है। स्थिति अब और गंभीर होती जा रही है क्योंकि खराब हुए टैंक के अंदर का तापमान लगातार बढ़ रहा है। एक दिन पहले जहां तापमान 77 डिग्री फारेनहाइट (25 डिग्री सेल्सियस) था, वहीं अब यह करीब 90 डिग्री फारेनहाइट (32.22 डिग्री सेल्सियस) तक पहुंच गया है। फायर अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर तापमान इसी तरह बढ़ता रहा तो दो बड़े खतरे हो सकते हैं या तो टैंक फट सकता है और जहरीले केमिकल बाहर लीक हो सकते हैं, या फिर जोरदार विस्फोट हो सकता है, जिससे आसपास रखे दूसरे केमिकल टैंक भी फटने का खतरा पैदा हो सकता है।

## क्वेटा में रेलवे ट्रैक के पास हुए धमाके में 24 लोगों की मौत, 50 से ज्यादा घायल

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को एक भीषण बम धमाके ने हड़कंप मचा दिया। क्वेटा में चमन फाटक रेलवे स्टेशन के पास सैन्य कर्मियों को ले जा रही ट्रेन को निशाना बनाकर किए गए इस शक्तिशाली विस्फोट में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, क्वेटा में चमन फाटक के पास से जब एक ट्रेन गुजर रही थी, तभी विस्फोटकों से लदी कार ने ट्रेन के एक डिब्बे को टक्कर मार दी। जिसके परिणामस्वरूप एक जोरदार धमाका हुआ। पीड़ितों में सेना के कई जवान भी शामिल थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह धमाका रेलवे ट्रैक के पास हुआ, जिससे ट्रेन को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसके प्रभाव से आसपास खड़ी कम से कम 10 गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए।

घटना स्थल के नजदीक स्थित इमारतों की खिड़कियां और कांच के पैनल भी पूरी तरह चकनाचूर हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मृतकों में सेना के जवान भी शामिल हैं।

धमाके के बाद क्वेटा के सभी सरकारी अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए



अतिरिक्त डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों को काम पर बुलाया गया है। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहा कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। विस्फोट के तुरंत बाद, एहतियाती उपाय के तौर पर पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस को क्वेटा रेलवे स्टेशन पर ही रोक दिया गया। प्रांतीय गृह मंत्री के प्रवक्ता बाबर यूसुफजई ने बताया कि धमाके के बाद सभी संबंधित सुरक्षा संस्थानों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे घटनास्थल के आसपास भीड़ न जमा करें ताकि बचाव दल और आपातकालीन सेवाएं बिना किसी बाधा के अपना काम जारी रख सकें। फिलहाल, सुरक्षा बल और राहत टीमें घटनास्थल पर पहुंच चुकी हैं और बचाव कार्य के साथ-साथ मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है।

## ट्रम्प कैबिनेट में बड़ा भूचाल: मतभेदों के बीच खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड की छुट्टी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन से एक और हाई-प्रोफाइल विदाई की खबर सामने आई है। देश की डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस तुलसी गबार्ड को अपने पद से हटना पड़ा है। वाशिंगटन के राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि नीतियों पर गहरे मतभेदों के चलते गबार्ड के लिए व्हाइट हाउस में डू नॉट इनवाइट (आमंत्रित न करें) जैसी स्थिति बन चुकी थी।

आधिकारिक तौर पर उनके हटने का कारण पारिवारिक बताया गया है, लेकिन इसके पीछे प्रशासन के भीतर चल रही गहरी खींचतान को मुख्य वजह माना जा रहा है। तुलसी गबार्ड शुरुआत से ही युद्ध-विरोधी और विदेशी मामलों में अमेरिकी दखलंदाजी के खिलाफ रही हैं। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी चुनाव के दौरान युद्ध न करने के वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद उनका प्रशासन ईरान, वेनेजुएला और रूस-यूक्रेन जैसे वैश्विक मोर्चों पर सीधे या परोक्ष रूप से शामिल हो गया।

गबार्ड और ट्रम्प प्रशासन के बीच की यह खाई पिछले साल जून में तब और चौड़ी हो गई जब गबार्ड ने एक वीडियो जारी कर अमेरिकी नीतियों की आलोचना करते हुए कहा था कि राजनीतिक अभिजात वर्ग जानबूझकर परमाणु




शक्तियों के बीच तनाव बढ़ा रहा है। इसके कुछ ही समय बाद अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला कर दिया था।

आधिकारिक पक्ष- गबार्ड के हटने के पीछे उनके पति अब्राहम विलियम्स को बोन कैंसर (हड्डी का कैंसर) होने की पारिवारिक वजह बताई गई है।

अंदरूनी रिपोर्टों के मुताबिक, गबार्ड पर पद छोड़ने के लिए काफी समय से दबाव बनाया जा रहा था, क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े उनके बयान ट्रम्प प्रशासन की लाइन से मेल नहीं खा रहे थे।

गबार्ड की पृष्ठभूमि पेशेवर खुफिया अधिकारी की नहीं थी, जिसके चलते उन्हें अमेरिकी खुफिया तंत्र के भीतर संस्थागत समर्थन नहीं मिल पाया। इसके अलावा, सीआईए के निदेशक जॉन रैटक्लिफ के साथ उनके रिश्ते काफी तनावपूर्ण रहे। गबार्ड का मानना था कि रैटक्लिफ उन्हें दरकिनार कर सीधे राष्ट्रपति से संपर्क कर रहे थे।

वाशिंगटन में खुफिया प्रमुख होने का पहला नियम यह है कि आपके पास राष्ट्रपति का भरोसा होना चाहिए। अगर आपके पास राष्ट्रपति का कान और उनका भरोसा नहीं है, तो आप इस पद पर प्रभावी नहीं रह सकते। -मार्क पॉलिमेरोपोलोस (पूर्व सीआईए अधिकारी)

प्रशासन के भीतर इस बात को लेकर भी आंतरिक शीतयुद्ध चल रहा था कि ट्रम्प की मौजूदा विदेश नीति अमेरिका फर्स्ट के बजाय इजरायल फर्स्ट की ओर झुक गई है। दक्षिणपंथी धड़े के टकर कार्लसन और स्टीव बैनन जैसे नेता भी ईरान के साथ बढ़ते तनाव से असहमत थे। गबार्ड इसी युद्ध-विरोधी गुट का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। स्थिति यह थी कि जब ट्रम्प की राष्ट्रीय सुरक्षा टीम मार-ए-लागो में वेनेजुएला सैन्य अभियान की समीक्षा कर रही थी।

### खालिस्तानी गतिविधियों ने सिख समुदाय की वैश्विक छवि को पहुंचाया नुकसान, रिपोर्ट में खुलासा

**ओटावा, एजेंसी।** खालिस्तानी गतिविधियों ने पिछले कुछ वर्षों में दुनिया भर में सिख समुदाय की अच्छी छवि को काफी नुकसान पहुंचाया है। एक नई रिपोर्ट में बताया गया कि, विदेशों में होने वाले हिंसक प्रदर्शनों, भारत विरोधी नारों और धार्मिक स्थलों के बाहर उग्र विरोध ने पूरी दुनिया में विवाद पैदा किया है। कट्टरपंथी तत्वों ने अलगाववादी अभियानों के जरिए माहौल खराब किया है। 'खालसा वॉक्स' की एक रिपोर्ट के अनुसार, हाल के वर्षों में कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं। इन देशों में खालिस्तान समर्थक समूह लोकतांत्रिक आजादी का बहाना बनाकर कट्टरपंथ और उग्रवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय दूतावासों के बाहर प्रदर्शन, राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान और मंदिरों के पास तनावपूर्ण गतिविधियों ने भारत की छवि के साथ-साथ सिखों की साख पर भी बुरा असर डाला है। सिख धर्म को हमेशा से मानवता की सेवा के लिए समर्पित और दुनिया के सबसे सम्मानित धर्मों में से एक माना गया है। खालिस्तानी समर्थकों और कट्टरपंथी तत्वों की बढ़ती हरकतों ने एक नकारात्मक माहौल बना दिया है। इससे पूरा सिख समुदाय शर्मिंदगी महसूस कर रहा है। सबसे चिंता की बात यह है कि दुनिया के बहुत से लोग सिख धर्म और खालिस्तानी विचारधारा के बीच अंतर नहीं कर पा रहे हैं।

# स्वदेशी जागरण मंच द्वारा विचार वर्ग का आयोजन

## राष्ट्र को स्वदेशी के मार्ग पर आगे बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य : अरुण कुमार ओझा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ बोकारो में आयोजित स्वदेशी जागरण मंच के जिला विचार वर्ग में देश, समाज और मानवता के भविष्य को लेकर गंभीर मंथन हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि भारत को परम वैभव तक पहुंचाने का मार्ग केवल स्वदेशी विचार, स्वावलंबन और प्रकृति आधारित विकास मॉडल से होकर गुजरता है। मुख्य वक्ता एवं स्वदेशी जागरण मंच के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक अरुण कुमार ओझा ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को आदर्श के रूप में देख रही है। ऐसे समय में राष्ट्र को स्वदेशी के मार्ग पर आगे बढ़ाना और विश्व मानवता के कल्याण का चिंतन करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि विचार वर्ग जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल चर्चा नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में ठोस दिशा तय करना और कार्यकताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाना है। राष्ट्रीय मेला प्रमुख सचिंद्र कुमार बरियार ने कहा कि संगठन की वास्तविक सफलता तब मानी जाएगी, जब अधिक से अधिक लोग स्वदेशी अभियान से जुड़ेंगे और ऊर्जा संरक्षण व आत्मनिर्भरता को जीवन का हिस्सा बनाएंगे। उन्होंने बताया कि मंच के कृषि प्रकोष्ठ के कार्यो से प्रभावित होकर वेदांता समूह ने इको पार्क निर्माण के लिए 40 एकड़ भूमि देने पर सहमति जताई है। वहीं झारखंड कृषि




प्रकोष्ठ प्रमुख अंजनी सिन्हा ने अमृत कृषि पद्धति की सफलता का उल्लेख करते हुए बताया कि इस तकनीक से बंजर जमीन को भी उपजाऊ बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रो स्टील वेदांता ने इस मॉडल से प्रभावित होकर 5 एकड़ से बढ़ाकर 101 एकड़ भूमि पर खेती शुरू कराई है। इस पद्धति से उपजे धान का मूल्य किसानों को इस बार 17 रुपये की जगह 40 रुपये प्रति किलो तक मिला, जिससे किसानों में उत्साह बढ़ा है। कार्यक्रम में अजय चौधरी, दीपक, अमरेंद्र कुमार सिंह, दिलीप वर्मा, प्रमोद कुमार सिंह, संजय कुमार, जयशंकर प्रसाद, ददन प्रसाद, विवेकानंद झा, शशांक शेखर, प्रेम प्रकाश, मनीष श्रीवास्तव, सुरेश सिंह, अवधेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# तीसरे प्रयास में पियूष को मिली सीए परीक्षा में सफलता, परिवार व समाज में खुशी की लहर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के को-ऑपरेटिव कॉलोनी निवासी पियूष राज गुप्ता ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षा में सफलता हासिल कर बोकारो जिले एवं रौनियार समाज का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और समाज के लोगों में खुशी की लहर है। सफलता की सूचना मिलते ही शुभचिंतकों का उनके आवास पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। लोगों ने मिठाई खिलाकर, गुलदस्ता भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर पियूष को सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जानकारी के अनुसार, इस वर्ष झारखंड से 74 अभ्यर्थियों ने सीए परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, जिनमें बोकारो के पियूष राज गुप्ता भी शामिल हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सह रौनियार समाज



के संरक्षक श्याम बाबू गुप्ता ने पियूष के आवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। पियूष की माता सुनीता गुप्ता ने बताया कि बेटे की सफलता के पीछे उसकी कड़ी मेहनत और परिवार का निरंतर सहयोग रहा है। वहीं पिता प्रेम कुमार ने बताया कि पियूष ने तीसरे प्रयास में सीए परीक्षा उत्तीर्ण की है। शुरूआती प्रयासों में सफलता नहीं मिलने के बावजूद परिवार ने उसका मनोबल बनाए रखा और कभी हार नहीं मानने दी। सम्मान समारोह में रौनियार समाज के उपाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, सचिव अनिल गुप्ता, राजीव गुप्ता, किशोरी मोहन गुप्ता, सूरज कुमार सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पेटरवार में गोमिया की पूर्व विधायक ने किया सुपर मार्ट का उद्घाटन

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल स्थित पेटरवार में गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी ने आरव सुपर मार्ट का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर आरव सुपर मार्ट के संचालक ने पूर्व विधायक बबिता देवी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, स्थानीय स्तर पर नए प्रतिष्ठानों की स्थापना रोजगार सृजन, व्यापारिक विकास एवं क्षेत्र की आर्थिक मजबूती का आधार बनती है। ऐसे सकारात्मक प्रयास समाज की प्रगति एवं आत्मनिर्भरता को नई दिशा



प्रदान करते हैं। उन्होंने आरव सुपर मार्ट के सफल संचालन, निरंतर प्रगति एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएं देकर प्रोत्साहित किया। वहीं इस मौके पर बब्ली जैन, अनूप कुमार, सत्यम कुमार, मनोज कुमार, प्रकाश महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### डीएसपी ने साइबर थाना का किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय बोकारो पवन कुमार ने आज साईबर थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में साईबर अपराध की रोकथाम हेतु जागरूकता, दर्ज साईबर कांडो का सही तरीके से अनुसंधान, पीड़ित लोगो का पैसे वापस कराने हेतु त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कांडो में अनुसन्धान पूर्ण कर समय पर चार्जशीट जमा करना, सभी विभागों/संस्थानों से समन्वय, अनुसंधान में तकनीक का पूर्ण उपयोग करने को कहा। डीएसपी ने पीड़ितों के साथ अच्छा



व्यवहार, ऑनलाइन कंप्लेन का लगातार मॉनिटरिंग, थाना का रख- रखाव को लेकर कई निर्देश देते हुए थाना में पदस्थापित सभी पुलिस अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि पीड़ित लोगों को न्याय अवश्य मिलना चाहिए। न्याय के रूप में या तो पैसा वापस होना चाहिए या अपराधी जेल में होना चाहिए।

### बकरीद को लेकर कतरास थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**कतरास/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बकरीद (ईद-उल-जोहा) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर कतरास थाना प्रांगण में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में कतरास थाना क्षेत्र की सभी 11 मस्जिदों के सदर, सेक्रेटरी एवं मुख्य इमाम शामिल हुए। इस दौरान थाना प्रभारी ने पर्व के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों



की जानकारी दी।बैठक में विशेष रूप से कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने, निर्धारित स्थानों पर ही धार्मिक गतिविधियां करने तथा आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई।सभी मस्जिद कमिटी के सदस्यों ने प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों एवं गाइडलाइन का पालन करने पर सहमति जताई और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

### धनबाद के बाघमारा में कांग्रेस का धरना, महंगाई और भूधसान को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बाघमारा प्रखंड मुख्यालय परिसर में कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के द्वारा महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया.धरने में उपस्थित पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा जमकर केंद्र सरकार पर बरसे और कोईलांचल में हो रहे भूधसान के मामले में केंद्र सरकार को जिम्मेदारी ठहराते हुए कहा कि इसमें माइनिंग ऑपरेशन होने के बाद उसे खाली जगह में बालू कि भराई होनी चाहिए थी की इसे पूरा नहीं करते हैं जिस कारण आज कोयलांचल में जहां-तहां भूधसान हो रही है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का समुचित लाभ आम लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है. क्षेत्र की जनता मूलभूत सुविधाओं, विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित है. साथ ही बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और अवैध खनन जैसे मुद्दों पर भी केंद्र सरकार को विफल बताया.बाघमारा विधानसभा प्रभारी अवध नारायण प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज को मजबूती से उठाती रही है और आगे भी जनहित के मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी. धरना कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने बाघमारा अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को विभिन्न जनसमस्याओं और मांगों से संबंधित विस्तृत ज्ञापन सौंपा.

# धनबाद में चलाया जा रहा फूड सेफ्टी ऑन व्हील अभियान, स्ट्रीट फूड की हो रही जांच

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद में खाद्य सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन अब सख्त नजर आ रहा है। उपायुक्त के निर्देश पर रविवार से दो दिवसीय विशेष जांच अभियान की शुरूआत की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ राजा कुमार के नेतृत्व में ह्लफूड सेफ्टी ऑन व्हीलह्व के जरिए जिलेभर में स्ट्रीट फूड विक्रेताओं, मिठाई दुकानों, होटल और रेस्टोरेंट के खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। मौके पर ही सैंपल की जांच कर गड़बड़ी मिलने पर खाद्य पदार्थ नष्ट करवाए गए और संबंधित दुकानदारों को चेतावनी दी गई। धनबाद के सरायढेला मार्केट से शुरू हुए इस अभियान में फूड सेफ्टी ऑन व्हील की टीम ने कई स्ट्रीट फूड दुकानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। रांची से आई मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब में मौजूद फूड एनालिस्ट द्वारा मौके पर ही जांच की गई। जांच के दौरान कई खाद्य पदार्थों में खामियां मिलने पर उन्हें तुरंत फिंकवा दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ राजा कुमार ने बताया कि हाल के दिनों में झारखंड में स्ट्रीट फूड खाने से कई लोगों और बच्चों के बीमार पड़ने की घटनाओं को देखते हुए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को चेतावनी देकर छोड़ा जा रहा है,



लेकिन दोबारा गड़बड़ी मिलने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं होटल और रेस्टोरेंट में जांच के दौरान अनियमितता मिलने पर ऑन द स्पॉट कार्रवाई की जाएगी। इधर मौके पर मौजूद ग्राहकों और दुकानदारों ने भी इस अभियान का स्वागत किया। लोगों ने कहा कि जांच सिर्फ छोटे स्ट्रीट फूड विक्रेताओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि बड़े होटल और रेस्टोरेंट में भी नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जाना चाहिए। फिलहाल जिला प्रशासन का यह अभियान अगले दो दिनों तक जारी रहेगा और जिलेभर के खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की जाएगी, ताकि लोगों को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री मिल सके।

# सीआईएसएफ ने सैकड़ों बोरा अवैध कोयला जब्त किया

**महुदा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीसीसीएल के भुरूंगिया कोलयरी स्थित एचबी सेक्शन के समीप एक मैदान में तस्करों द्वारा सैकड़ों बोरा में जमा कर रखे गए



अवैध कोयला रविवार को सीआईएसएफ की टीम ने जब्त कर लिया। जब्त किए गए कोयले को जेसीबी मशीन एवं हाइवा की मदद से उठाकर मुनीडीह भेज दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को बीसीसीएल के (तकनीकी निदेशक संजय कुमार सिंह भुरूंगिया कोलयरी क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उनकी नजर मैदान में बोरा में रखे अवैध कोयले पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने सीआईएसएफ अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए तत्काल अवैध कोयला हटाने एवं कार्रवाई करने को कहा था। निदेशक के निर्देश के बाद रविवार को सीआईएसएफ की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन व हाइवा मंगाकर अवैध कोयले को जब्त कर मुनीडीह ले गई। इस दौरान आसपास के दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष भी बोरा, खांची लेकर वहां पहुंच गए और सीआईएसएफ के सामने से कोयला उठाकर ले गए। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में कोयला तस्करों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। मौके पर महुदा थाना के एएसआई राजेन्द्र उरावं, बीसीसीएल के सुपरवाईजर दुखन महतो एवं सीआईएसएफ के अधिकारी गण मौजुद थे।

# धनबाद में प्रमुख चौक चौराहों पर नागरिकों के लिए की गई प्याऊ की व्यवस्था

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद में लगातार बढ़ती गर्मी और हीट वेव को देखते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने जिले के प्रमुख चौक चौराहों पर आम नागरिकों के लिए प्याऊ की व्यवस्था कराई है। उपायुक्त ने बताया कि धनबाद सहित समस्त झारखंड में बढ़ती गर्मी और हीट वेव को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार जिले के सिटी सेंटर, माधुरी पैलेस, बरवाअड्डा, बस स्टॉप, रांगाटांड सहित प्रमुख चौक चौराहों पर आम नागरिकों को पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्याऊ की व्यवस्था जिला प्रशासन ने की है। साथ-साथ प्रमुख सड़कों पर शेड की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए सभी अंचल अधिकारी तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी उनके क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों पर आम जनों के लिए प्याऊ की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। साथ ही सभी




सरकारी कार्यालयों को अपने कार्यालयों के बाहर एवं सार्वजनिक स्थलों पर आम जनों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा जहाँ कहीं भी जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है वहाँ तत्काल टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति, चापाकलों की मरम्मत एवं अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाएँ करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन यह भी सुनिश्चित करेगा कि जिले के किसी भी गाँव, टोला या मोहल्ले में पेयजल की कमी के कारण लोगों को परेशानी न हो। वहीं सार्वजनिक स्थलों पर जिला प्रशासन द्वारा की गई प्याऊ की व्यवस्था से रोजमर्रा के काम से बाहर निकलने वाले आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।

# स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा समाज के केंद्रीय समिति की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा समाज बोकारो के केंद्रीय समिति की बैठक स्वामी सहजानंद सरस्वती बी एंड कालेज सह स्वामी सहजानंद सरस्वती पब्लिक स्कूल सेक्टर 8 के प्रांगण में हुई, जिसकी अध्यक्षता सेवा समाज के अध्यक्ष डॉ टी पी सिंह और संचालन सुधीर कुमार सिंह ने किया। कोषाध्यक्ष स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा समाज एवं महासचिव उमाशंकर प्रसाद सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। बैठक में सेवा समाज के संगठन को मजबूती और विकास पर चर्चा की गयी ' चुनाव समिति का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष टी एन ठाकुर (अधिवक्ता), सदस्य प्रमोद सिंह (डायरेक्ट , एन पी. टीचर ट्रेनिंग कॉलेज) एवं राकेश कुमार राय होंगे ' अगले एक वर्ष में स्वामी साहजानंद सरस्वती पब्लिक स्कूल का सी बी एस ई से संबद्ध का लक्ष्य तथा बी एड कॉलेज में बी पी एड एवं बी एड कॉलेज का नया कोर्स आई टी ई पी



(4 वर्ष) का मान्यता का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही चुनाव समिति, सेवा समाज का चुनाव 21 अक्टूबर 2026 से पहले लेने का लक्ष्य रखा गया ' नई सदस्यता अभियान तीन महीने के अंदर पूरा करने का निर्णय लिया गया ' अगली बैठक 31/05/2026, दोपहर 3 बजे से इसी प्रांगण में होंगी, जिस में सभी क्षेत्रीय समिति सदस्य भी शामिल होंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से सुरेश राय, पांडव शर्मा, महेंद्र सिंह, दीपक मिश्रा, अनुरंजन शर्मा, डब्बू राय, टी. पी. राय, राम कृष्ण कुमार, काशी नाथ राय, डॉ. एन के सिंह, आर एन सिंह, अभिषेक कुमार राजा, डॉ. मुना, सतनारायण सिंह चौधरी, साथ ही एवं अन्य के साथ स्वामी सहजानंद सरस्वती बीएड कॉलेज और स्कूल के सभी कर्मचारी सहित सैकड़ो सदस्य उपस्थित थे।

# बिजली कटौती को लेकर विद्युत सब स्टेशन का किया घेराव

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया में 12 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। भीषण गर्मी और पानी की किल्लत से परेशान लोगों ने डिगवाडीह बिजली स्टेशन का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलने पर झरिया विधायक रागिनी सिंह भी मौके पर पहुंचीं और विभागीय अधिकारियों को जल्द बिजली बहाल करने का निर्देश दिया। विधायक ने झारखंड सरकार और विभागीय अधिकारियों पर गंभीर आरोप भी लगाए। झरिया क्षेत्र में लगातार 12 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोगों की परेशानी



बढ़ गई। भीषण गर्मी के बीच बिजली नहीं रहने से पेयजल संकट गहरा गया और लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों और स्थानीय निवासियों ने डिगवाडीह बिजली स्टेशन पहुंचकर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया और स्टेशन का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर झरिया विधायक रागिनी सिंह मौके पर पहुंचीं। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि आम जनता को घंटों बिजली संकट में छोड़ना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने व्यवस्था में सुधार करने और जल्द समाधान निकालने की बात कही।

# डालसा का दिव्यांग बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद के अध्यक्ष निकेश सिन्हा के आदेश पर सचिव श्री मयंक तुषार टोपनो के निर्देश पर 90 दिवस गहन विधिक जागरूकता अभियान के तहत आज जीवन संस्था मे दिव्यांग जन के बीच मानसिक स्वास्थ्य पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे डालसा से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवा और सहायता के बारे मे बताया गया साथ ही दिव्यांगजनों के उनके अधिकार, सामाजिक सुरक्षा,समान शिक्षा का अधिकार, और अन्य अधिकार के प्रति जागरूक किया गया ' साथ ही उनके लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजना, पेंशन, रेलवे पास, उपकरण, प्राप्ति की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया, इस शिविर में दिव्यांग जन



के लिए कल्याणकारी सरकारी योजना के बारे मे विस्तार से बताया गया , साथ ही लोगो को विधिक जागरूकता शिविर के तहत लोगो को डालसा से मिलने निःशुल्क विधिक सेवा, लोक अदालत,प्री लिटीगेशन, डायन प्रथा की रोकथाम,माध्यस्थता, निःशुल्क नालसा टोल फ्री न 15100 के बारे मे बताया गया की आप 24 घंटा निःशुल्क कानूनी परामर्श ले सकते है। इस शिविर मे संस्था के निदेशक श्री अनिल कुमार सिंह ने मानसिक बीमारियों और बौद्धिक अक्षमताओं से ग्रस्त लोगों कि कैसे पहचान हो उसके बारे में विस्तार से बताया। साथी डालसा के अधिकार मित्रो के द्वारा यह बताया गया की विशेष राष्ट्रव्यापी योजनाओं और समर्पित कानूनी सेवा इकाइयों के माध्यम से कानूनी जागरूकता और सहायता प्रदान करता है। ये कार्यक्रम सुनिश्चित करते हैं कि यह संवेदनशील आबादी अपने अधिकारों को समझे, मुफ्त कानूनी प्रतिनिधित्व प्राप्त करे और संस्थागत दुर्व्यवहार से सुरक्षित रहे, मरीजों, देखभाल करने वालों और आम जनता को उपलब्ध कानूनी सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करने के लिए स्थानीय समुदायों, आदिवासी क्षेत्रों और मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों में नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। आगे यह भी बताया गया मानसिक बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों को आय की परवाह किए बिना निःशुल्क कानूनी सेवाएं, अदालत में प्रतिनिधित्व और सलाह की स्पष्ट गारंटी दी जाती है। इस शिविर को अधिकार मित्र पूनम कुमारी, गीता, अनामिका, डिपेंटी गुप्ता, नविन, हेमराज चौहान और चन्दन कुमार ने उपस्थित होकर सफल बनाये। इस दौरान 10 दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रणाम पत्र बनाने के लिए आवेदन भी लिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK